3 राजधानी
बहरेपन की वजह बन सकती है तेज आवाज

6 अभिमत
भारतीय राजनय की भावनात्मक शक्ति

10 राष्ट्रीय
विपक्षी दलों को खत्म करने की साजिश नहीं चलेगी:ठाकरे

11 विदेश
शहबाज शरीफ आज लेंगे पीएम पद की शपथ

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 134
लखनऊ, सोमवार, 4 मार्च, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर



पंकज ने सीसीआई स्नूकर खिताब बरकरार रखा
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पीएम मोदी ने कहा, कभी अलविदा ना कहना

**दीपक कुमार झा/राजेश कुमार।** नई दिल्ली

## केंद्रीय कैबिनेट की अपनी अंतिम बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी



फोटो कैप्सन : वर्तमान केंद्रीय कैबिनेट की अंतिम बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व अन्य मंत्रीगण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अगुवाई में मौजूदा लोकसभा की मंत्रिपरिषद की रविवार को हुई आखिरी बैठक सत्र में 'विकसित भारत 2047' के विजन दस्तावेज पर विचार-मंथन किया गया। इसके साथ ही अगले कुछ महीनों में आम चुनाव के बाद सत्ता में लौटने का भरोसा जताते हुए मोदी और उनके मंत्रियों ने मई में नई सरकार के गठन के बाद पहले 'त्वरित कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम' के लिए 100-दिवसीय एजेंडे पर काम किया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मंत्रियों ने अगले पांच साल के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की।

यह बैठक भाजपा द्वारा 16 राज्यों की 195 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के एक दिन बाद हुई और सूची का अगला सेट अगले कुछ दिनों में आने वाला है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए, जो प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से अपने मंत्रिपरिषद के दृष्टिकोण को समझने की पहल के बाद बुलाई गई थी, जिसके आधार पर उन्हें वोट मिलने पर अगली टीम का गठन करना है। सरकारी अधिकारियों ने कहा, विकसित भारत का रोडमैप केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों की दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। इसमें सभी मंत्रालयों को शामिल करने वाला एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श और उनके विचारों, सुझावों और इनपुट को प्राप्त करने के लिए युवाओं को संगठित करना शामिल था। विभिन्न स्तरों पर 2700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित किए गए और 20 लाख से अधिक युवाओं के सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा, विकसित भारत के (शेष पेज 9)

## भाजपा बोली, नफरत की दुनिया छोड़ दो

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**भाजपा** नेतृत्व ने भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, दिल्ली से सांसद प्रवेश सिंह वर्मा और रमेश बिधूड़ी और झारखंड के हज़ारीबाग़ से जयंत सिन्हा जैसे विवादास्पद नामों को हटाने के साथ यह स्पष्ट कर दिया है कि नफरत भरे भाषणों के लिए कोई जगह नहीं है। जिसके कारण विपक्ष को हमलावर होने का मौका मिलता है और सत्तारूढ़ दल को अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है। भाजपा के इस कदम को 'छवि बदलाव' के कदम के रूप में देखा जा सकता है। मुंबई हमले में शहीद एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे और गोडसे पर अपनी टिप्पणियों के लिए प्रज्ञा ठाकुर को बर्खास्त किया गया, जबकि प्रवेश वर्मा और रमेश बिधूड़ी को सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले नफरत भरे भाषणों के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ये नेता संसद के अंदर और बाहर अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के कारण विवादों में रहे हैं। पहली सूची की घोषणा से कुछ घंटे पहले, सिन्हा ने यह अनुमान लगाते हुए लोकसभा चुनाव से किनारा कर लिया कि इस बार उन्हें टिकट नहीं मिल रहा। यह एक स्पष्ट संदेश है कि भाजपा पहले से कहीं अधिक 'छवि के प्रति सचेत' है क्योंकि इस बार उसको 31 राजनीतिक दलों के समूह इंडिया गठबंधन की सामना करना पड़ रहा है।

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

भोपाल में भाजपा ने प्रज्ञा ठाकुर की जगह आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान, प्रज्ञा को प्रसिद्धि मिली और उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह को 3,64,822 वोटों के प्रभावशाली अंतर से हरा दिया था। अपनी चुनावी सफलता के बावजूद, ठाकुर का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा है। प्रज्ञा, जो 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में आरोपी हैं। स्वास्थ्य कारणों से जमानत पर बाहर रहीं प्रज्ञा ने विवाद से दूर रहने के लिए कबड्डी खेलने और गरबा नाइट्स में भाग लेने जैसे सभी तरीके आजमाए। उन्होंने नाथूराम गोडसे को 'देशभक्त' कहा था, उनकी यह टिप्पणी भी भाजपा को रास नहीं आई। उनके आचरण की (शेष पेज 9)

# जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग जीवन भर जेल में सड़ेंगे जबकि उनके बाप-दादा की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। आदित्यनाथ ने यहां राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोनाटैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उन्होंने कहा, यही नहीं, उसके बाप-दादा की संपत्ति भी सरकार जब्त कर लेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन खुद दिए। इस अवसर पर



आदित्यनाथ ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ स्मार्ट शहर ही नहीं होंगे, बल्कि प्रदेश के युवा स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का आगाज़ कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। उनके मुताबिक, इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर सके। आदित्यनाथ ने कहा, कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने राजनीति को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** भाजपा की 2024 के लिए लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की सूची आने के साथ पार्टी में राजनीति से दूरी बनाने का सिलसिला भी जारी है। गौतम गंभीर और जयंत सिन्हा ने जहां सूची आने से पहले ही खुद को सक्रिय राजनीति से अलग करने का अनुरोध किया था, तो वहीं अब सूची जारी होने के बाद डॉ. हर्षवर्धन ने अपने तीन दशक से ज्यादा लंबे करियर के बाद खुद को सक्रिय राजनीति से सन्यास का ऐलान किया है। शनिवार को भाजपा ने ने जो टिकटों की घोषणा की थी उनमें डॉ. हर्षवर्धन का टिकट भी काट दिया था। अब उन्होंने एक्स पर एक पर राजनीति से दूरी बनाने के अपने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि कृष्णा नगर का मेरा क्लिनिक इंतजार कर रहा है। डॉ. वर्धन ने अपने समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के प्रति आभार जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने को अपना सौभाग्य बताया।

## आसनसोल से नहीं लड़ेंगे भोजपुरी अभिनेता पवन

नई दिल्ली । भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार घोषित करने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह किसी कारणवश आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। उन्होंने सोशल मंच एक्स पर कहा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करते हैं। पार्टी ने मेरे पर विश्वास करके मुझे आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश वह आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

# इंडिया गुट ने पटना से शुरू किया अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**विपक्षी दलों** के गठबंधन इंडिया ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में रोककर इस रैली में भाग लेने पहुंचे। इसके अलावा गठबंधन के कई शीर्ष नेता भी इस विशाल रैली में बिहार की राजधानी में जुटे। राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि जब जोशीले नौजवान मिल जाते, बड़े-बड़े सिंहासन हिल जाते हैं।

राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा से विराम लेकर मध्य प्रदेश से बिहार पहुंचे थे। उन्होंने पहले भाषण दिया और उसके बाद एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जन संपर्क कार्यक्रम के लिए वापसी की। सीपीआई (एम), सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के महासचिव क्रमश- सीताराम येचुरी, डी राजा और दीपांकर भट्टाचार्य जैसे वामपंथी नेता भी इंडिया ब्लॉक के नेताओं के रूप में मौजूद थे। रैली में भारी भीड़ उमड़ी, राजद के कई समर्थक शनिवार रात शहर पहुंचे और विभिन्न स्थानों पर तंबू में रात बिताई, जहां उन्हें भोजन भी परोसा गया। गांधी मैदान में सुबह से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू गया था और उनमें से ज्यादातर लोग शाम को रैली समाप्त होने तक डटे रहे।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने लगभग 15 मिनट लंबा संक्षिप्त भाषण दिया और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह केवल दो-तीन अति-अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। खड़गे ने लालू प्रसाद के छोटे पुत्र एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा, आपके चाचा (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार) ने एक बार फिर पाला बदल लिया है। वह दोबारा ऐसा कर सकते हैं। लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना। रैली के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री पर सबसे तीखा हमला उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद ने किया। उन्होंने भीड़ से आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने को। प्रसाद ने कहा, वह आपका मनोबल बढ़ाने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केंद्र की सत्ता से बाहर करने के लिए वोट करें। शिष रूप से, जद (यू) के प्रमुख कुमार ने वर्ष 2022 में राजद-कांग्रेस और वाम गठबंधन के साथ गठबंधन किया था, और भाजपा से नाता तोड़ लिया था, जिस पर उन्होंने अपनी ही पार्टी में विभाजन की कोशिश करने का (शेष पेज 9)

## मौसम के बदलते मिजाज की गिरफ्त में भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मार्च शुरू** हो गया है और देश के अधिकांश हिस्सों में सर्दी कम होने लगी है। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में पड़ रही ठंड का स्तर उतना कम नहीं हुआ। धूप में तपिश है लेकिन सुबह-शाम में सर्द हवाएं चल रही हैं। मौसम का मिजाज ऐसा है कि तेज धूप भी सभी को भा रही है। सर्दी बस उतनी कम हुई है कि धूप लेते स्वेटर नहीं पहन पा रहे हैं। इस बीच दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई शहरों में बारिश और ओलावृष्टि ने कई क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। भारतीय मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले कुछ दिनों में कई राज्यों में गरज के साथ बूंदाबांदी और हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। रविवार तड़के हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के एक गांव में हिमस्खलन हुआ, जिससे चिनाब का प्रवाह बाधित हो गया और आसपास के इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया।हिमाचल प्रदेश में पिछले दो। दिन से भारी बर्फबारी और बारिश के कारण आधा दर्जन से ज्यादा हिमस्खलन और भूस्खलन हुए हैं, जिसमें पांच राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 500 से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। अब तक किसी भी हिमस्खलन में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों समेत दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश तक लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी लोगों के लिए आफत बन गई है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की जान चली गई जबकि यहां कुछ हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। लाहौल और स्पीति में जसरत गांव के पास दारा झरने पर हिमस्खलन के बाद चिनाब नदी का प्रवाह बाधित हो गया। ऊंचाई पर स्थित इस जिले में पिछले 24 घंटों में भारी बर्फबारी हुई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश, (शेष पेज 9)

# हाथियों की कमी से प्रभावित हो रहा केरल में त्योहार का उल्लास

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**इस समय** केरल में पूरम का मौसम है। पूरम त्योहारों के उत्सव के लिए मलयालम शब्द है। इस त्योहार को मंदिरों (बड़े और छोटे) में उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह वर्ष का वह समय है जब प्रवासी मलयाली अपने गांवों में पूरम में भाग लेन के लिए अपने गृहनगर का दौरा करते हैं। इन पूरमों की दो जरूरी वस्तु होती है पहला सुसज्जित हाथी और दूसरा पंचवद्यम/थयंबका (ऐसे उपकरणों का एक मिश्रण) जो सौ से अधिक कलाकारों द्वारा बजाया जाता है। इस संगीत की सराहना में हाथी अपने कान और पूंछ हिलाते हैं।

भले ही पूरम का मौसम तेजी से बढ़ रहा है, वहीं पूरम प्रेमियों और पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के बीच हाथियों पर होने वाली क्रूरता को लेकर बहस जारी है। एक समय था जब अरट्टुपुझा और त्रिशूर में त्योहारों में अलग-अलग रंग और आकार की अलवत्तम में वेंचमारम छतरियों के साथ सैकड़ों हाथियों की रौनक दिखाई देती थी। लेकिन जैसे-जैसे पालतू जानवरों की संख्या कम हुई है, पूरम के लिए हाथियों को किराये पर लेना एक महंगा सौदा बन गया है। केरल में केवल 500 पालतू हाथी हैं क्योंकि पचीडरम के मालिकों को हाथियों को



पालना मुश्किल हो रहा है। केरल को और अधिक हाथियों की जरूरत है क्योंकि वन विभाग ने जंगलों से हाथियों को पकड़ना बंद कर दिया है। पलक्कडु में रहने वाले हाथी प्रेमी रमेशन जिनकी चाय की दुकान सैकड़ों हाथियों की तस्वीरों से भरी हुई है ने कहा कि हाथियों के बिना कोई मंदिर उत्सव नहीं हो सकता। रमेश ने कहा, यह सैकड़ों साल पुरानी परंपरा है।हेरिटेज एनिमइल टास्क फोर्स के अध्यक्ष वीके वेंकिटाचलम मंदिर उत्सवों में हाथियों को तैनात करने के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। इन हाथियों के साथ उनके महावतों और मालिकों द्वारा की गई क्रूरता ने इंसानों का सिर शर्म से झुका दिया है। हाथियों को सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक बिना किसी ब्रेक के खड़ा रखा जाता है और वह भी चिलचिलाती धूप में। वेंकिटाचलम ने कहा, ऐसा कोई सख्त नियम नहीं है कि मंदिर के उत्सवों में हाथी होने चाहिए। उन्होंने बताया कि तीन से चार हाथी उस समय मारे गए जब उन्हें शांत किया जा रहा था और उन्होंने मामले की जांच की मांग की।

पूरम में एक हाथी को घुमाने का दैनिक किराया 1,00,000 रुपये से 1,50,000 रुपये तक होता है। यह परिवहन शुल्क के अतिरिक्त है क्योंकि नियम हैं कि हाथी को उसके निवास स्थान से मंदिर तक और वापस ट्रक में ले जाया जाना चाहिए। रमेश ने कहा, यह सच है कि राज्य में हाथियों की भारी कमी है। हाथी पालन को एक व्यवहार्य व्यवसाय बनाने के लिए कानूनों में संशोधन किया जाना चाहिए। सीपीआर पर्यावरण शिक्षा केंद्र, चेन्नई की प्रसिद्ध पारिस्थितिकी विज्ञानी और पशु अधिकार कार्यकर्ता (शेष पेज 9)

# 24 घंटे में दें क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा

## ● ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपाई करेगी योगी सरकार ●सीएम ने अधिकारियों को लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 2 मार्च तक 50 जिलों के सात हजार से अधिक किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नकुसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग से भी दिया जाएगा। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने की अपील की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति का मुआवजा किसानों को देने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जल्द से जल्द विभाग के पोर्टल पर सर्वे रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिये हैं। वहीं 2 मार्च तक प्रदेश के 50 जिलों के अन्नदाताओं ने खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। राहत विभाग के पोर्टल के अनुसार 50 जिलों के 7020 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। इसके सापेक्ष 2681 आवेदनों का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि 4339 आवेदनों को सर्वेक्षण युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। वहीं बता दें कि खराब मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के आवेदनों में अभी और इजाफा हो सकता है।

प्रदेश में हमीरपुर के सबसे ज्यादा 1256 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। जालौन के 997, मीरजापुर के 969, ललितपुर के 812, झांसी के 650 और बांदा के 580 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है जबकि आधा दर्जन जिलों के 100 से अधिक अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए आवेदन किया है। मालूम हो कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है। राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 3 घंटे में अमेठी, अयोध्या, बहराइच, बाराबंकी, गोंडा, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, श्रावस्ती, सीतापुर और उन्नाव में कई स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ हवा की गति 40- 60 किमी प्रति घंटे होने की संभावना जतायी है। विभाग ने लोगों को घरों से बहुत जरूरत होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

### दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने विभिन्न जनपदों में आकाशीय बिजली से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये हैं। राहत कार्यों को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि, तेज बारिश, आंधी-तूफान आदि आपदाओं से पशु हानि, मकान क्षति के मामलों में प्रभावितों को अनुमन्य आर्थिक सहायता अविलम्ब प्रदान की जाए। फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध करायी जाए। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार आकाशीय बिजली से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जनपदों में 01-01 जनहानि, जनपद आगरा में 01 पशु हानि तथा अतिवृष्टि से जनपद मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना प्राप्त हुई है।

## निरंतर हो रही बारिश से गेहूं, सरसो, मटर, चना आदि फसलों के नुकसान का सर्वे करा रही योगी सरकार

**लखनऊ।** प्राकृतिक आपदा की मार से जूझ रहे किसानों के लिए योगी सरकार संकट मोचक बनी है। योगी सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। 19 से 28 फरवरी तक के बीच छह जनपदों के लगभग 150 से अधिक गांवों में 33 फीसदी से अधिक फसलों की क्षति का आकलन किया गया है। इसमें बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक व बबेरू तहसील के तीन गांवों में काफी अधिक क्षति की जानकारी प्राप्त हुई है। इस अवधि (19 से 28 फरवरी) की बारिश के बाद भी होने वाले नुकसान का योगी सरकार आकलन करा रही है। योगी सरकार ने रिपोर्ट के बाद किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। निरंतर हो रही बारिश व ओलावृष्टि से निरंतर किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है। इस नुकसान के लगातार बढ़ने की भी संभावना बनी हुई है। योगी सरकार इस परिस्थिति में अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। 19 से 28 फरवरी तक के जारी आंकड़ों के मुताबिक बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक व बबेरू तहसील के तीन गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक की क्षति का आकलन हुआ है। राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक फतेहपुर के बिंदकी तहसील के लगभग 10 गांवों में 33 फीसदी से अधिक गेहूं व सरसो की क्षति हुई है। हमीरपुर तहसील के 51 गांवों में गेहूं, सरसो, चना, मटर आदि की फसलों के नुकसान का आकलन किया गया है। वहीं जालौन में भी इन फसलों से जालौन, उरई व कालपी के गांवों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान दर्शाया गया है। कानपुर देहात के रसूलाबाद के लगभग 23 और कानपुर नगर के बिल्हौर तहसील के 27 गांवों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान का आकलन किया गया है।

● खराब मौसम के कारण बांदा के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 प्रतिशत से अधिक फसलों की क्षति

# डबल इंजन सरकार में विकास भी, गरीब कल्याण भीः सीएम

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी। भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिर-माथे पर बैठाकर सेवा करती है। प्रधानमंत्री नंद्रेे मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ऐसी ही है। इस सरकार में विकास है तो गरीब कल्याण भी। इसमें सुरक्षा, आजीविका, आस्था के सम्मान के साथ समृद्धि भी है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिका पूजन तथा बटन दबाकर शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था और बाकी पब्लिक देखती रह जाती थी। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा नहीं है। हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इस समझ को बनाए रखना है और लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार तथा अबकी बार चार सौ पार के नारे को साकार करना है। सीएम योगी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि ताल नदोर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय भविष्य में विवि बना दिया जाएगा। तब गोरखपुर में पांच विवि हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में पशुओं के इलाज के साथ नस्ल सुधार के कार्य भी होंगे। यहां फिशरीज से जुड़े कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जाएगा। यहां पढ़ाई कर युवा पशु चिकित्सक बन सकेंगे, उनके पास करियर बनाने का नया प्लेटफार्म होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महाविद्यालय की ड्राइंग श्रावस्ती के राजा शालिहोत्र की परिकल्पना पर डिजाइन की गई है। राजा शालिहोत्र ने तीसरी सदी में शालिहोत्र संहिता रचकर पशुधन के क्षेत्र को समृद्ध किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लंबे समय तक पिछड़े रहे दक्षिणांचल को डबल इंजन की सरकार विकास की नई रफ्तार के साथ आगे बढ़ा रही है। वाराणसी फोरलेन और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के साथ जल्द ही इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाया जाएगा। महाविद्यालय के पास नगर निगम 50 एकड़ में गोशाला बनवाने जा रहा है। गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि जो खाद कारखाना कांग्रेस सरकार में बंद हो गया था, उसे मोदी सरकार ने शुरू कर दिया। गोरखपुर में एम्स बन गया है। लिंक एक्सप्रेस वे चालू होने वाला है। गीडा में बड़े पैमाने पर उद्योग लगने से पांच हजार युवाओं को यहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए लोगों से सवाल किया कि क्या सपा-बसपा की सरकार अयोध्या में मंदिर बनवा पातीं? लोगों ने समवेत जवाब दिया- नहीं। इस ओर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चलती थी, आज पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत होता है। लंगर चल रहे हैं। भगवान का आशीर्वाद भी मिल रहा है और प्रसाद भी। सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव में गोरखपुर से घोषित प्रत्याशी, सांसद रविकिशन शुक्ल के पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता रविकिशन बनकर घर घर जाएगा और वोट मांगेगा।

● पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन और शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने

# मथुरा के लिए जिन्हें काम करना चाहिए था उन्होंने नहीं कियाः डा. मोहन यादव



**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में स्वागत व अभिनंदन हुआ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश यादव, सदस्य राज्यसभा संगीता यादव, पार्टी के उपाध्यक्ष संतोष सिंह, बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, श्री बसंत त्यागी, शंकर लोधी ने डा. मोहन यादव का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रवाद के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है, जिसमे परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इस दौरान विधायक रामचन्द्र यादव, आशीष यादव, यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राम कैलाश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, वर्षा यादव, मोनिका यादव, पूर्व विधायक हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद यादव, राम निवास यादव, जितेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जन समूह ने डा. मोहन यादव का स्वागत किया। मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित एवं सहप्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह ने मुख्यालय परिवार की ओर से अभिनंदन किया।


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि काल के प्रवाह में कई संस्कृतियां, सभ्यताएं समाप्त हो गई। कई अक्रांता आए और चले गए। लेकिन सनातन संस्कृति अक्षुण्य है। उन्होंने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति पर देश की शिक्षा व्यवस्था चल रही थी जो राष्ट्राभिमान, संस्कृति व संस्कारों से विमुख थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के नौनिहालों को भारतीय संस्कारों, अतीत के गौरव, राष्ट्रीय स्वाभिमान तथा संस्कारों से युक्त विश्व प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार शिक्षा नीति से वैभवशाली राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता को साकार रूप मिला है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन प्रेरणा देता है अत्याचार, अहंकार और दम्भ के प्रतीक कंस का वध और इन्द्र के हठ को तोड़ने का नाम श्रीकृष्ण है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य के लिए संघर्ष करना सिखाता है। आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजमान है। श्रीकृष्ण हमारे समाज के आराध्य हैं। मथुरा के लिए जिन्हें काम करना चाहिए था, जिनकी जबाबदेही थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। यह सब समाज के सामने है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी जाति या समाज के किसी भी व्यक्ति को योग्यता और क्षमता के आधार पर अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए ही देश को आजाद कराने के लिए क्रान्तिकारियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। देश को स्वतंत्र कराने और राजतंत्र से मुक्त करने के लिए वीर सपूतों ने अपना बलिदान दिया। लोकतंत्र का अर्थ यही है कि योग्यता के आधार पर लोग आगे बढ़े।

राजतंत्र की परिपाटी में राजा का बेटा राजा की तरह ही परिवारवाद के आधार पर लोगों का आगे बढ़ना लोकतंत्र के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, जिसके परिवार में किसी ने राजनीति नहीं की और मुझें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया है। किसी भी कार्यकर्ता का किसी भी पद पर पहुंचना सिर्फ भाजपा में संभव है। उन्होंने स्वयं को उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आजमगढ़ से मध्य प्रदेश गए थे। उन्होंने कहा कि मेरे आजमगढ़ प्रवास पर जब सपा प्रमुख ने मेरे ऊपर टिप्पणी की तो उनको सबक सिखाने का काम सुभाष यदुवंश जी ने किया। सुभाष जी के आह्वान पर पचासों जिलों में यादव समाज ने पुतला फूंक कर उनका विरोध किया। इससे पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेगें। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का अभिनंदन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की ओर से आपका अभिनंदन करते हुए आपके आगमन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

# भाजपा को किसानों के सुख-दुःख से कोई मतलब नहींः अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को किसानों के सुख-दु:ख से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता पर काबिज होने के लिए षड्यंत्र और साजिशें करती है। बेमौसम बरसात से प्रदेश का किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है पर मुख्यमंत्री और उनकी सरकार चुनावी हेराफेरी और चुनावी गणित बैठाने में दिल्ली-लखनऊ एक किए हुए हैं। अखिलेश ने कहा कि चिंता की बात है कि इन दिनों हुई बरसात से और कहीं-कहीं ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर, आलू, शिमला मिर्च, बींस, गोभी, बैगन की फसल भी प्रभावित हुई है। आम में बौर आने शुरू हो गए थे बारिश में ये न केवल गिर गए हैं अपितु उसमें खर्रा रोग और भुनगे भी लगने लगे हैं। आम बागान के किसान तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं। सच तो यह है कि भाजपा सरकार में किसान और खेती दोनों उपेक्षित हैं। भाजपा ने 2022 के विधान सभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र में किसानों से संबंधित जो वायदे किए थे, उसमें एक भी वादा पूरा नहीं किया है। न किसान के कर्ज माफ हुए और न ही किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में कोई कदम उठाया गया। सब जुमला ही रह गया है यहीं नहीं किसानों के उपयोग में आने वाले कृषि उपकरण, बीज, खाद, रसायन और बिजली-डीजल तक महंगे कर दिए गए। भाजपा ने किसानों की आय तो दुगुनी नहीं की पर लागत की बढ़ोत्तरी और ओलावृष्टि की डबल मार झेल रहे किसानों को डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को दुगुना मुआवजा तो देना ही चाहिए। किसानों की मुआवजे की डबल मांग पूरी तरह जायज है।



किसान महंगाई और भ्रष्टाचार की मार झेल रहा है जबकि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का बैंक कर्ज माफ कर दिया है। बैंको से बड़े-बड़े कर्ज लेकर जो उद्योगपति विदेश भाग गए थे, उनको भारत लाने के बजाय, उन्हीं कर्जदार उद्योगपतियों को फिर से कर्ज देने के निर्णय से भाजपा सरकार का असली चेहरा और चरित्र सामने आ चुका है। अखिलेश ने कहा कि हद तो यह है कि भाजपा सरकार ने पूर्व में भी प्राकृतिक आपदा के शिकार किसानों को मुआवजा नहीं दिया, उनकी फसल को क्षति का सर्वे करने के नाम पर मदद की फाइलें ही जमींदोज हो गई। इस संवेदनशून्य भाजपा सरकार से क्या उम्मीद की जाए कि वह बारिश और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त खेती का तत्काल सर्वे कर मुआवजा देगी? अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में जहां किसान को मुफ्त सिंचाई के साथ सस्ती बिजली दी गई थी वहीं किसानों की मदद और खेती की समृद्धि के लिए बजट का 75 प्रतिशत धनराशि गांवों के लिए रखी गई थी। किसानों के कर्जमाफ किए थे। भाजपा सत्ता में आई तो उसने समाजवादी सरकार की सभी किसान हितैषी योजनाओं को ठण्डे बस्ते में डाल दिया है और किसानों के उत्पीड़न के कानून बनाने शुरू कर दिए है। किसान आज आक्रोशित और आंदोलित है। तीन काले कृषि कानूनों की वापसी भाजपा सरकार ने मजबूरी में की थी लेकिन अब एमएसपी देने में आना-कानी कर रही है। किसान इस शोषणकारी सरकार को अब और सहन नहीं करेंगे। किसान की राह में कील कांटे बिछाने वाली भाजपा सरकार को किसान ही करारा जवाब देंगे और भाजपा को सत्ता से बाहर करके ही चैन लेंगे।

# हर पात्र व्यक्ति को दिलाएं पीएम-सीएम आवास योजना का लाभ : मुख्यमंत्री

## ● जनता दर्शन में 500 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री योगी ने, निस्तारण के लिए दिए निर्देश

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कोई भी गरीब बेघर नहीं रहना चाहिए।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। सुबह हल्की बारिश होने के कारण लोगों की सहूलियत के लिए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।



जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I, CHANDRAJEET holding Indian Passport No: L9595018 issued at LUCKNOW on 16/05/2014, Permanent Resident of VILL KHANJAHANPUR PS PHOOLPUR AZAMGARH PIN 276304 UTTAR PRADESH INDIA and presently residing at DUBAI UAE do hereby change my name from CHANDRAJEET to CHANDRAJEET (Given name) GAUTAM (SURNAME) with immediate effect.

**सूचना**

मैं क्रमांक 15683303पी, रैंक-हवलदार सुरेश पाल, यूनिट-34 आर आर(बी एन), बही बाग, C/o 56APO निवासी- म.न.-सी-5476 सेक्टर-12, पोस्ट-राजाजीपुरम, तहसील-सदर, जिला-लखनऊ, राज्य-उत्तर प्रदेश, पिन-226017 मेरे आर्मी रेकॉर्ड में गलत प्रविष्टि के कारण मेरी पुत्री का नाम तमन्ना अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम तमन्ना पाल है। उसकी जन्मतिथि 11.02.2006 है।

# मोदी सरकार ने जनता को महँगाई व बेरोजगारी का दर्द परोसाः प्रमोद

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद एवं उप नेता राज्य सभा प्रमोद तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के पहले चरण के घोषित उम्मीदवारों में तीन प्रमुख प्रत्याशियों के स्वयं प्रत्याशी न बनने के निर्णय को सरकार के प्रति जनता के कड़वा नतीजा बताया है। तिवारी ने कहा है कि ''मोदी सरकार'' ने महँगाई, बेरोजगारी की अपने कार्यकाल में जनता को जो दर्द परोसा है उससे देशभर में भाजपा को लेकर जगजाहिर गुस्सा भाँप कर ही नामचीन चेहरे प्रत्याशी बनने को तैयार नहीं हो रहे। तिवारी ने भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल से मशहूर भोजपुरी अभिनेता एवं सिंगर पवन सिंह तथा दिल्ली से जाने माने क्रिकेटर गौतम गंभीर तथा केन्द्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री जैसे ओहदे पर रहे जयंत सिनहा द्वारा खुद को प्रत्याशी से हटने के फैसले को भाजपा के सत्ता से बेदखल होने की जमीनी हकीकत पहचानने का निर्णय बताया। तिवारी ने कहा कि देश के राजनैतिक इतिहास में शायद यह पहला सियासी मौका है जब किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल से तीन तीन प्रभावशाली चेहरे भाजपा से अपनी उम्मीदवारी को असुरक्षित मानकर प्रत्याशी नहीं होने के खुद के निर्णय की बाध्यता में दिखे हों। मोदी सरकार कालेधन की वापसी के नाम पर आम आदमी के खाते में पन्द्रह लाख का बार बार झूठा जुमला बोला। बेरोजगारी की पीड़ा झेल रहे देश के नौजवानों को सालाना दो करोड़ नौकरी का झांसा दिया। नौकरी की मोदी सरकार की झूठी साबित हो चुकी गारण्टी के बीच दिन रात मेहनत से कैरियर के युवाओं के सपने प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पेपर लीक से अंधकारमय हो उठे हैं। तिवारी ने कहा कि बेपटरी अर्थव्यवस्था से महँगाई चरम पर है। जनता की उम्मीदो पर मोदी सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होता देख तीन तीन नामचीन उम्मीदवारों ने खुद की प्रतिष्ठा बचाने के लिए भाजपा से घोषित उम्मीदवारी छोड़ी है।

# पीएम के आगमन से पहले सीएम योगी पहुंचे आजमगढ़, तैयारियों का लिया जायजा

## ● निर्माणाधीन मंदुरी हवाईअड्डे का किया निरीक्षण ●दिवंगत साहित्यकार कन्हैया सिंह के घर पहुंचे मुख्यमंत्री, परिजनों को बंधाया ढांढस

**लखनऊ/आजमगढ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर बाद आजमगढ़ पहुंचे। उनका हेलीकाप्टर दोपहर साढ़े तीन बजे मंदुरी स्थित हेलीपैड पर उतरा। इस दौरान सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ और पार्टी के पदाधिकारियों ने सीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद मंदुरी एयरपोर्ट पर होने वाले पीएम के संभावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के उपरान्त मुख्यमंत्री ने बैठक कर उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होने कहा कि मंदुरी एयरपोर्ट पर स्थायी डिजिटल बोर्ड लगाकर एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत आने वाले उत्पाद मुबाकरपुर की साड़ी एवं ब्लैक पाटरी तथा स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण स्थानों को प्रदर्शित कराया जाए। इसी के साथ ही प्रस्तावित कार्यक्रम में जनपद में 10 करोड़ की परियोजनाएं जो पूर्ण हो गयी है, जिसका लोकार्पण किया जाना है उसकी तैयारी पहले से ही करा ली जाए।

पूरे आजमगढ़ शहर एवं प्रमुख स्थलों की अभियान चलाकर युद्धस्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि पूरे शहर क्षेत्र में वृक्षारोपण कर हरा भरा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को ध्यान में रखते हुए आने जाने के लिए रूट का डायवर्जन सुनिश्चित करा लिया जाय। प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल से अधिक दूरी पर वाहनों के लिए पार्किंग स्थल न बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल पर्याप्त एरिया में बनाई जाए, जिससे कि वाहनों को आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या ना हो तथा जाम जैसी परेशानी का सामना आम जनता को न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए वॉटरप्रूफ जर्मन हैंगर टेंट लगाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर ही जनता को लंच पैकेट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि पानी के लिए बोतल की जगह पानी के बड़े-बड़े जार रखवाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारी संख्या में आने वाली आज-जनता के लिए महिला एवं पुरुष के लिए शौचालय एवं मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करा ली जाय। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से लगातार पेट्रोलिंग पुलिस विभाग के अधिकारी करते रहें। आम जनता के लिए कार्यक्रम स्थल पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम को भी सक्रिय किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी दिशा निर्देश जनता को देते रहे। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। सड़कों एवं खुले पार्क में एवं प्लाटों में कूड़ा कचरा साफ-सफाई करा दिया जाए। प्लास्टिक की बोतल किसी भी कीमत पर सड़क पर दिखाई ना दें। अभियान चलाकर पूरे शहर की सफाई कराई जाए तथा जगह-जगह पर हरे पौधे लगाकर शहर को सजाया जाए।

बैठक के दौरान सांसद आजमगढ़ दिनेश लाल यादव निरहुआ, आईजी वाराणसी जोन, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़, मऊ, एयरपोर्ट अथारिटी अधिकारी, पीडब्लूडी, परिवहन विभाग के अधिकारीगण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने नगर पालिका आजमगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कन्हैया सिंह के आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना व्यक्त किया।

# भारी बारिश से धंसी विकास नगर की सड़क, 20 फिट हुआ गहरा गड्ढा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** में भारी बारिश और ओला से जलभराव और सड़कों के धंसने से नगर निगम सहित दूसरे विभागों की तैयारियों की पोल खुल गई। विकास नगर में कई जगह जलभराव रहा। वहीं सेक्टर 4 में भारी गड्ढे से क्षेत्रीय लोग सहम गए। गड्ढा लगभग 25 फिट गहरा और 10 फिट चौड़ा होने से कार घुसते घुसते बची। गहरे गड्ढे से पड़ोसियों को बड़ी घटना घटने से डरे रहे। हालांकि बाद अधिकारियों से शिकायत के बाद अ धिकारी मौके पर पहुंच कर बैरीकेटिंग की गयी।

राजधानी के विकास नगर में एक कार बहुत बड़े गड्ढे में फंस गई। गाड़ी आधी अंदर और बाहर लटक गई। दरअसलए बारिश होने के चलते रोड के बीच में एक बहुत बड़ा गड्ढा हो गया थाण् जिसके चलते ये घटना हुई। घटना की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को पता चलने पर कई घंटे बाद बैरीकेटिंग कर मामले को संभालने की कोशिश की गयी। 40 फिट गहरे गड्ढे के बाद लोग सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। इलाके के लोगों ने बताया की रोज इस सड़क से हजारों वाहनों का आना और जाना लगा रहता है।

वहीं क्षेत्रीय लोगों की मानें तो दोपहर को बारिश हुई थी, जिसके बाद लखनऊ के कई इलाकों में जलभराव हो गया था। इस दौरान विकास नगर इलाके के सेक्टर.4 में स्थित सड़क धंस गई। इसके चलते सड़क में करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। तभी इस गड्ढे में एक लाल रंग की कार आकर फंस गई और किनारे पर झूलने लगी। जिसके बाद क्रेन की मदद से कार को गड्ढे से निकाला गया और कार और ड्राइवर को सही सलामत बचा लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पीडब्लूडी और नगर निगम डिपार्टमेंट से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे। इलाके के रहने वाल एसके वर्मा ने बताया कि इस रोड से रोजाना करीब दस हजार से ज्यादा वाहन गुजरते हैं। वहीं फैजुल्लागंज क्षेत्र में कई इलाकों में जलभराव रहा। देर शाम को भी पानी भरा रहा। आलम यह है कि लोगों को दूसरे रास्ते से जाना पड़ा।

### धमाके के आवाज के साथ भूकंप जैसा हुआ महसूस

घटना को लेकर पास में दुकान चलाने वाली मीना अग्रवाल ने बताया कि दोपहर ढाई बजे के करीब एक लाल कार के अगले हिस्से ने गड्ढे को पार कर लिया था लेकिन पिछले पहिए गड्ढे में फंस गए। रोड धंसते वक्त धमाके जितनी आवाज आई और भूकंप जैसा महसूस हो रहा था। गनीमत रही की पास से कोई और गाड़ी नहीं गुजर रही था। वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। क्षेत्रीय दुकानदार ने बताया कि साल 2022 में भी इलाके में ऐसी ही घटना देखने के लिए मिली थी। उस वक्त घटना में तीन से चार लोग गड्ढे में गिर गए थे। इससे पहले 2019 जुलाई और दिसंबर में भी रोड धंसने का मामला सामने आया था। ये रोड दो किलोमीटर लंबी है।

# ओलावृष्टि, भारी बारिश ने राजधानी का बिगाड़ा मिजाज



पायनिर समाचार सेवा। लखनऊ

**रविवार** को राजधानी सहित अन्य जिलों में जमकर बारिश हुई। यूपी में पूरी रात रुक-रुक कर बारिश हुई। इस दौरान 40 किमी प्रति घंटे हवा की रफ्तार रही। कई इलाकों में ओलावृष्टि और पहाड़ों पर बर्फबारी से मौसम ठंडा हो गया है। फसलों को भी काफी नुकसान होने की खबर आ रही है। अब लखनऊ के डीएम ने अगले तीन घंटों में लखनऊ समेत अन्य कई जनपदों में ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। डीएम ने अलर्ट संदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है मौसम विभाग द्वारा अगले 3 घंटों में लखनऊ सहित कई जनपदों में ओलावृष्टि (हवा की गति 40. 60 किमी प्रति घंटे, होने की संभावना है) असुरक्षित भवनों व पेड़ों के संपर्क में आने से बचे। जनपद वासियों को अपने घरो मे रहने की सलाह दी जाती है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहे। मौसम विभाग द्वारा अगले 3 घंटों में लखनऊ सहित कई जनपदों में ओलावृष्टि हवा की गति 40 से 60 किमी प्रति घंटे होने की संभावना है, असुरक्षित भवनों व पेड़ो के संपर्क में आने से बचे। जनपदवासियों को अपने घरो मे रहने की सलाह दी जाती है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहे। अगले 3 घंटों में अमेठी, अयोध्या, बहराइच, बाराबंकी, गोंडा, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, श्रावस्ती, सीतापुर, उन्नाव सहित कई जनपदों में ओलावृष्टि के साथ 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। यदि आप लखनऊ में रहते हैं तो अनावश्यक बाहर खुले में ना घूमे। असुरक्षित भवनों व पेड़ों के संपर्क में आने से बचे।



लखनऊ में झमाझम हुई बारिश, जनजीवन अस्त व्यस्त।

# हाईटेक टाउनशिप के फ्लैटो को हाउस टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** के हाईटेक टाउनशिप के फ्लैटों को हाउस टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी है। हाईटेक टाउनशिप नीति के तहत अब तक यहां लोग नगर निगम को हाउस टैक्स नहीं दे रहे हैं। नगर निगम सात वर्ष बीतने की वजह से सभी से हाउस टैक्स मांग रहा है। वहीं, मामला उच्च न्यायालय पहुंचने के बाद अब अपर मुख्य सचिव आवास ने इस मामले में उच्च स्तरीय समिति गठित कर दी है। समिति पूरी पड़ताल कर अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर तय होगा कि हाईटेक सिटी के लोगों को हाउस टैक्स चुकाना होगा या नहीं।

राजधानी के कई हाईटेक टाउनशिप में बड़े.बड़े अपार्टमेंट बने हैं। होटल, कॉम्प्लेक्स और माल तमाम सुविधाएं विकसित हैं। बड़े.बड़े मैरिज लॉन चल रहे हैं। मगर ये लोग नगर निगम को हाउस टैक्स नहीं दे रहे हैं। इन पर अरबों रुपए टैक्स बकाया है। दरअसल नगर निगम अधिनियम 1959 के प्रावधानों में हाईटेक टाउनशिप स्थानीय निकाय को स्थानांतरित होने तक टाउनशिप में गृहकर, जलकर, सीवर आदि वसूली नहीं किए जाने संबंधी प्रावधान था। इसमें टाउनशिप नीति संशोधित करने का अनुरोध नगर निगम कर रहा हैए ताकि इनसे हाउस टैक्स वसूला जा सके।

28 नवंबर 2023 को हाईटेक टाउनशिप नीति 2007 को संशोधित कर विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, निजी क्षेत्र के विकासकर्ताओं की ओर से कमियां दूर करने मांग की जा रही है। टाउनशिप कॉलोनी में संपत्ति कर आरोपित कर वसूली किए जाने संबंधी नगर विकास के शासनादेश 17 जनवरी 1997 को वर्तमान में लागू करने का नगर निगम अनुरोध कर रहा है। हाईटेक टाउनशिप नीति के तहत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 30 जनवरी 2024 को हुई थी। बैठक में विमर्श के बाद एक समिति गठित की गई है, जो अपनी रिपोर्ट देगी।

उसके आधार पर तय होगा कि टैक्स लिया जाएगा या नहीं। वहीं, अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने विशेष सचिव आवास, शहरी नियोजन अनुभाग 3 की अध्यक्षता में समिति बनाई है। इसमें नगर विकास विभाग विशेष सचिव, अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को भी सदस्य बनाया गया है। गाजियाबाद, लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष, लखनऊ, गाजियाबाद के नगर आयुक्त को सदस्य बनाया गया है। आवास बंधु निदेशक इसके संयोजक हैं।

# पुलिस चौकी के निकट भाजपा नेता की दुकान से लाखों की चोरी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**खुझौली** पुलिस चौकी के निकट भाजपा नेता की मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से शनिवार की देर रात्रि दुस्साहसी चोर लाखों का सामान और नकदी उड़ाकर फरार हो गए। लेकिन चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भनक तक नही लग सकी। रविवार की सुबह दुकान खोलते ही दुकानदार के होश उड़ गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

मोहनलालगंज के खुझौली निवासी भाजपा अनुसूचित मोर्चे के मण्डल महामंत्री सूबेदार की चौराहे के निकट निलमथा रोड पर सुदर्शन मोबाइल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक नाम से दुकान है। शनिवार की शाम सुबेदार दुकान बन्द कर घर चले गए। रविवार सुबह दुकान खोलते ही अंदर का सामान बिखरा देखकर उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। सुबेदार के मुताबिक दुकान से एलईडी होम थियेटर इमरसन रॉड मोबाइल सेट टार्च इलेक्ट्रिक बोर्ड वायर बण्डल पंखे समेत इलेक्ट्रॉनिक का लाखों का सामान और पांच हजार रुपए नकद चोरी हो गए। दुकान की छत पर रखी एस्बेस्टस की चादरें एक जगह से खुली मिली।

चोर उसी स्थान से दुकान में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देने से पूर्व दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर भी उठा ले गए। पीड़ित भाजपा नेता ने मामले की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी। फिर कोतवाली पहुंचकर चोरी की तहरीर दी। पीड़ित दुकानदार सुबेदार ने बताया उनकी दुकान में तीसरी बार चोरी हुई है। लेकिन खुझौली चौकी के पुलिसकर्मी न तो वारदात रोंक पा रहे हैं और न ही चोरों के गिरोह को सलाखों के पीछे भेज सके हैं। हालांकि इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया चोरी की एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। खुझौली चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने से कुछ सुराग हाथ लगे हैं। गिरोह को दबोचकर जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# नगर निगम के दावे पर भारी स्ट्रीट डॉग्स की आक्रामकता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** में तेजी से स्ट्रीट डॉग्स की संख्या बढ़ रही है, जिससे डॉग्स बाइट की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है। आम हो या खास डॉग्स की अधिक संख्या से सभी भयाक्रांत हैं। जबकि नगर निगम के पशु विभाग का दावा है कि हर दिन 100 स्ट्रीट डॉग्स का ऑपरेशन किया जाता है लेकिन इस समय राजधानी में स्ट्रीट डॉग्स की संख्या एक लाख से अधिक पहुंच चुकी है। वहीं, गुजरते वक्त के साथ इनकी संख्या में और इजाफा देखने को मिल सकता है। ऐसे में साफ है कि जब तक शत प्रतिशत डॉग्स का बधियाकरण नहीं होगा। तब तक इनकी संख्या में रोक लगना असंभव है।

राजधानी में सरकारी और निजी अस्पतालों में डॉग्स बाईट के केस बढ़े हैं। लोगों को सरकारी अस्पतालों में भी पैसे देकर टीके मुहैया नहीं हो पा रहे हैं। मजबूरन निजी क्लीनिक और अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। इ सके विपरी नगर निगम का दावा है कि हर दिन अलग.अलग इलाकों में अभियान चलाकर 80 से 100 स्ट्रीट डॉग्स पकड़े जाते हैं और उनका ऑपरेशन किया जाता है। एक डॉग के ऑपरेशन में 1200 से 1250 रुपये का खर्च आता है। ऑपरेशन के बाद स्ट्रीट डॉग को उसी एरिया में छोड़ दिया जाता है, जहां से उसे लाया गया था।अभी डॉग्स के ऑपरेशन की रफ्तार काफी धीमी है। हर दिन कम से कम 300 से 400 डॉग्स का ऑपरेशन होना चाहिए लेकिन यह फिलहाल संभव नहीं है। नगर निगम के पशु विभाग के अधिकारियों का दावा है कि ऑपरेशन की रफ्तार बढ़ाई जा रही है। इसके लिए अलग.अलग एरिया के लिए टीमें गठित की जा रही हैं। बता दें कि स्ट्रीट डॉग्स की समस्या हर इलाके में तेजी से बढ़ रही है। इनके हमलों से लोग घायल भी हो रहे हैं। ऐसे में युद्धस्तर पर अभियान चलाना होगा। तभी स्ट्रीट डॉग्स की समस्या से राहत मिल पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि लोगों को डॉग्स के प्रति जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं, जहां डॉग्स से कैसे बर्ताव करने और क्या न करने की जानकारी भी दी जा सके। साथ ही वार्ड स्तर पर इनके हेल्प और आपरेशन सेंटरों को बढ़ाने का कार्य भी किया जाए।

एक बड़ा मामला यह भी है कि पब्लिक की ओर से भी स्ट्रीट डॉग्स को लगातार घायल किया जा रहा है। जिसकी वजह से भी स्ट्रीट डॉग्स हमलावर हो रहे हैं। हर दिन नगर निगम के पास आठ से 10 ऐसी कंपलेन पहुंच रही हैं, जो स्ट्रीट डॉग्स के घायल होने से जुड़ी होती हैं। ज्यादातर मामलों में यह देखने में आता है कि लोगों ने पत्थर या रॉड मारकर स्ट्रीट डॉग को घायल कर दिया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर टीम जाकर डॉग का इलाज कराती है। पब्लिक के हमलों के कारण भी स्ट्रीट डॉग ज्यादा हमलावर हो रहे हैं। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर की अपील है कि डॉग्स पर हमला न करें। इससे वे ज्यादा आक्रामक हो रहे हैं।

### शत प्रतिशत वैक्सीनेशन और बधियाकरण में लगेगा समय

डॉग की बढ़ती रफ्तार पर नगर निगम के एनिमल वेलफेयर आफिसर डॉ अभिनव वर्मा ने बताया कि हर दिन अभियान चलाकर डॉग्स का बधियाकरण और वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। चूंकि पहले से ही डॉग्स की संख्या अधिक है, इस वजह से शत प्रतिशत वैक्सीनेशन और बधियाकरण में थोड़ा समय लग सकता है।

## विश्व श्रवण दिवस

# बहरेपन की वजह बन सकती है तेज आवाज

● ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. नीतू सिंह ने मरीजों को दी जानकारी, किया सचेत

**मोहनलालगंज।** मोबाइल के दौर में बहरेपन अथवा कम सुनाई देने की शिकायत बढ़ती जा रही है। युवा और बुजुर्ग ही नही बच्चे भी इस बीमारी के शिकार बन रहे हैं। कान में लीड लगाकर मोबाइल से तेज आवाज में गाने सुनने की वजह से यह समस्या लोगों में तेजी से बढ़ रही है। हालांकि शराब के सेवन व हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज समेत अन्य वजहें भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ0 नीतू सिंह ने रविवार को अस्पताल आने वाले मरीजों को इस सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी।



मोहनलालगंज में रविवार को विश्व श्रवण दिवस के मौके पर नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ0 नीतू ने मरीजों के लिए विशेष जागरुकता शिविर आयोजित किया। जिसमें मरीजों को बहरेपन अथवा कम सुनाई देने की शिकायत से बचने के लिए जरुरी एहतियात बरतने की सलाह दी गई। डॉ0 नीतू ने बताया आजकल हर तरफ मशीन जनरेटर वाहनों और डीजे से शोर शराबा होता रहता है। जिसका लोगों की श्रवण क्षमता पर बुरा असर पड़ रहा है। मोबाइल और म्यूजिक सिस्टम से तेज आवाज में गाने सुनने से भी लोगों में इस तरह की शिकायत बढ़ रही है।

उन्होने बताया बच्चे ध्वनि और शब्दों को सुनकर ही बोलना व समझना सीखते हैं। जो सुन नही पाते वह इनका आनन्द नही ले पाते। जिससे बच्चों को बात करने पढ़ने और मिलने जुलने में काफी मुश्किल हो सकती है। अगर किसी भी बच्चे में इस तरह की परेशानी नजर आए तो उसे फौरन ईएनटी स्पेशलिस्ट को दिखाकर समय रहते इलाज कराना चाहिए। डॉ0 नीतू ने कहा विश्व श्रवण दिवस हमें अपने श्रवण स्वास्थ्य का ध्यान रखने की याद दिलाता है। किसी को भी बहरेपन अथवा कम सुनाई देने की समस्या हो तो उसे नजरअंदाज करना हमारे जीवन को काफी दुष्कर बना सकता है।

### इन बातों का रखें ख्याल

- तेज ध्वनि और आतिशबाजी के शोर से बचना चाहिए।
- ईयरप्लग और हेडफोन का देर तक इस्तेमाल नही करना चाहिए।
- कान की नियमित सफाई की जानी चाहिए।
- श्रवण क्षमता की निश्चित अंतराल पर जांच कराई जानी चाहिए।
- घर के आसपास के वातावरण को शोरमुक्त रखने का प्रयास किया जाना चाहिए।
- सर्दी जुकाम से सुनने की क्षमता पर असर पड़े तो तुरन्त डाक्टर की सलाह लें।

# अनुदानित डिग्री कालेजों से 100 से अधिक प्राचार्यों ने छोड़ी नौकरी

● सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में स्थाई प्राचार्यों की 2021 में हुई थी नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर में वर्ष 2021 में अनुदानित कालेजों में हुई प्राचार्यों की नियुक्ति प्रक्रिया में 100 से अधिक प्राचार्य नियुक्ति छोड़कर अपने मूल स्थान पर लौट आए हैं। जबकि वर्ष 2021 के दौरान 290 प्राचार्यों की नियुक्ति आयोग की तरफ से की गयी थी। प्राचार्यों के नौकरी छोड़ने के पीछे लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ का कहना है कि सुदूर तैनाती के बावजूद कोई अतिरिक्त इंसेटिव न मिलना और प्रबन्धन की तानाशाही मूल कारण है।

प्रदेश के अनुदानित डिग्री कॉलेजों में करीब दो दशक के बाद स्थाई प्राचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया साल 2021 में पूरी की गई थी। इसके अंतर्गत सरकार के आदेश के बाद आयोग की तरफ से वर्ष 2015 और 2017 में निकल गए अपने विज्ञापन को समायोजित कर साल 2021 में प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेज में खाली प्राचार्यों के पदों को भरने की प्रक्रिया को पूरा किया गया था। आयोग ने प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेज में 296 स्थाई प्राचार्यों की नियुक्ति भी कर दी थी। पर सरकार के इस अथक प्रयास के बावजूद बीते 1 साल में प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज में तैनात किए गए नियमित प्राचार्य में से करीब 100 ने अभी तक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बावत लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक संघ (लुआक्टा) के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडे ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 2021 में आयोग के माध्यम से प्रदेश के सभी 331 सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज में खाली पड़े प्राचार्यों के पदों को भर्ती की प्रक्रिया पूरी की थी। इस प्रक्रिया के तहत आयोग ने प्रदेश में 296 डिग्री कॉलेज में प्राचार्य की नियुक्ति स्थाई रूप से कर दिया था डॉ मनोज पांडे ने बताया कि यह सभी नियुक्ति प्रक्रिया 2019 में सरकार की ओर से जारी नए नियम के अनुसार हुआ था जिसके तहत सभी प्राचार्य को 5 साल के लिए एक कॉलेज में नियुक्ति दी जाएगी, उसके बाद वह ट्रांसफर ले सकते हैं। अगर किसी प्राचार्य को मैनेजमेंट चाहे तो अगले 5 साल के लिए भी रोक सकता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रदेश सरकार ने सभी सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के प्रबंध तंत्र को कहा था कि अगर वह स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति अपने यहां करने में आनाकानी करते हैं तो सरकार उस डिग्री कॉलेज के प्रबंध तंत्र को भंग कर वहां नया मैनेजमेंट नियुक्त कर प्राचार्य की तैनाती करेगी। सरकार के दबाव के बाद सभी डिग्री कॉलेज ने अपने आप पर भेजे गए प्राचार्य को ज्वायनिंग दे दी। पर बीते एक से डेढ़ साल में स्थिति काफी विकट हो गई है इन 296 प्राचार्यों में से करीब 100 से अधिक प्राचार्यों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजधानी लखनऊ में बप्पा श्री नारायण वोकेशनल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य रमेश धर त्रिपाठी, डीएवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य हिमांशु सिंह और सीतापुर के हिंदू गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य सीमा सिंह अब तक इस्तीफा दे चुकी है। इसके अलावा आगरा डिग्री कॉलेज हुआ मेरठ डिग्री कॉलेज जैसे बड़े डिग्री कॉलेज के प्राचार्य ने भी बीते 1 साल में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि मैनेजमेंट से अनबन होने के कारण यह स्थिति से हो रहे हैं। जहां पर मैनेजमेंट से कुछ बात बिगड़ती है तो मैनेजमेंट वित्तीय अनीमियतिता का आरोप लगाकर जांच बैठा देता है। या फिर प्राचार्यों पर इतना दबाव डालता है कि वह खुद ही नौकरी छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने जो प्राचार्यों के नियुक्ति की नियमावली बनाई है। उसमें 5 साल के स्थानांतरण की जो प्रक्रिया निर्धारित की है, उसमें बदलाव करना होगा। सरकार को संघ की तरफ से प्रस्ताव दिया गया है कि वह नियमित प्राचार्य की नियुक्ति करने के स्थान पर कॉलेज के शिक्षकों को ही विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष और डीन की नियुक्ति प्रक्रिया की तरह तीन-तीन साल के लिए प्राचार्य बनाया जाए। इससे कॉलेज के व्यवस्था को संचालित करने में आसानी भी होगी और हर कॉलेज को नियमित अंतराल पर स्थाई प्राचार्य मिलता रहेगा।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले का 5202 लोगों ने उठाया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिले** के ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला सम्पन्न हुआ। आरोग्य मेले का कुल 5202 लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 129 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने कहा कि आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में मेले में आने वाले लोगों को बताया जा रहा है और इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए जा रहे हैं। इसके अलावा ओ.पी.डी. की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से



सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन (रेफर) की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। आरोग्य मेले के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य कार्यक्रमों के स्टॉल लगाए गए। मेले में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग(आईसीडीएस) ने भी अपना स्टाल लगाया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 5202 लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें 2126 पुरुष, 2305 महिलायें और 771 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 129 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

# प्रदेश में सूखे से निपटने के लिए विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आईजीपी में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर आयोजित करायी जा रही एक दिवसीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार उत्तर प्रदेश में आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि एवं धनहानि को कम करने के लिए प्रयासरत है। इसको लेकर योगी सरकार लगातार निर्णय भी ले रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप सोमवार 4 मार्च को आईजीपी (इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान) में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग से सूखे की निगरानी, न्यूनीकरण और उच्च प्रबंधन के लिए टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राहत विभाग द्वारा आईआईटी कानुपर के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के रूप में प्रदेश और देश के प्रमुख तकनीकी संस्थान, शोध संस्थान, तकनीकी विश्विविद्यालय के साथ-साथ संबंधित विभागों के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में आईआईएम लखनऊ के एक्सपर्ट द्वारा प्रदेश के एडीएम एफआर को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया था।

साथ ही आपदाओं से निपटने, सतर्क रहने और तैयारी करने के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग और जनहानि को कम करने के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट में विशेषज्ञ संस्थानों के साथ एमओयू किया गया है, जो प्रशिक्षण देने के साथ आपदा के समय विभाग की मदद भी करेंगे। इसी के तहत गर्मी के मौसम होने वाली सूखे की समस्या से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट विषय पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि और समापन सत्र की अध्यक्षता मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र करेंगे।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस को तीन सत्रों में विभाजित किया गया है। पहले सत्र में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट मॉनीटरिंग विषय पर एनडीएमए के सदस्य कृष्ण एस वत्स, यूपीएसडीएमए के वीसी लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, आईसीआरआईएसएटी के ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम डॉ. एमएल जाट समेत अन्य विशेषज्ञ अपने सुझाव देंगे। वहीं दूसरे सत्र में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट मिटीगेशन विषय पर आईसीआरआईएसएटी हैदराबाद के पीएस और क्लस्टर लीड डॉ. रमेश सिंह, आईसीएआर-सीएएफआरआई झांसी के डॉ. आशाराम और उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के डॉयरेक्ट जितेंद्र तोमर समेत अन्य अपनी राय रखेंगे। इसी तरह दूसरे सत्र में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट मैनेजमेंट विषय के विभिन्न पहलुओं पर उत्तर प्रदेश फॉरेस्ट इंवायरमेंट एंड क्लाइमेट के सेक्रेटरी आशीष तिवारी, आईसीएआर-आईजीएफआरआई झांसी के प्रिंसिपल साइंटिस्ट एंड हेड डॉ. पी शर्मा समेत अन्य दिग्गज चर्चा करेंगे। वहीं कॉन्फ्रेंस के समापन पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र मौजूद रहेंगे।

# अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

**● उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के 86वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न**

**● सेवा पथ पत्रिका का हुआ विमोचन**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध मुक्त समाज बनाने का कार्य जो संस्था के द्वारा किया जा रहा है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। समिति मानव जाति की कल्याण एवं राष्ट्र के विकास के लिए सदैव समर्पित रही है। उन्होंने कारागार में बंदीयों के कल्याण मुक्त बंदी, निराश्रित महिलाएं एवं असहाय बच्चों के पुनर्वास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जेल मंत्री तथा सरकार से समिति की बात रखने का आश्वासन दिया। ताकि सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिल सके। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, उच्च न्यायालय प्रयागराज ने अपने संबोधन में कहा कि नैसर्गिक न्याय के तहत समाज को जागरूक करना होगा, ताकि लोग अपराध की तरफ न बढ़े और समाज अपराध मुक्त रहे।

कमलेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष उ .प्र. अपराध निरोधक समिति ने कहा कि इस समिति की स्थापना सन 1938 में हुई थी। समिति लगातार 86 वर्षों से अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए कार्य कर रही है। जाति, धर्म, संप्रदाय के भेदभाव मूलक बंधन से स्वयं को अछूता रखते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ निरूस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है। इं. हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि आजकल साइबर क्राइम बहुत चल रहा है। इस पर सरकार और समिति को समन्वय के साथ जागरूकता अभियान चलाने होंगे। एस.पी. मिश्रा 'सेनानी' एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाज को अपराध मुक्त करने के लिए हमें टीम भावना से हर मंडल, हर जिले, हर गांव में जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार आयोजित करने होंगे। जब समाज जागरूक होगा, तो अवश्य ही अपराध मुक्त समाज होगा। सेवानिवृत्ति आईएएस अधिकारी आर.एस. वर्मा ने संस्था के आए हुए सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को हर प्रकार की हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सेवा पथ पत्रिका का विमोचन समस्त अतिथियों द्वारा किसान गया। यह पत्रिका समाज को एक नई दिशा देने में सहायक होगी। कार्यक्रम का के सफल आयोजन में संतोष श्रीवास्तव, प्रथमेश मिश्रा, डॉ. संजय कुमार, श्रीकृष्ण अवस्थी एवं समस्त जिलों से आए हुए पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# तीसरे दिन दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य व दिव्यांगता पर हुआ पैनल डिस्कसन

**● श्रवण बाधित दिव्यांगता से ग्रासित 230 छात्र व छात्राओं दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया**




**लखनऊ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को एक ही स्थल पर एकत्रित कर उनके हुनर, कला को सम्मान देने तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से अवध शिल्प ग्राम में चल रहे दिव्य अनुभूति मेला के तीसरे दिन दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य व दिव्यांगता से जुड़ी हुयी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। चर्चा में एसजीपीजीआई, लखनऊ, के डॉ आर हर्षवर्धन विभागाध्यक्ष व आरग्नस ट्रांसप्लान्ट, डॉ. अमित केसरी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, ईएनटी, डॉ. रमाशंखधर, सीनियर गायनोलाइजिस्ट, डॉ. अनीता, असिस्टेण्ट प्रोफेसर मिनेटोलॉजी डॉक्टर नीता सूर्यवंशी, बीडीएस एवं डॉ. एमसी माथुर (माथुर रेडियो एण्ड हियरिंग केयर कन्सलटेंट), केजीएमयू, लखनऊ के डॉ. रजत जैन, ईएनटी, व अन्य चिकित्सलयों से अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा दिव्यांगजनों के पुर्नवास को लेकर बात हुई। पैनल डिस्कसन के दौरान डॉ. आर हर्षवर्धन द्वारा आर्गन ट्रांसप्लान्ट के बारे में चर्चा की गयी तथा ट्रांसप्लान्ट सम्बंधी फिल्म दिखाकर आडियन्स को जागरूक किये जाने का प्रयास किया गया। डा. अमित केसरी द्वारा श्रवण बाधित दिव्यागजनों की समस्याओं पर चर्चा की गयी उनके द्वारा लगभग 30 से अधिक श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को कॉक्लियर इम्प्लांड सर्जरी की गयी है। डॉक्टर टीम को मोनिका लाल, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ, रजनीश किरन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, लखनऊ एवं राजकुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सीतापुर द्वारा पुष्पगुच्छ देखकर स्वागत किया गया साथ ही स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। वर्ल्ड हियरिंग डे के मौके पर डाक्टर की टीम द्वारा श्रवण बाधित दिव्यांगता से ग्रसित 230 छात्र/छात्राओं/ दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) प्रदान की गयी। विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों व संस्थाओं एवं स्वै. संस्थाओं के सहयोग से दिव्यांग छात्र व छात्राओं के मध्य अरूणिमा सिन्हा आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें दिव्यांग छात्र व छात्राओं द्वारा अपनी दिव्य कला व प्रतिभा का प्रदर्शन चित्रों, पेंटिंग, क्राफ्ट आदि के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए जनसामन्य को आकर्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कॉलेज, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इण्टर कॉलेज एवं स्वैच्छिक संस्था एनएबी, लखनऊ के दृष्टिबाधित छात्र व छात्राओं द्वारा तथा सीमा सेवा संस्थान, रेनबो लखनऊ, चेतना सेवा संस्थान, लखनऊ के मानसिक मंदित दिव्यांगजनों द्वारा नुकक्ड़ नाटक के माध्यम से समाज की गतिविधियों के बारे में प्रतियोगिता का प्रस्तुतीकरण किया गया। राजकीय संकेत विद्यालय, लखनऊ एवं समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, लखनऊ के द्वारा ''एडिसन बेस्ट आफ वॉस्ट'' प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। बता दें कि मेले में जनपद लखनऊ सहित अन्य प्रदेशों के विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

# वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा है: डॉक्टर अरूण कुमार



**● विश्व वन्यजीव दिवस-2024 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ स्थित सारस प्रेक्षागृह (3डी ऑडीटोरियम) में विश्व वन्यजीव दिवस-2024 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सारस प्रेक्षागृह के सामने लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया। निदेशक, प्राणी उद्यान द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। विश्व वन्यजीव दिवस-2024 के अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशिका श्रीमती अदिति शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व वन्यजीव दिवस से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण देते हुए शुभकामनायें दी।

मुख्य अतिथि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि विश्व वन्यजीव दिवस-2024 जिसकी थीम हैं, के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस थीम पर हमें बहुत अच्छे तरीके से सोचना और समझना होगा एवं अपने विभाग में भी लागू करना होगा। वन्य जीवों के संरक्षण वाले प्रावधान पर 1973 में अंतराष्ट्रीय व्यापार सम्मलेन के अवसर पर हस्ताक्षर किए गए थे। आज का दिन हमें धरती पर मौजूद अद्भुत वन्य जीवों के महत्व को याद दिलाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सभी इस पृथ्वी के सहयोगी हैं और इसका हमारे वन्य जीवों के साथ एक संवाद और समर्थन निभाने का दायित्व है। आज, हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर वन्य जीवों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। हमें अपनी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने के लिए जुटना होगा, क्योंकि वन्य जीवों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। मैं आप सभी से यह अनुरोध करता हूं कि हम सभी वन्य जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकल्प लें और उनके संरक्षण में अपना योगदान दें।

अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री मनोज सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह अत्यन्त प्रसन्नता की बात है कि आज हम इस दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। आज के समय को दृष्टिगत रखते हुए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने टेक्नोलॉजी पर बल देते हुए कहा कि हमारे पास जो भी नई तकनीकी हो हमें उसका उपयोग करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। पिछले दिनों बिजनौर में जब तेंदुओं की संख्या बढ़ गयी थी, तो हमने थर्मल ड्रोन कैमरे का उपयोग किया था, इससे हमें यह पता चलता है कि वन्य जीव कहाँ पर विचरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का समय का है, जिसमें केवल एक ज्मगज में लिखना होगा और फिर फिल्म बनाने का कार्य ।प् का है। वन्यजीव इसलिए जरूरी हैं क्योंकि ये हमें एक स्वस्थ पारिस्थितिकीय तंत्र देते हैं। आज विश्व में 10 मिलियन वन्य जीवों की प्रजातियाँ हैं। जो प्रजातियाँ विलुप्त होने की कगार पर हैं, हमें उन्हें बचाने हेतु आवश्यक एवं कड़े कदम उठाने होंगे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, सुधीर कुमार शर्मा ने सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्राणी उद्यान, लखनऊ को बहुत-बहुत धन्यवाद। जब भी प्रधानमंत्री की बात होती है तो हम सब जानते हैं कि चाहे विदेश नीति की बात हो, चाहे अर्थ व्यवस्था की बात हो या अन्य किसी भी क्षेत्र की प्रधानमंत्री का बहुत बड़ा योगदान रहता है। हमारे देश एवं प्रदेश में टाइगर एवं लेपर्ड की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि हमारा टेक्नोलॉजी के साथ चलना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी, जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष को समाप्त किया जा सके।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव संजय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस पर हम पूर्णरूप से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर विजिटलाइजेशन आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव ने एक छोटा सा वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। प्राणी उद्यान द्वारा प्रस्तुत डिजिटल जू हेतु किये जा रहे प्रयास हेतु उन्होंने निदेशक महोदया को बधाई दी। पूरे देश में टॉप 5 में प्राणी उद्यान, लखनऊ का होना गर्व की बात है। इसके लिए प्राणी उद्यान, लखनऊ के अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने प्राणी उद्यान में वन्यजीवों के अंगीकरण के लिए भी आवाह्न किया कि हम सभी को कम से कम एक वन्यजीव का अंगीकरण अवश्य करना चाहिए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्ययोजना एवं मूल्यांकन सुनील चैधरी ने अपने सम्बोधन में विश्व वन्यजीव दिवस-2024 जिसकी थीम पद का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीक को हमें तब तक ही उपयोग में लाना चाहिए जब तक उससे हमें कोई नुकसान न हो। तकनीक पर हमें पूर्ण रूप से आश्रित नहीं होना चाहिए। मानव वन्यजीव संघर्ष के बारे में कहा कि मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया है, जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में कमी आयी है।

## मंत्री ने निदेशक प्राणी उद्यान को प्रदान किया ट्राफी एवं प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** राजभवन में लगी शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ के तितली पार्क को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मंत्री द्वारा निदेशक प्राणी उद्यान अदिति शर्मा को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि अगले वर्ष भी प्राणी उद्यान प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। सभी अतिथियों के समक्ष टपतजनंर्स वव का एक प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। एक प्रयास किया जा रहा है कि जो लोग जू नहीं आ पाते हैं वह व्दसपदम टपतजनंर्स वव के माध्यम सें वव को देख सकें। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर प्राणी उद्यान, लखनऊ द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 4 स्कूलों के लगभग 50 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें विजेता प्रतियोगियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राणी उद्यान में कार्यरत 25 कर्मचारियों को अच्छा कार्य करने हेतु प्रति कर्मचारी को रू. 1000 नकद पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। निदेशक प्राणि उद्यान द्वारा आये हुए भी अतिथियो को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया। अबू अरशद खाँ, उप वन्य जीव प्रतिपालक, लुप्तप्राय परियोजना, उत्तर प्रदेश द्वारा कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परितर्वन मनोज सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्ययोजना एवं मूल्यांकन सुनील चैधरी, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान अदिति शर्मा के साथ वन विभाग एवं प्राणी उद्यान के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तारा शक्ति केद्रों की महिलाओं ने किए अयोध्या धाम के दर्शन



**लखनऊ।** सरोजनीनगर नित प्रगति के नए आयाम स्थापित करने के साथ-साथ धार्मिक-आध्यात्मिक विकास की भी नई गाथा लिख रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक ओर निरंतर धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण हो रहा है तो वहीं %रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा% निश्शुल्क बस सेवा के माध्यम से लोगों को तीर्थ यात्रा भी कराई जा रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह की माता तारा सिंह की प्रेरणा से शुरू की गई इस बस सेवा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों खासकर वृद्धजनों और महिलाओं को नि:शुल्क अयोध्या दर्शन करवाना है।

रविवार को सरोजनीनगर से 19वीं रामरथ अयोध्या श्रवण यात्रा का संचालन किया गया। इस बार तारा शक्ति केंद्रों की महिलाओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराए गए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने पूर्व में सरोजनीनगर की महिलाओं को अयोध्या दर्शन कराने का वादा किया था। अपने इसी वादे को पूरा करते हुए उन्होंने पहले चरण में 5 तारा शक्ति केंद्रों में कार्य करने वाली महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों को यात्रा करवाई। रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के माध्यम से ग्राम ऐन, लतीफ़नगर, लोनहा, भटगांव एवं औरावां के तारा शक्ति सिलाई केंद्रों की माताओं-बहनों को परिवार समेत रामलला के दर्शन के लिए भेजा गया। भगवान श्री राम के जयकारे के साथ पूरे उत्साह से यात्रा की शुरूआत हुई। पूरे सफर में डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम ने दर्शनार्थियों की हर सुविधा का ख्याल रखा। पूरे जोश खरोश के साथ बस अयोध्या पहुंची। महिलाओं ने रामलला के दर्शन किए किया और सकुशल वापसी की।

यात्रा के दौरान दर्शनार्थियों को रामचरित मानस की प्रति भेंट स्वरुप दी गई। आयोध्या दर्शन के बाद महिलाओं ने विधायक डा. राजेश्वर सिंह की इस पहल की खूब सराहना की। महिलाओं ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमें ऐसा विधायक मिला है जो विकास के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर हमारे लिए कार्य करता है।

इस बाबत डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर की माताओं से किए वादे को पूरा करते हुए प्रथम चरण में 5 तारा शक्ति केंद्रों की महिलाओं को अयोध्या दर्शन कराया गया है। आने वाले समय में सभी तारा शक्ति केंद्रों की महिलाओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जाएंगे। अब तक इस निश्शुल्क बस सेवा के माध्यम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के वृद्धजनों-महिलाओं को अयोध्या व नैमिषारण्य धाम के दर्शन कराए गए है। सरोजनीनगर परिवार के सदस्यों को तीर्थ यात्रा कराने के लिए यह बस सेवा निरंतर चलती रहेगी।

# संवाद और सम्मान का महाभियान है 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम : डॉक्टर राजेश्वर सिंह

**● नरायनपुर के 20 वृद्धजनों को किया गया सम्मानित, यूथ क्लब स्थापित कर वितरित की गई स्पोर्ट्स किट**



**लखनऊ।** डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की जनता से सहज उपलब्धता, संवाद, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए निरंतर संचालित 'आपका विधायक, आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर एक महाभियान बन चुका है। यहां केवल जनसुनवाई ही नहीं होती बल्कि मेधावियों का सम्मान, खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरण, तारा शक्ति निश्शुल्क रसोई के माध्यम से भोजन और वृद्धजनों को सम्मानित भी किया जाता है। रविवार को ग्राम नरायनपुर में 63वां आपका विधायक, आपके द्वार का आयोजन किया गया। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम ने ग्रामीणों से सहज संवाद किया व उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान आवास, सड़क, नाली, हैंडपंप समेत कई समस्याएं सामने आईं। कई समस्याओं के निस्तारण तत्काल किया गया तो अन्य के समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास संबंधित सुझाव भी प्राप्त किए गये। साथ ही विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी उन्हें अवगत कराया।

शिविर के दौरान 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत 4 मेधावियों शौर्य सिंह, समीक्षा सिंह, विकास शंकर कश्यप और आयुषी सिंह को साईकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित और सम्मानित करने के क्रम में अब तक 560 से अधिक बच्चों को साईकिल और टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। खेल संसाधनों के प्रसार के सतत क्रम में ग्राम नरायनपुर में 126वें %स्पोर्ट्स क्लब% का गठन कर युवाओं को स्पोर्ट्स किट प्रदान की गयी। साथ ही ग्राम नरायनपुर की 10 वृद्ध महिलाओं को साड़ी एवं 10 वृद्ध पुरुषों को कुर्ता देकर सम्मानित किया गया, इस दौरान तारा शक्ति नि:शुल्क रसोई से क्षेत्रवासियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। जनसंवाद एवं जनसहयोग से विधायक डॉ. राजेश्वर के सरोजनीनगर का समग्र विकास के प्रयासों में आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जिलें के 34 राजकीय विद्यालयों में निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास

संवाददाता। सोनभद्र



**राजकीय मा**ध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार के निर्देशन में प्रोजेक्ट अलंकार योजना का शुभारंभ शिलान्यास कार्यक्रम जनपद मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में रविवार को आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा राजकीय जुबली इंटर कॉलेज गोरखपुर से लोकार्पण किया गया जिसका सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद पकौड़ी लाल कोल सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत अपना दल के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल उप शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह व राम आधार कोल समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर जनपद में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अतिथिगणों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित शिलापट्टो का लोकार्पण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव नें जानकारी देतें हुए बताया कि सत्र 2023-24 के अंतर्गत जनपद के 34 चयनित राजकीय विद्यालयों में संचालित होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों यथा राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल में 10 कक्षा कक्ष के निर्माण राजकीय इंटर कॉलेज कोन में तीन कक्षा कक्ष के निर्माण सहित विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मल्टीपरपज हाल पुस्तकालय कक्ष भौतिक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला जीव विज्ञान प्रयोगशाला अतिरिक्त कक्षा कक्ष व स्वच्छ पाइप पेयजल योजना हेतु प्रथम किस्त की धनराशि के रूप में 10 करोड़ 40 लाख रुपए शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गई है जनपद में इन कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड मिर्जापुर इकाई को नामित किया गया है। आयोजन में चुर्क विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम में अरविंद सिंह कमलेश यादव विजय दुबे उपस्थित रहें। संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## कोर्ट के बजाए स्वयं में उलझे वकीलों के केस सुनने से जज ने किया इंकार

**प्रयागराज।** दोनों पक्ष के वकीलों को कोर्ट के बजाय आपस में ही बहस करते देख जज ने स्वयं को केस की सुनवाई से अलग कर लिया। कहा वकीलों के इस आचरण सराहनीय नहीं कहा जा सकता।कोर्ट ने कहा केस की सुनवाई के लिए दूसरी पीठ नामित की जाए। जिसमें वह शामिल न हो।और केस फाइल मुख्य न्यायाधीश को प्रेषित कर दी। शुआटस नैनी के प्रो आर बी लाल की जमानत अर्जी की सुनवाई न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान की कोर्ट में चल रही थी। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी और अनुज श्रीवास्तव और राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता पी के गिरी बहस कर रहे थे। वह कुछ समय के लिए आपस में ही उलझ गये और आपस में ही तर्क-वितर्क करने लगे। जो कोर्ट को नागवार गुजरा तो न्यायमूर्ति ने स्वयं को केस की सुनवाई से ही अलग कर लिया।

# बोर्ड परीक्षा को बदनाम करने की कोशिश

संवाददाता। प्रयागराज

- केंद्र व्यवस्थापक समेत तीन को जेल, पांच के खिलाफ प्राथमिकी
- मुख्य संदिग्ध पुलिस कस्टडी में, विद्यालय की मान्यता समाप्त

**यूपी बोर्ड ने** आगरा में एक परीक्षा केंद्र द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिश को अत्यंत गंभीरता से लिया है। परीक्षा शुरू होने के सवा घंटे बाद प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर शेयर करने के मामले में बोर्ड ने फौरी कदम उठाते हुए केंद्र व्यवस्थापक बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी है। परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक समेत एवं एक अन्य को जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी विद्यालय का कम्प्यूटर आपरेटर पुलिस गिरफ्त में है। बोर्ड ने एक बैठक कर पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी भी गठित कर दी है। आगरा के संबंधित विद्यालय अतर सिंह इंटर कालेज रोझौली की मान्यता भी समाप्त कर दी गई है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को पुलिस ने हिरासत में लिया है और पूछताछ हो रही है। इंटर की परीक्षा में एक वाट्सएप ग्रुप पर 3.11 बजे जीव विज्ञान एवं गणित का पेपर वायरल किया गया। पेपर वायरल करने वाला व्यक्ति अतर सिंह इंटर कालेज रौझौली का कंम्प्यूटर आपरेटर विनय चौधरी था। कर्मचारी ने ऑल प्रिन्सीपल्स आगरा नाम के वाट्सएप ग्रुप पर पेपर को वायरल किया था। जिस समय यह पेपर वायरल किया गया तब तक परीक्षा को शुरू हुए सवा घंटे बीत गए थे। पेपर वायरल होने की जानकारी मिलने पर बोर्ड के अफसर सर्तक हो गए। जांच की तो मामला परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने का सामने आया। बोर्ड ने माना कि परीक्षा केंद्र के जिम्मेदार परीक्षा व्यवस्था को भंग करने की साजिश में लिप्त थे। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने पूरे प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते हुए परीक्षा व्यवस्था को बदनाम करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मामले में आगरा के जिला विद्यालय निरीक्षक ने अतर सिंह इंट रकालेज रौझौली आगरा के केंद्र व्यस्थापक राजेंद्र सिंह बाह्य केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुख्य आरोपी कंम्प्यूटर आपरेटर विनय चौधरी को माना गया है। केंद्र व्यवस्थापक एवं मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। वाटसएप ग्रुप भी जांच के दायरे में है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट गजेंन्द्र सिंह से पुलिस पूछताछ कर रही है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि आगरा के संबंधित विद्यालय की मान्यता वापस ले ली गई है। परीक्षा केंद्रों पर अब कोई भी मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। सिर्फ अधिकृत व्यक्ति को ही मोबाइल रखने का अधिकार होगा।

# लोकसभा निर्वाचन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी ,अपर नोडल अधिकारी प्रभारी अधिकारी,उड़न दस्ता टीम,समस्त स्थाई निगरानी टीम,समस्त एमसीसी टीम,समस्त क्षेत्राधिकारी,थाना अध्यक्ष के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित किया गया।बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी,अपर जिलाधिकारी द्वारा विस्तार पूर्वक आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारी के बारे में बिंदुवार जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त नोडल अधिकारी,अपर नोडल अधिकारी ,प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाए गए समस्त कार्मिक दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें जिससे आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाए, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों व आदेशों का अक्षरश- पालन करें। किसी भी प्रकार के लापरवाही करने पर पूर्णत- जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी दया शंकर पाठक,अपर पुलिस अधीक्षक,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक , जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# तंबाकू से होने वाले नुकसान और बचाव के बताए गए उपाय

- उत्तर मध्य रेलवे की केंद्रीय चिकित्सालय की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में मनाया जा रहा शताब्दी समारोह

संवाददाता। प्रयागराज




**उत्तर मध्य** रेलवे की केंद्रीय चिकित्सालय की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डा जे पी रावत के संरक्षण में तथा चिकित्सा निदेशक डा एस के हांडू के निर्देशन में मार्च महीने में शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन एक निश्चित विषय पर केंद्रीय चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में संबंधित विषय पर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों द्वारा जानकारी पाने के लिए लोग इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ एक मार्च को डा जे पी रावत प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय में तंबाकू जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा रोहित कुमार ने तंबाकू से होने वाले नुकसान इससे बचाव के विभिन्न उपाय बताए। उन्होंने लोगों से तंबाकू की लत पूर्ण रूप से छोड़ने की अपील की। कार्यक्रम में डा जे पी रावत डा एस के हांडू डा एस पी शर्मा डा कल्पना मिश्रा तथा डा मंजुलता हांडू ने भी संबोधित किया तथा लोगों को जागरूक किया। दो मार्च को केंद्रीय चिकित्सालय परिसर में रेबीज नई रेबीज रोधी टीका विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा अनुराग यादव ने रेबीज के नई वैक्सीन के बारे में बताया। उन्होंने रेबीज को लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की रेबीज एक जानलेवा बीमारी है तथा वैक्सीन ही इससे बचने का एकमात्र उपाय है। रेबीज वाहक जंतुओं के काटने पर प्राथमिक उपचार भी बताया तुरंत ही चिकित्सक से सलाह लेकर वैक्सीन लगवाने तथा वैक्सीन का कोर्स पूरा करने की सलाह दी।अपने पालतू जानवरों का भी टीकाकरण अवश्य कराएं। इसके अतिरिक्त वैक्सीन की क्रिया प्रणाली पर भी उन्होंने संक्षिप्त व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डा एस के हांडू डा एस पी शर्मा डा कल्पना मिश्रा डा मंजुलता हांडू डा एस एस नायक डा रीना अग्रवाल डा नुपुर पांडेय ने भी रेबीज के संबंध में लोगों का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन चिकित्सालय कर्मी तरुण जैन मोडेस्टा टोपेनो सीता गुप्ता राजकुमार जितेंद्र वर्मा सुमंती तथा सत्येंद्र कुमार ने किया।

## क्विक न्यूज

### आदर्श अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शरद का निधन

**प्रयागराज।** आदर्श अधिवक्ता संघ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अध्यक्ष और केंद्र सरकार के पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता शरद चंद्र मिश्र उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर रविवार को किया गया। स्व मिश्र अपने पीछे धर्म पत्नी विजया मिश्रा पुत्र गौरव मिश्र पुत्री पूजा मिश्रा सहित दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पडिला गांव के मूल निवासी मिश्र का शंभू बैरक प्रयागराज में आवास है। स्व मिश्र के निधन पर अधिवक्ता संगठनों और अधिवक्ताओं ने गहरा शोक प्रकट किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डिप्टी सालिसिटर जनरल भारत सरकार ज्ञान प्रकाश केंद्र सरकार के अधिवक्ता और प्रयागराज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार चटर्जी महासचिव राजेश त्रिपाठी कृष्ण जी शुक्ल अशोक सिंह बी के सिंह रघुवंशी रमेश चंद्र शुक्ल अतुल कुमार पाण्डेय आदर्श अधिवक्ता संघ के महासचिव सभाजीत सिंह सी बी सिंह भूपेंद्र निषाद के डी मालवीय अरविंद गोस्वामी प्रदीप द्विवेदी आर सी पांडेय वी सी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### ज्वाला देवी सिविल लाइंस में शारीरिक क्षमता प्रदर्शन संपन्न

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस प्रयागराज के विशाल प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार के दिशा निर्देशन में शारीरिक क्षमता संबंधित विभिन्न शारीरिक क्षमता प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम योग पिरामिड प्रदर्शन जिमनास्टिक प्रदर्शन ताइक्कांडो प्रदर्शन कराटे का प्रदर्शन तथा साहसी कार्यक्रम के अंतर्गत टाइल्स तोड़ने का कार्यक्रम एवं आग के गोले में से कूदने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शरीर क्षमता प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी भैया बहन बहुत ही उत्साहित होकर प्रतिभा किया। यह संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के शारीरिक प्रमुख आचार्य अजीत सिंह तथा विनोद एवं कौम्या त्रिपाठी के देखरेख में संपन्न हुआ। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरोज कुमार दुबे की ओर से दी गई।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन आज

**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र व सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में कविगोष्ठी का आयोजन जनपद सृजन दिवस के उपलक्ष्य मे 4 मार्च को दोपहर 3 बजे से जनपद मुख्यालय स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट के संयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी ने बताया कि कविगोष्ठी की अध्यक्षता मानवता वादी काव्य शिल्पी अजय शेखर करेंगे। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार पारसनाथ मिश्र जगदीश पंथी रामनाथ शिवेंद्र सुशील राही अजय चतुर्वेदी कक्का अब्दुल हई समेत जनपद के श्रेष्ठ कवि व कवयित्री कविता के माध्यम से सद्भावना समरसता एकता अखंडता का संदेश देगें।

### जामवंत से हनुमान जी के पदचिन्हों पर चलकर ही मानव समाज की भलाई है संभव

**गाजीपुर।** जनपद में सिद्धेश्वर नगर जिला पत्रकार समिति हाल में मिशन जामवंत से हनुमान जी के राष्ट्रीय संयोजक सूर्य कुमार सिंह के प्रमुख संयोजन में मिशन जामवंत से हनुमान जी के प्रदेश संयोजक कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के संचालन में वरिष्ठ कवि दिनेश शर्मा के अध्यक्षता में प्रोफेसर श्रीकांत पाण्डेय मुख्य अतिथि के गरिमामयी उपस्थिति में मिशन जामवंत से हनुमान विषयक बौद्धिक विचार मंथन एवं काव्य संगोष्ठी के दौरान मानव समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को पर्यावरण जागरूकता स्मृति सम्मान भेंट किया गया। उक्त अवसर पर प्रमुख संयोजक सूर्य कुमार सिंह, मुख्य अतिथि श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि मिशन जामवंत से हनुमान जी के साथ जुड़कर शहर से गांव तक गली, नुक्कड़ चौराहों पर आमजन जागरण, स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ, अनुभवी विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जामवंत रुपी अग्रजों का मार्गदर्शन पाकर युवा,बालक मानवतावाद को कायम रखते हुए संपूर्ण समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। काव्य संगम में औषधि पण्डित कवि रंगबहादुर सिंह ने रामजी मन्दिरवा में अईलन,होला जय-जयकार, कवि इंद्रजीत निर्भीक ने कईसन ई रिति बनल केतना दुखदाई, बिटिया त जरि गईलिन अगिया लगाई, कवि हरिशंकर पाण्डेय ने गेहुंआ क बलिया हो रामा सुगना जुठरले होकि कईसे-कईसे न, कवि विनय पाण्डेय बहुमुखी ने श्री जामवंत, हनुमान जी के पथ पर हम सबको चलना होगा,आसुरी प्रवृत्तियों का शमन करके जय-जय श्रीराम करना होगा, कवि भगवती प्रसाद राय ने जन- जन का हौसला बुलंद किए अपने जामवंत, असुरों का संहार किए,अपने श्रीराम भक्त हनुमंत,संजय पाण्डेय ने -तूं मेरी न हो सकी, मैं तेरी चाहता में जिया, कितने भी दर्द सहे फिर भी हम चुप रहे, यशवन्त यादव ने - जहां गंगा जमुनी की तहजीब, सदियों से सलामत है,वह सर जमीं है गाजीपुर सहित अनेकों रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# हर क्षेत्र सें लिया जाएगा संकल्प पत्र के लिए सुझाव : भूपेश चौबे



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलायें जा रहे अभियान के अन्तर्गत संकल्प पत्र सुझाव विकसित भारत मोदी की गारन्टी कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधान सभा क्षेत्र के चुर्क नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान से संबंधित पेटी सदर विधान सभा के हर क्षेत्र में रखी जाएगी। जिसमें आम लोग अपने सुझाव इस पेटी में लिखित रूप से रखेंगे इसके अलावा पार्टी ने नमो ऐप और मोबाइल नंबर 9090902024 को जारी किया है। पार्टी ने इस अभियान के लिए एलईडी प्रचार रथ भी शुरू किया है, जो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से सुझाव मांगने का काम करेगा। उन्होनें कहाकि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देशवासियों से सुझाव मांगें जा रहें है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा चुनाव संयोजक शीतला आचार्य व संचालन मण्डल अध्यक्ष चुर्क महेन्द्र नाथ पाण्डेय नें किया। इस अवसर पर लोक सभा चुनाव के संयोजक अमरेश सिंह पटेल विधानसभा चुनाव प्रभारी राजेन्द्र सिंह पटेल नगर पंचायत चुर्क घुर्मा अध्यक्ष मीरा यादव भाजपा ओ0बी0सी0 मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी अनिल पाण्डेय जयराम अरुण सिंह सुवेदार सिंह हिभांशु खत्री सूरज चन्द्रवंशी विशाल सिंह अजय सिंह हेसला पाण्डेय संजय सिंह शिवकुमार सिंह संजय जैन विमलेश पटेल साधना सिंह संगीता सिंह दीपचंद महतो जयराम वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आकर्षण का केंद्र बना रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रयागराज।** लेखक निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा का इंडियन पैनोरमा में ऑफिशियली सलेक्शन के साथ 52वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आई एफ एफ आई गोवा में तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ। उसके बाद फिल्म अल्फा बीटा गामा ने दुनियां भर के एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में आकर्षण का केंद्र बनी। एक लव स्टोरी फिल्म देश भर के सिनेमाघरों में आ रही है आठ मार्च को जिसका नाम है अल्फा बीटा गामा। फिल्म के लेखक और निर्देशक श्रीकुमार शंकर कहते हैं कि हमारी एक शानदार टीम है जिसमें सभी दोस्त हैं और हम सभी ने मिलकर रिश्तों की कहानी का एक नया पहलू दिखने की कोशिश की है। दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में हमारी फिल्म को काफी प्यार मिला है और मुझे लगता है कि इसे दर्शक भी खूब पसंद करेंगे। साल दो हजार बाइस में आई एन बी मिनिस्ट्री ने फिल्म अल्फा बीटा गामा को भारत का नेतृत्व करने के लिए बर्लिन फिल्म महोत्सव में भेजा।

# श्री शिव प्रताप सिंह इण्टर कालेज प्रबन्ध समिति का चुनाव सम्पन्न




**मिर्जापुर।** श्री शिव प्रताप सिंह इण्टर कालेज पवारी कलां के प्रबन्ध समिति का चुनाव रविवार 03 मार्च को विभागीय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रबन्धक समिति के पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें रविन्द्र नाथ तिवारी अध्यक्ष, अनंगपाल सिंह उपाध्यक्ष, कृष्ण पाल सिंह प्रबन्धक,अरविन्द कुमार द्विवेदी उपप्रबन्धक, धनश्याम सिंह कोषाध्यक्ष, प्रभाकर दूबे सदस्य, रामप्यारे शुक्ल सदस्य, ईश्वर दयाल विश्वकर्मा सदस्य, रामसखा सिंह सदस्य व विजय शंकर मिश्र सदस्य निर्वाचित किये गये।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी चारों इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुवा शुभारंभ





**गजीपर।** जनपद के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार 3 मार्च को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ राघवेंद्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी चारों इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कुशलपाल श्रोतशाला में प्रभारी प्राचार्य डा? बद्री नाथ सिंह एवं एसोसिएट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ लव जी सिंह, की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ, मुख्य अतिथि डा? बद्री नाथ सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने माँ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा? बद्री नाथ सिंह ने स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कैसे विभिन्न योजनाओं एवं जागरूकता अभियान द्वारा समाज को जागरुक किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है जिससे वह अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का दृढ़ होकर मुकाबला कर सकता है उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के लोगो के अर्थ को विस्तार से बताया। लोगो का लाल एवं नीला रंग स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊर्जावान होने के लिए प्रेरित करता है लोगो का पहिया निर्माण, संरक्षण के चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। डॉ लव जी सिंह ने स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को समाज से जोड़ता है साथ ही उन्होंने स्वयं सेवकों को अनुशासित एवं संयमित रहने की प्रेरणा भी प्रदान की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा? रुचि मूर्ति सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा? शिव शंकर यादव ने कार्यक्रम का सकुशल संचालन किया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डा? त्रिनाथ मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र एवं सहायक कर्मचारी श्री राम प्रवेश, राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1, 2, 3 एवं 4 के सभी स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

## ट्रस्ट के माध्यम से सीओ ने रिक्शा चालकों को दिया दो लाख का चेक

**मुग़लसराय/चन्दौली।** सबजग चलह्ननहार ट्रस्ट की ओर से रविवार को नगर के रिक्शा चालकों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से होली पर्व के मद्देनजर ?रिक्शा कमेटी के अध्यक्ष कयामुद्दीन को मुख्य अतिथि सीओ पीडीडीयू नगर अनिरूद्ध सिंह ने दो लाख रुपये का चेक सौंपा। वही डीडीयू सीओ अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि बदलते दौर में रिक्शा चालकों की स्थिति काफी खराब हो गई है। ऐसे में सबजग चलह्ननहार ट्रस्ट की ओर से होली के मद्देनजर रिक्शा चालकों के लिए जो कार्य किया गया है यह काफी सरहानीय है। वही संस्था के लोगो को सुझाव दिया कि इन गरीब रिक्शा चालकों को छोटे मोटे व्यापार कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाय ।संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जुनेजा ने कहा ?कि छोटी-छोटी मदद कई बार लोगों के लिए बड़ी खुशी बन जाती है। संगठन की ओर से रिक्शा चालकों के लिए इ ?सलिये किया गया ताकि ये भी होली की खुशियों को परिवार संग बेहतर तरीके से मना लें। संगठन के उपाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर समाज के जरूरतमंदों की मदद की जाती है। भविष्य में भी ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों की मदद की जाएगी वहीं होली त्योहार के पहले उनको एक लान में एकत्रित कर पैंट शर्ट गमछा देने के साथ ही भोजन कराया जाएगा । वही चेक मिलते ही रिक्शा चालकों में खुशी की लहर दौड़ गयी । रिक्शा चालकों ने कहा कि हर त्योहार के अवसर पर संस्था के द्वारा हमलोगों के लिए आर्थिक मदद करते रहते है और हमलोग अपने परिवार संग त्योहार का आनन्द उठाते है । इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र जुनेजा उर्फ विक्की जुनेजा उपाध्यक्ष आशीष जायसवाल कोषाध्यक्ष सागर गुप्ता, महामंत्री डब्लू राय संरक्षक शुभम जुनेजा, सोनू जूनेजा, बबलू जुनेजा रिंकू पीयूष सिंह लवली सिंह निर्भय सिंह पप्पू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र में भूतपूर्व सैनिक रैली आयोजित

**प्रयागराज।** 39 जीटीसी में मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित भव्य एक्स सर्विसमैन रैली का समापन हो गया। उक्त रैली भूतपूर्व सैनिकों के उत्थान सहायता और समर्थन के लिए आयोजित की गई। रैली में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान भूतपूर्व सैनिकों की विविध जरूरतों और मामलों पर एक मंच के रूप में कार्य किया गया। स्पर्श सहायता केंद्र चिकित्सीय सहायता कौशल विकास और वीर नारियों को सम्मान किया गया। रैली में प्रदान कराई जा रही सुविधाओं का मुख्य लक्ष्य भूतपूर्व सैनिकों को जरूरी सेवाओं से अवगत कराना और उन्हें विविध सहायताएं प्रदान करना था। एक्स सर्विसमैन सेल भूतपूर्व सैनिकों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करते हुए आशा और समर्थन की किरण के रूप में खड़ा है। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत अति विशिष्ट सेवा मैडल सेना मैडल जीओसी मध्य भारत एरिया उपस्थित रहे। रैली में मेजर जनरल जे एस बैंसला सेना मैडल जीओसी पूर्व यूपी एवं एमपी सबएरिया और ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता सेना मैडल कमांडेंट 39 जीटीसी उपस्थित थे। रैली में सीनियर वेटरन मेजर जनरल अशोक कुमार सिंह सेवानिवृत्त और सुबेदार अनवरुद्दीन सेवानिवृत्त उपस्थित रहे।रैली का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों को यह सन्देश देना था कि हमें उनकी चिंता है और उनके द्वारा किये गये बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। रैली का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों का समाधान करना उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करना और उनके लिए उपलब्ध विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है। जिस उद्देश्य को हासिल कर लिया गया।मध्य भारत एरिया ने रैली को सफल बनाने के लिए उनके समर्थन और योगदान के लिए प्रतिभागियों वालंटियर्स और स्टेक होल्डर्स के प्रति आभार प्रकट किया। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने दी।

# तेंदुओं की संख्या

## स्वागत योग्य वृद्धि

**भारत में तेंदुओं की संख्या** मनुष्यों व प्रकृति से चुनौतियों के बावजूद बढ़ी है। बढ़ते पर्यावरणीय व मनुष्य-वन्यजीव टकराव के बावजूद भारत में तेंदुओं की संख्या में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है और यह 13,874 पहुंच गई है। यह वृद्धि इन शानदार वन्यजीवों की दृढ़ता तथा भारत में संरक्षण प्रयासों की सफलता का नतीजा है। भारत में तेंदुए विभिन्न भागों में पाए जाते हैं जिनमें घने जंगलों से लेकर शहरी क्षेत्र तक शामिल हैं। लेकिन मानव बस्तियों से निकटता अक्सर टकराव का कारण बनती है। भोजन या क्षेत्र की तलाश में तेंदुए अक्सर गांवों में पहुंच कर मवेशियों व कभी-कभी मनुष्यों पर हमले करते हैं। ऐसे टकराव से तेंदुओं और मनुष्यों, दोनों को काफी खतरा पैदा होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ये चुनौतियां बढ़ी हैं क्योंकि प्राकृतिक पर्यावास बदलने के साथ शिकार की उपलब्धता घटी है। जंगलों के विखंडित होने, जैव-विविधता के नुकसान तथा अन्य चुनौतियों के कारण तेंदुओं की संख्या पर दबाव बढ़ा है। इसके साथ ही उनका शिकार एक मुनाफे वाला बिजनेस बन गया है। बहुत से प्रभावशाली लोग पीछे छिप कर स्थानीय लोगों को उनके शिकार में लगाते हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उनको दंड दिया जाना चाहिए। लेकिन इन विपरीत परिस्थितयों के बावजूद भारत में तेंदुओं की संख्या में वृद्धि अनेक कारणों से हुई है जिनमें संरक्षण की पहलें तथा कठोर वन्यजीव संरक्षण कानून शामिल हैं।

सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों-एनजीओ को पर्यावास संरक्षण, शिकार-विरोधी प्रयासों तथा स्थानीय समुदायों में तेंदुआ संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के काम में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है।



'कैमरा ट्रैपिंग' तथा 'सेटेलाइट ट्रैकिंग' जैसी तकनीकों के प्रयोग से तेंदुओं के व्यवहार, पर्यावास प्रयोग तथा उनकी संख्या में परिवर्तन के बारे में गहन जानकारी मिली है जिसे संरक्षण रणनीतियों में शामिल किया गया है। समुदाय-आधारित संरक्षण दृष्टिकोण ने अच्छे नतीजे दिखाए हैं। स्थानीय समुदायों को संरक्षण प्रयासों में शामिल करने से उनके भीतर स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। तेंदुओं की संख्या में लगातार वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सरकारी प्रयासों की जरूरत है। हालांकि, तेंदुओं की संख्या में वृद्धि स्वागत योग्य है, पर इससे मानव जीवन को नुकसान नहीं होना चाहिए। तेंदुए वाले क्षेत्रों में उनके व्यवहार, संरक्षण महत्व तथा टकराव से बचने वाली रणनीतियों के बारे में जागरूकता अभियान चलाये जाने चाहिए। कम लागत वाले ऐसे तरीके खोजे जाने चाहिए जिनसे मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उदाहरण के लिए, सुंदरबन में निवासी अपनी पीठ पर एक मास्क पहनते हैं ताकि रायल बंगाल टाइगर्स को भ्रमित किया जा सके। इसके साथ ही तत्काल पर्यावास संरक्षण प्रयास मजबूत करने की जरूरत है जिसमें पुनर्वनीकरण, वन्यजीव गलियारों की स्थापना तथा प्राकृतिक पर्यावासों में मानव घुसपैठ रोकना शामिल है। यह गलत धारणा भी दूर करने की जरूरत है कि ग्रामीण समुदाय जानवरों के प्रति शत्रुतापूर्ण भावना रखते हैं क्योंकि वे शताब्दियों से वन्यजीवों के बीच में रह रहे हैं। शिकार, अवैध वन्यजीव व्यापार तथा पर्यावास विनाश रोकने के लिए कानून-व्यवस्था एजेंसियों को वन्यजीव संरक्षण कानून कठोरता से लागू करने चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा पड़ोसी देशों से सहयोग कर सीमापार संरक्षण प्रयासों में भी सहायता करनी चाहिए। हमें नई वन्यजीव नीति बनाने की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान स्थितियों का ध्यान रखते हुए मानव-वन्यजीव हितों में संतुलन बनाया गया हो।

# भारतीय राजनय की भावनात्मक शक्ति

भारत विश्व मंच पर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भावनात्मक शक्ति के विभिन्न आयामों का प्रयोग कर रहा है। इससे राजनयिक संबंध गहरे होते हैं तथा क्षेत्रीय स्थायित्व बढ़ता है।



**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, असोसियेट प्रोफेसर हैं)



भारत विश्व मंच पर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भावनात्मक शक्ति के विभिन्न आयामों का प्रयोग कर रहा है। इससे राजनयिक संबंध गहरे होते हैं तथा क्षेत्रीय स्थायित्व बढ़ता है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय शक्ति के परंपरागत आयामों में परिवर्तन हो रहा है। नीति-निर्माता और राजनयिक लगातार अंतरराष्ट्रीय संबंधों को परिभाषित करने तथा उनको स्वरूप प्रदान करने में भावनात्मक शक्ति के तत्वों की पहचान कर रहे हैं। इससे केवल सैनिक शक्ति के बजाय सांस्कृतिक प्रभावों तथा नैतिक अधिकारों को महत्व मिल रहा है। भारत अत्यन्त प्राचीन व विविधतापूर्ण सभ्यताओं व संस्कृतियों का देश रहा है। वर्तमान समय में विश्व मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए भारतीय राजनयिक अपनी सांस्कृतिक धरोहरों का बहुत अच्छा प्रयोग कर रहे हैं।

भावनात्मक शक्ति के संदर्भ में देखें तो धर्म भी राजनीति को परिभाषित करने तथा उसे स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। नियाल फर्ग्यूसन ने कहा था, 'अक्सर विश्वास शक्ति का एक महत्वपूर्ण आयाम है और यह भौतिक संसाधनों जितना ही महत्वपूर्ण है। विश्वास से भले ही पहाड़ों को न खिसकाया जा सके, पर इससे लोगों में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है।' भारत ने इस शक्ति का बहुत महत्वपूर्ण ढंग से उपयोग किया है। भारत की रणनीतिक सांस्कृतिक राजनय का हालिया उदाहरण संयुक्त अरब अमीरात-यूएई में पहले हिंदू मंदिर की स्थापना है। इसके स्थापना समारोह के आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख भूमिका निभाई। यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मील का महत्वपूर्ण पत्थर है। भूक्षणवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण मंदिर-बीएपीएस के स्थापना समारोह के साथ भारत ने यूएई के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा किया है, जबकि उसने इस क्षेत्र के साथ सक्रिय रूप से गहन संबंध स्थापित किए हैं। इस आयोजन से भारत का राजनयिक दृष्टिकोण स्पष्ट होता है जो विश्वास, संस्कृति तथा धर्म पर आधारित है। इसका उद्देश्य अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है जिसमें सुरक्षा, ऊर्जा, समुद्री मामले तथा ढांचागत विकास शामिल हैं। मंदिर स्थापना आयोजन के अवसर पर हुई प्रधानमंत्री की यूएई यात्रा में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया जिनमें व्यापार, निवेश तथा सुरक्षा शामिल हैं।

खाड़ी देशों और भारत के बीच बदलते राजनयिक परिदृश्य को मजबूत करने वाला यह एकमात्र आयोजन नहीं है। भारतीय राजनय की विजय इस तथ्य से भी स्पष्ट हुई है कि कतर ने हाल ही में आठ भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया जिनको वहां 2022 में गिरफ्तार किया गया था। कथित रूप से जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार इन भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए भारत सरकार तथा कतर में भारतीय राजनयिको ने व्यापक और गंभीर प्रयास किए थे। इससे भारतीय राजनयिक व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता स्पष्ट हुई जो विदेशों में फंसे अपने नागरिकों को बाहर निकालने में सक्षम है।

व्यापक वार्ताओं तथा रणनीतिक संवाद के माध्यम से हमारी सरकार ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वह हर भारतीय के हितों का संरक्षण करने के मामले में प्रतिबद्ध है, भले ही वे दुनिया में चाहे जहां हों। दोहा यात्रा के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के साथ भारत के ऐतिहासिक और निकट संबंधों पर जोर दिया था। दोनों देशों के बीच मजबूत राजनयिक संबंधों ने परस्पर लाभदायक साझीदारी बढ़ाने तथा क्षेत्रीय संबंध मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इन राजनयिक पहलों का उद्देश्य केवल खाड़ी देशों के नेताओं के साथ निकट संबंध स्थापित करना ही नहीं है, बल्कि इनका उद्देश्य रणनीतिक योजनाओं के माध्यम से भारत की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना भी है। भारत ने मध्यपूर्व देशों के साथ दीर्घकालीन आर्थिक सहयोग विकसित किया है। इससे भारत की विकास योजनाओं में खाड़ी देशों के पूंजी निवेश के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग लगातार बढ़ता जा रहा है।

भारत की सांस्कृतिक राजनय का विस्तार केवल 'हिंदूवाद' के क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत ने 'बौद्ध सर्किट' का भी तेजी से व उल्लेखनीय विकास किया है जिसका उद्देश्य बौद्ध विरासती स्थलों को पुनर्जीवित व विस्तारित करने तथा इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना है। 'स्वदेश दर्शन योजना' के अंतर्गत इस तीर्थयात्रा सर्किट में बौद्ध परंपराओं के अनुसार चार प्रमुख पवित्र स्थलों- बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और लुम्बिनी को शामिल किया गया है। यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सर्किल है। नेपाल के लुंबिनी में भगवान बुद्ध के जन्मस्थल से लेकर यह सर्किट 'बौद्ध राजनय' की पहल रेखांकित करता है। इसका उद्देश्य बौद्ध धर्म के विचारों वाले देशों के साथ भावनात्मक शक्ति, पवित्र वस्तुओं तथा व्यापार संबंधों का विकास है। इस क्षेत्र तथा बौद्ध धर्म से प्रभावित क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक संबंधों के विस्तार से भारत इस क्षेत्र में दो देशों के बीच क्षेत्रीय टकरावों के कारण पैदा तनाव दूर करने के प्रयास कर रहा है। यह सीमापार के लोगों और भारतीय जनता के बीच व्यक्तियों के स्तर पर सकारात्मक संबंध विकसित करने का लक्ष्य भी सामने रखता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बौद्ध विरासती स्थलों का सांस्कृतिक संपत्तियों के रूप में प्रयोग कर रणनीतिक रूप से एशियान देशों के साथ संबंध मजबूत किए हैं। अप्रैल, 2023 में 'विश्व बौद्ध सम्मेलन' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि आधुनिक दुनिया की समस्याओं का समाधान भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को लागू कर हो सकता है। इस 'एक्ट ईस्ट' पालिसी के माध्यम से भारत ने एशिया-प्रशान्त क्षेत्र के प्रमुख देशों से अपने रणनीतिक संबंध मजबूत किए हैं। इसके लिए भारत और दक्षिणपूर्व एशियान देशों के साथ सांस्कृतिक संपर्क में बौद्धवाद का प्रयोग किया गया है। बौद्धवाद से ऐतिहासिक संबंधों की खोज कर भारत ने न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत मजबूत की, बल्कि इस भावनात्मक शक्ति से दुनिया भर से यात्रियों को भी आकर्षित किया। इन पहलों के माध्यम से भारत ने प्राचीन सभ्यताओं और परंपराओं के ध्वजवाहक के रूप में अपनी छवि मजबूत की है। इसके साथ ही पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने वाले उद्यमों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत एशियान देशों के साथ ज्यादा गहन संपर्क विकसित करने के लिए स्वयं को धार्मिक सहिष्णुता, बहुलवाद तथा दुनिया के जिम्मेदार देश के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

दुनिया के जिम्मेदार देश के दृष्टिकोण के रूप में देखें तो मानवीय सहायता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक उल्लेखनीय उदाहरण है। अदन की खाड़ी में जब हौती विद्रोहियों ने एक व्यापारी जहाज पर हमला किया तो भारतीय नौसेना ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मिसाइल डिस्ट्रायर आईएनएस विशाखपट्टनम को भेजा। इसके पहले भी भारत ने समुद्री डकैतों से निपटने और व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा देने के लिए भारतीय नौसेना का बार-बार प्रयोग किया है। इस हालिया घटना से दुनिया भर में एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई। इस प्रकार भारतीय राजनय का विस्तार संस्कृति के क्षेत्र से बाहर जाकर रणनीतिक संबंधों और मानवीय प्रयासों तक होता है। संकट में फंसे देशों तथा भारतीय समेत अन्य देशों के नागरिकों की सहायता कर भारत ने शांति और स्थायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मजबूत की है।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में संकटों के समय इन मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूर्णत: स्पष्ट की है। राजनय के क्षेत्र में हर संकेत और हर संवाद का प्रयोग द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने तथा गठबंधन बनाने में किया जाता है। सांस्कृतिक व सार्वजनिक राजय का आक्रामक ढंग से प्रयोग कर भारत ने विश्व मंच पर अपना प्रभाव बढ़ाया है। सक्रिय सबंधों तथा रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से भारत ने अंतरराष्ट्रीय मामलों में प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी स्थिति लगातार मजबूत की है। इस प्रकार उसने क्षेत्रीय स्थिरता तथा वैश्विक सहयोग में भी योगदान किया है।

# दिल्ली में फूलों का वैभव

"दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल लचीलेपन, सुंदरता और जीवन के शाश्वत नृत्य की स्थायी भावना का प्रमाण है।"

**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन संस्थान में कार्यरत हैं)



नई दिल्ली के कूटनीतिक क्षेत्र चाणक्यपुरी के केंद्र में स्थित, शांति पथ जीवंत रंगों से चित्रित एक मंत्रमुग्ध कर देने वाले कैनवास के रूप में उभरता है, जो लाल, सफेद, गुलाबी, पीले और बैंगनी रंग के ट्यूलिप की टेपेस्ट्री से सजा हुआ है। दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल, जो अब लगातार दूसरे वर्ष है, 21 फरवरी, 2024 को समाप्त हो गया, जो 10 फरवरी को शुरू हुआ था। दूर-दराज से आए पर्यटक, प्रकृति की भव्यता के नजारे को देखकर आश्चर्यचकित रह गए, अमर की गूंज सुनाई दी पी. बी. शेली और जॉन कीट्स जैसे कवियों की कविताएँ। जैसे ही त्योहार शुरू हुआ, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए शहर के चौराहे और पार्क, वसंत के आगमन के साथ खिल उठे, और नई भव्यता के साथ सभी का स्वागत किया।

लेकिन इन ट्यूलिप के पीछे की कहानी क्या है? फारस की प्राचीन भूमि में सदियों पहले उत्पन्न हुए ट्यूलिप का प्रेम और समृद्धि के प्रतीक के रूप में महत्व है। रेशम मार्गों के साथ उनकी यात्रा इस्तांबुल से एम्स्टर्डम तक दिल को लुभाने वाली विदेशी भूमि और दूर क्षितिज की कहानियों को ले गई। डच स्वर्ण युग के दौरान नीदरलैंड के खेतों में ट्यूलिप एक सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में विकसित हुए थे। पश्चिमी यूरोप में इसके परिचय को लेकर अनिश्चितता के बावजूद, 16वीं सदी के अंत में वनस्पतिशास्त्री कैरोलस क्लूसियस जैसे व्यक्तियों के प्रयासों ने ट्यूलिप को लोकप्रिय बनाया, जिससे 17वीं सदी का प्रसिद्ध ट्यूलिप उन्माद पैदा हुआ।

19वीं और 20वीं शताब्दी तक, नीदरलैंड में ट्यूलिप की खेती फली-फूली, जिससे दुनिया के अग्रणी उत्पादक के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हो गई। ट्यूलिप और नीदरलैंड के बीच का संबंध 1950 के दशक में प्रतिष्ठित गीत ट्यूलिप्स फ्रॉम एम्स्टर्डम के साथ और भी अमर हो गया। दिलचस्प बात यह है कि राजनयिक चैनलों के माध्यम से ही ट्यूलिप को नई दिल्ली के बगीचों में जगह मिली। एम्स्टर्डम ट्यूलिप फेस्टिवल और श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन जैसे त्योहारों से प्रेरित होकर, भारत-डच संबंधों ने इस वनस्पति राजदूत को जड़ें जमाने के लिए उपजाऊ जमीन प्रदान की। नीदरलैंड से आयातित, इन ट्यूलिप को एनडीएमसी के बागवानी विभाग द्वारा प्रशिक्षित कुशल माली द्वारा प्यार से पाला गया है। जैसे ही सूरज शहर पर अपनी सुनहरी किरणें डालता है, ट्यूलिप खिल जाते हैं, हर कोने को प्रकृति की उत्कृष्ट कृति के कैनवास में बदल देते हैं। शांति पथ के सुरम्य रास्ते से लेकर जीवंत ट्यूलिप फेस्टिवल गार्डन तक, प्रत्येक स्थान जीवन और सुंदरता के स्थायी चक्र का प्रमाण बन जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं और आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को शामिल करते हुए, यह त्योहार प्रकृति की लय और समुदाय के बंधनों के साथ गहरे संबंध को बढ़ावा देता है।



एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि सात प्रकार के ट्यूलिप लगाए गए थे, जिनमें से तीन लाख बल्ब नीदरलैंड से मंगवाए गए थे और अतिरिक्त 40,000 बल्ब डच दूतावास द्वारा दान किए गए थे। जल्दी खिलने से लेकर देर तक खिलने वाले प्रत्येक ट्यूलिप लचीलेपन और नवीकरण की कहानियाँ सुनाते हैं। यह त्यौहार न केवल सुंदरता का जश्न मनाता है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति की देखभाल और सुरक्षा के महत्व को भी रेखांकित करता है।

दिल्ली ट्यूलिप फेस्टिवल शहरी सुंदरता और पारिस्थितिक चेतना के मिश्रण का प्रतीक है, जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करता है और टिकाऊ पर्यटन के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य करता है। अपने सौंदर्य आकर्षण से परे, यह वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने और शहर के आकर्षण को बढ़ाने में सौंदर्य और कला की शक्ति के प्रमाण के रूप में खड़ा है। जैसे ही दुनिया भर से पर्यटक ट्यूलिप की बहुरूपदर्शक सुंदरता की प्रशंसा करने के लिए इकट्ठा होते हैं, यह त्योहार वैश्विक विरासत का उत्सव बन जाता है, जो सांस्कृतिक बाधाओं को पार करता है और विविध पृष्ठभूमि के लोगों के बीच समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देता है।

कई मायनों में, यह त्योहार शहरी जीवन की उथल-पुथल के बीच प्रकृति के लचीलेपन और सहनशक्ति का प्रतीक है। जैसे-जैसे ट्यूलिप महोत्सव ख़त्म होने वाला है, फूल अपने जीवंत रंगों से शहर के परिदृश्य को सजाना जारी रखते हैं। शहरी जीवन की हलचल भरी लय के बीच, ट्यूलिप आशा के मूक प्रहरी के रूप में खड़ा है, इसकी पंखुड़ियां जीवन के शाश्वत नृत्य की स्थायी भावना का प्रमाण हैं। आज, ट्यूलिप लचीलेपन और सहनशक्ति के प्रतीक के रूप में कार्य करता है, जो महासागरों और सदियों को पार करके दुनिया भर में सुंदरता का एक प्रतिष्ठित प्रतीक बन गया है। जबकि ट्यूलिप महोत्सव पर पर्दा डाला गया है, फूल अपने जीवंत रंगों के साथ शहर के परिदृश्य को सजाते हुए, ऊंचे खड़े हैं। यह त्यौहार सिर्फ एक स्थानीय कार्यक्रम से कहीं अधिक है; यह वैश्विक विरासत का एक हिस्सा है, एक उत्सव है जहां दुनिया भर से पर्यटक दूर-दूर तक फैले रंगों की बहुरूपदर्शक सुंदरता की प्रशंसा करने के लिए इकट्ठा होते हैं।

## आप की बात

### स्वास्थ्य पर संकट

**स्वस्थ शरीर** को सबसे बड़ा धन माना जाता रहा है। मगर एक नए अध्ध्यन से लगता है कि दुनिया भर की आबादी तेज़ी से बीमार होती जा रही है। दुनिया की 8 अरब की आबादी में से इस समय एक अरब से ज़्यादा लोग मोटापे का शिकार हैं। लांसेट में प्रकाशित पेपर के अनुसार मोटापे के शिकार लोगों में 88 करोड़ वयस्क तथा 16 करोड़ बच्चे हैं। अधिक वजन या मोटापा स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंताजनक है। सामान्य से अधिक वजन वाले लोगों को डायबिटीज और हृदय रोग जैसी क्रोनिक और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। इसके पीछे फ़ास्ट फूड का बढ़ता चलन तथा आरामतलबी की आदत है। लेकिन इसके साथ ही अनेक विकासशील और गरीब देशों में लोग कुपोषण जनित बीमारियों का शिकार होकर अपनी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं का विकास नहीं कर पाते हैं। विडंबना है कि खाते-पीते या तुलनात्मक रूप से समृद्ध लोगों की बीमारियों व उनके इलाज पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। लेकिन गरीबों में होने वाली बीमारियों को अनदेखा किया जाता है क्योंकि उनसे दवा कंपनियों को मुनाफा होने की उम्मीद नहीं होती है। दुनिया में युद्ध, आर्थिक असमानता व बाजार की लूट ज्यादातर लोगों के स्वास्थ्य पर संकट पैदा करता है। इस विसंगति पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मोदी का अभियान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने अपने भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान को और धार दे दी है। झारखण्ड के धनबाद में उन्होंने कहा कि जेएमएम का अर्थ जमकर खाओ और कांग्रेस यानी परिवारवाद। दोनों घोटाले बाज, दोनों ने जनता को खूब लूटा, अब लूटा हुआ जनता को लौटाना पड़ेगा। आपने यह आशीर्वाद दिया है। यह मोदी की गारंटी है कि लूटा हुआ सब वापस आएगा, मतलब लूटने वाले नहीं बचेंगे। उनका इशारा जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर था। मोदी की बातों पर ध्यान दें तो वास्तव में जेएमएम का मतलब जमकर खाओ और मौज मनाओ ही होता है। कांग्रेस और जेएमएम की दिशा, दशा और कार्यशैली एक सरीखी है। दोनों परिवारवादी और तिजोरी भरने वाले हैं। विपक्षी भले ही ईडी और सीबीआई को भाजपा की शाखा बता दें, लेकिन अपने खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर सफाई देने की स्थिति में नहीं हैं। दूसरी ओर मोदी का भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान जनता की भावनाओं को स्वर दे रहा है जिन्होंने अनेक पार्टियों के छुटभैया नेताओं को करोड़पति बनते देखा है। ऐसे में जनता की हमदर्दी भ्रष्ट विपक्षी नेताओं के साथ होना लगातार असंभव होता जा रहा है। यह भावना भाजपा को 370 पार पहुंचा सकती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### पक्षपाती डब्लूटीओ

**विश्व व्यापार संगठन**–डब्लूटीओ कहने को तो विश्व व्यापार व्यवस्थित रखने के लिए गठित संगठन है, मगर लंबे समय से यह बड़े देशों के पक्ष में ही काम कर रहा है। अमीर देश विकासशील देशों, छोटे देशों और गरीब देशों के लिए ऐसे नियम बना रहे हैं जो उन देशों के किसानों की सहायता में बाधक बन रहे हैं। इससे पश्चिमी देशों के किसान अपने उत्पादों पर भारी सब्सिडी प्राप्त कर उनको सस्ते दामों में विश्व बाजार में बेचते हैं। प्रदर्शनकारी भारतीय किसान तो चाहते हैं कि भारत इस संगठन से बाहर निकल जाए। लेकिन वर्तमान अंतरराष्ट्रीय स्थितियों को देखते हुए ऐसा कोई कदम असंभव, अतार्किक तथा आत्मघाती सिद्ध होगा। भारत आज आर्थिक रूप से विश्व की पांचवी शक्ति बन गया है और जल्द ही तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बन जाएगा। भारत को दुनिया में अपनी बढ़ती शक्ति व लोकप्रियता का लाभ उठा कर डब्लूटीओ जैसी संस्थाओं के लोकतांत्रीकरण के लिए दबाव डालना चाहिए ताकि वे अमीर देशों के बजाय विकासशील व गरीब देशों के पक्ष में निर्णय ले सकें। इस उद्देश्य के लिए भारत अनेक देशों का समर्थन प्राप्त कर सकता है। पश्चिमी और अमीर देशों को अपनी वर्चस्ववादी व पक्षपाती नीतियां छोड़ने के लिए तैयार करना होगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### क्रिकेट से कमाई

**बीसीसीआई,** यानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टेस्ट और घरेलू क्रिकेट के लिए मैच फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है। यह बढ़ोतरी तीन गुना तक हो सकती है। क्रिकेट बोर्ड की इस पहल का लाभ खिलाड़ियों को भी मिलेगा और वे अधिक मनोयोग से खेलेंगे। लेकिन सेलिब्रिटी बन जाने के बाद क्रिकेटर विज्ञापनों से भी भरपूर धन प्राप्त करते हैं। लेकिन खेलों से बढ़ती कमाई के कारण अनेक लोग खेल भावना तथा खेलों के वाणिज्यिीकरण पर सवाल उठाते हैं। हमारे देश में क्रिकेटरों को भरपूर दौलत और शोहरत मिलती है। लेकिन यही स्थिति अन्य खेलों से जुड़े खिलाडियों की नहीं है। हालांकि, क्रिकेट की तरह अब राज्य सरकारें और निजी क्षेत्र अन्य खेलों को भी बाजार या धंधा बनाने के प्रयास में लग गए हैं। क्रिकेट के साथ ही ऐसे खेलों को बढ़ावा मिलना चाहिए जिन पर ज्यादा खर्च की जरूरत न हो। क्रिकेट व संभावित कमाई वाले अन्य खेलों को कॅरियर बनाने का दुष्प्रभाव यह है कि खेल आम जनता, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीण बच्चों के जीवन से दूर होते जा रहे हैं। खेल भावना को महत्व देना भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# प्रोजेक्ट अलंकार योजना से संवरेंगे माध्यमिक विद्यालय: जिलाधिकारी

●एमएलसी व डीएम ने निर्माण कार्यों हेतु बटन दबाकर किया शिलान्यास

संवाददाता। गोंडा




**रविवार** को जिला पंचायत सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रोजेक्ट अलंकार योजना अंतर्गत जनपद के 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा 09 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवनिर्माण एवं मरम्मत, जीर्णोद्धार, अवस्थापना, निर्माण आदि कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, सांसद गोंडा प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र एवं विधायक प्रतिनिधि तरबगंज विनोद कुमार पांडेय ने बटन दबाकर किया।

बताते चलें कि यह कार्यक्रम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं 09 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार, पुनर्निर्माण, मरम्मत एवं अवस्थापना सुविधाओं के कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया। जिसका सजीव प्रसारण उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने देखा।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि जनपद के कुल 24 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 06 मदों में-स्वच्छ पाईप पेयजल सुविधा, बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय ब्लाक्स की स्थापना, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला, मल्टीपरपज हाल एवं पुस्तकालय कक्ष के निर्माण हेतु प्रथम किश्त की धनराशि कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको गोंडा को अवमुक्त किया जा चुका है। इसके साथ ही जनपद के कुल 09 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के सहयोगी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवनिर्माण एवं मरम्मत कार्य हेतु शासन सहयोगी अनुदान एवं विद्यालय के मैचिंग धनराशि सम्बन्धित विद्यालय के कार्यदायी संस्था-प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य को अवमुक्त किया जा चुका है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, एक्सईएक्सन यूपी सिडको डीके सिंह, एई यूपी सिडको अतुल कुमार मिश्रा सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

## कोटेदार पर 2 महीने का राशन न देने का आरोप



**महाराजगंज, रायबरेली।** समाधान दिवस में हलोर के दर्जनों ग्रामीणों व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी के नेतृत्व में सीडीओ पूजा यादव से गांव के कोटेदार पर 2 महीने का राशन न देने का आरोप लगाया गया था जिस पर सीडीओ ने बीडीओ महराजगंज को जांच के निर्देश दिए थे। वहीं आज रविवार को एसडीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कोटा की दुकान को सीज कर दिया। हलोर के हरिशंकर बाबा दीन आशीष कुमार रमेश प्रसाद प्रधान पति रिंकू चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सीडीओ से समाधान दिवस में कोटेदार नीशू वर्मा पर दो महीने का राशन न देने का आरोप लगाया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने बीडीओ वर्षा सिंह को जांच के निर्देश दिए थे।

# नवजात शिशुओं व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर



**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी, सभागार हाल में अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सोहन लाल की अध्यक्षता में रविवार को यू-बिन पोर्टल जो नियमिति टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आउटरीच सत्रों प्राइवेट/राजकीय सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भवती महिलाओ और 0-5 वर्ष तक के नवजात शिशुओ का बर्थडोज व टीकाकरण को कही से भी टीका लगवाने का एवं उसका टीको का रिकार्ड का डिजिटाईजेशन किया जाना है का प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें डीआईओ डॉ0 बी0के0 सोनी और डॉ0 आर0पी0 मौर्या डिप्टी डीआईओ के माध्यम से ई-विन के माडयूल पर कोविन व यू-विन पोर्टल पर कैसे-कैसे इन्ट्री करना, हेल्दी फैसिलटी मैनेजर व वैक्सीनेटर मॉडयूल/आरव मॉडयूल पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें जनपद के सुशील कुमार मौर्य, जिला वैक्सीन एवं कोल्ड चैन प्रबन्धक ई-विन के द्वारा यू-विन पोर्टल पर कैसे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को अपडेट करना सिखा गया और अन्य जानकारी दी गयी। साथ ही ई-विन यू0एन0डी0पी0 के पीओ मयंक प्रताप सिंह, दिल्ली से आये जो सभी प्रतिभागी को यू-विन पोर्टल में कैसे काम करना है और सर्टिफिक्रेट और रिपोर्ट निकाला जायेगा। अनुराग शुक्ला यू-विन पोर्टल ट्रेनिंग में सहयोग प्रशिक्षण में सहयोग किया और पोर्टल में सभी गॉव/पूरवा मजार, वार्ड, चिन्हित कर के भेजा जाये तो मैपिंग करके स्वास्थ्य सम्बन्ध सेवाओं को बेहतर और आसानी से टीकाकरण की सुविधा प्राप्त हो सके।

जिसमें प्रतिभागी का नाम डॉ0 राधेश्याम यादव, डॉ0 प्रशान्त कुमार, डॉ0 मनीष कुमार पाण्डेय, डॉ0 राजेश कुमार चौधरी, डॉ0 रमेश सोनकर, डॉ0 मुबारक अली, डॉ0 मनसवीता सिंह व श्रुति श्रीवास्तव और बीपीएम अभय त्रिपाठी, रवि कुमार, अमित कुमार, सुनील कुमार मौर्य, डीईओ मोहम्मद कलाम, ध्रुव सिंह, राकेश यादव, संजय, आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान के डिप्टी सीएम का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत



**संतकबीरनगर।** बस्ती लोकसभा क्लस्टर विधान सभा प्रभारी, विधान सभा संयोजक, बैठक मे मुख्य अतिथि डॉ0 प्रेम चन्द्र बैरवा उप मुख्य मंत्री राजस्थान सरकार रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक लिया। प्रेम चन्द्र बैरवा लोकसभा चुनाव को लेकर कलस्टर बैठक करने राजस्थान से पहली बार आये। उन्होंने यहा जिला प्रभारी लोकसभा संयोजक लोकसभा प्रभारी विधानसभा संयोजक विधानसभा प्रभारी मोर्चा जिला अध्यक्ष लोकसभा विस्तारक विधानसभा विस्तारक जिला आईटी संयोजक जिला आईटीसी संयोजक जिला सोशल मीडिया संयोजक जिला सोशल मीडिया सहसंयोजक की बैठक को संबोधित किया। उन्होंन कहा की केंद्र में माननीय नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में पुन: सरकार बनने जा रही है। इस बार 400 पार के आंकड़ों के साथ सरकार बनाने का कार्य करने जा रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदंबालाल श्रीवास्तव, सासंद प्रवीण निषाद, अनिल त्रिपाठी, गणेश चौहान, क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता, प्रभारी अजय सिंह गौतम, संजीव राय, शेतभान राय, रामललित चौधरी, जिलाध्यक्ष बस्ती विवेकानंद वर्मा, विजयबहादुर सिंह, उषा पांडेय, अजय चौरसिया, लालबहादुर चौहान, ब्रह्मानंद पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान उद्यान मंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता। रायबरेली

**उद्यान मंत्री** दिनेश प्रताप सिंह ने सेवा ही संकल्प पदयात्रा के दौरान निसगर से अपनी पदयात्रा आरंभ की जो निवि, दुधवन,खड़े सराय, सैदापुर, भूपगंज, रामपुर, रालपुर, बेनी माधवगंज, पूरे पांडे, झामपुर व हथनाशा, सरेनी बाजार तक गई। इसके अतिरिक्त उद्यान मंत्री ने कोटिया, एहतमानी, रानीखेड़ा, बैरुवा में चौपाल लगाई और साहनीपुर, मलके गांव व लखन गांव में जनसभा का आयोजन किया।

अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

यात्रा के दौरान मंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया और शहीदों को याद किया।इसी परिपेक्ष में उन्होंने सरेनी ब्लॉक सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक



के दौरान उन्होंने यात्रा के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में गंभीरता पूर्वक चर्चा करते हुए निर्देश दिया की जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इसका बात का ध्यान रखा जाए कि लोगो को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश व तेज हवाओं से किसान हो रहे बेहाल

**बछरावां, रायबरेली।** बीते दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं की मार से क्षेत्र का अन्नदाता बेहाल और हताश हो गया है। कई महीनो के अथक परिश्रम एवं हजारों रुपए की लागत से उगाई गई फसल जब बेमौसम बारिश के कारण धरासाही हो जाती है। तो तस्वीरों में दिख रहा अन्नदाता ऐसी स्थिति में दिखाई देता है। क्षेत्र के अन्नदाताओं की मानी जाए तो उनका कहना है कि लगातार दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश से हमारे गेहूं की फसल एवं सरसों की फसल का भारी नुकसान हो रहा है। जहां गेहूं की फसल पकने की कगार पर है तो वही सरसों की फसल कटाई की कगार पर खड़ी हुई है, अगर बारिश और हवाये न रुकी तो हम सभी की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

## दबंगों ने मारपीट की और गाड़ी को भी तोड़ डाला

**ऊंचाहार।** रात के अंधेरे में बदमाशों ने एक व्यक्ति के घर पर हमला बोल दरवाजे पर खड़ी कार के शीशे तोड़ डालें। तथा कार में रखा बीस हजार रुपए चुरा ले गए। अगले दिन पीड़ित ने चार लोगों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है। बाहरपुर गांव निवासी यशवंत सिंह का कहना है कि 27 फरवरी की रात गांव के ही ही हिमांशु मौर्य, नाथीपुर निवासी आशु मौर्य, पूरे त्रिभुवन गांव के मोहित मौर्य, तथा पूरे बैरियर गांव निवासी सागर यादव उनके दरवाजे पहुंचे। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए दरवाजे पर खड़ी दोनों कार का शीशा तोड़ डाला। तथा कार में रखे बीस हजार रुपए चुरा लिए। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर वह जगह तो दरवाजे पर लगी लाइट के प्रकाश से उन्हें पहचान लिया। शोर मचाने के बाद बदमाश अपनी बाइक लेकर दरवाजे से भाग निकले।

## क्विक न्यूज

### वरिष्ठ शायर पवन श्रीवास्तव को मिला साहित्य गौरव सम्मान

**संतकबीरनगर।** जनपद संतकबीरनगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं शायर कवि के रूप में अलग पहचान रखने वाले पवन लाल श्रीवास्तव को लखनऊ में साहित्य गौरव सम्मान का पुरस्कार पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा के हाथों से मिला। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के पुरस्कार वितरण समारोह (2023-24) के अलंकरण समारोह में मुझे 'साहित्य गौरव' सम्मान से पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन डा. दिनेश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव भाषा, उ.प्र. शासन, प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल, प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं वरिष्ठ शायर व ग़ज़ल गायक डा.हरिओम, विद्या भारती के संयोजक प्रो. जय शंकर पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन डा. सीमा गुप्ता, महामंत्री राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उ.प्र. ने किया। संचालन वरिष्ठ आईएएस एवं वरिष्ठ रचनाकार डा. अखिलेश मिश्र ने किया।

### सगरा में डूबने से महिला की मौत

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** भोर में घर से निकली महिला की स्थानीय कस्बा स्थित सगरा में डूबने से मौत हो गई।सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन की तरह रविवार को भी स्थानीय कस्बे के वार्ड नंबर 09 निवासी वीरेंद्र टंडन की 60 वर्षीय पत्नी शालिनी टंडन सुबह करीब 04 बजे टहलने व बतख को दाना देने निकली थी ।परिजनों के मुताबिक बतख सगरा में दाना डालते समय पैर फिसलने से सगरा में डूब गई जिससे उनकी मौत हो गई।परिजनों ने शव को पानी से निकलवाकर अंतिम संस्कार कर दिया।कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### सभी 80 सीटे जीतेगी समाजवादी पार्टी: प्रमोद यादव

**मुसाफिरखाना अमेठी।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव के स्थानीय कस्बा पहुंचने पर कार्यकर्ताओ द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।इस दौरान प्रमोद यादव ने कहाकि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सभी 80 सीटे जीतेगी बीजेपी का खाता भी नहीं खुलने वाला है ,छात्र, नौजवान,किसान परेशान है। लोहिया वाहिनी के ज़िलाध्यक्ष एडवोकेट सूबेदार यादव ने बताया बीजेपी बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर के संविधान बदलना चाहती है हम सब को मिलकर संविधान बचाना है । 80 में 80 सीटो पर बीजेपी भगाओ संविधान बचाओ, बेरोज़गारी चरम पर बीजेपी शासन में आयोजित सभी परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है , सांड से किसान की फ़सले बर्बाद हो रही है । छात्र सभा ज़िलाध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा पीडीए जितना मजबूत होगा बीजेपी उतनी आसानी से हारेगी। उक्त मौके पर यूथ ब्रिगेड ज़िलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह। ललित यादव ,एडवोकेटअक्षय प्रताप यादव , अरविंद यादव प्रधान,प्रेम यादव , अरुण पांडे , अभिषेक शुक्ला, रवि रैदास, अरविंद पाल, शैलेन्द्र यादव सत्रोहन यादव प्रदीप यादव कोटेदार मोहित यादव अजय यादव बीडीसी,आरिफ़ अन्य साथी उपस्थित रहे ।

### बोलेरो की टक्कर से पंप आपरेटर की मौत

**ऊंचाहार रायबरेली।** घर के पास सड़क किनारे खड़े सेवानिवृत्त पंप ऑपरेटर को अनियंत्रित होकर बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी, घटना में बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया, परिजनों द्वारा उसे सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है,वहीं टक्कर मारने वाले वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।कोटिया चित्रा गाँव निवासी प्रेम नारायण मिश्रा 65 वर्ष नलकूप विभाग में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे, जो 5 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे, गाँव के पास ही वो सूची खरौली मार्ग के किनारे मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे।शनिवार की शाम वो दरवाजे के पास खड़े थे, तभी खरौली की तरफ से जमुनापुर चौराहे की तरफजा रही बोलेरो ने अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया भव्य वार्षिकोत्सव

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कृष्ण नगर मुसाफिरखाना में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के आठवीं का छात्र दिव्यांश और सातवीं का कौशलेंद्र मिश्र ने लव, कुश के रूप में संवाद का सुंदर प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव में लव कुश संवाद जैसे विभिन्न सुंदर कार्यक्रम बच्चों द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र , सह विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, जिला प्रचारक ऋषभ, अध्यक्ष शिव शंकर वैद्य , प्रबंधक विनोद प्रकाश पांडेय, प्रधानाचार्य उमाकांत त्रिपाठी, यस ओ विनोद कुमार सिंह , जिला मंत्री अतुल सिंह , भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा , विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्या, बच्चे और काफी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# नये सत्र हेतु प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 125 विद्यार्थी, सूर्या एकेडमी में परीक्षा हुई प्रारंभ

संवाददाता। संतकबीरनगर



**रविवार** को सूर्या इण्टरनेशनल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में नये सत्र में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए प्रथम प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा प्लेवे से लेकर कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के लगभग 125 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा दिया। प्रवेश परीक्षा का परिणाम दिनांक 05 मार्च को सुबह 9 बजे तक सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थी को आदर्श मनुष्य बनने के लिये गुणवत्ता परख शिक्षा की आवश्यकता होती है और शिक्षा की महत्वता की सुगंध एक सुसंस्कृत समाज निर्मित करती है। उन्होंने बताया कि नये सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए प्रबंधतंत्र अपने शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ कृत संकल्पित है। प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा की आवश्यकता हर एक व्यक्ति को होती है और विद्यार्थी की प्रारंभिक शिक्षा अच्छी हो तो उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य संवार सकता है।

प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को एक साकारात्मक एवं सृजनात्मक माहौल देने का प्रयास किया जाएगा। ताकि बच्चों का सर्वागीण विकास हो सके तथा उन्होने यह भी बताया कि आगामी प्रवेश परीक्षा दिनांक 22 मार्च को संपन्न होगा। उन्होने बताया कि आगामी चार अप्रैल से एकेडमी में नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# 35 घंटे के बाद नदी में डूबी किशोरी का शव हुआ बरामद

●तंत्र मंत्र के चक्कर में परिवार के 4 सदस्यों ने नदी में लगाई थी छलांग

**श्रावस्ती, भिनगा।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भिनगा बहराइच फोरलेन पर भखलापुल के पास राप्ती नदी में शुक्रवार को डूबी किशोरी का शव 35 घंटे के बाद गोताखोरों ने नदी से ढूंढ निकाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मनगर निवासी सलीम व उनकी पत्नी ताजरून तथा उनका पुत्र सकील पुत्री सबा व समा तंत्र मंत्र के चक्कर में शुक्रवार की रात करीब आठ बजे भिनगा कोतवाली क्षेत्र के फोरलेन पर भखला पुल के पास राप्ती नदी के पानी में छलांग लगा दिया था। इस दौरान सबा अधिक पानी मे चले जाने से डूब गई इन सब का पीछा कर रही सलीम की बड़ी पुत्री सबनम पुल के ऊपर से शोर मचाना शुरू कर दिया मौके पर पहुंचे राहगीरों ने डूब रहे 3 सदस्यो को नदी से बाहर सुरक्षित बाहर निकाल लिया था।

सकील की हालत गंभीर होने के कारण निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया गया था। सूचना मिलते ही मौके पर भिनगा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय व लक्ष्मन नगर चौकी प्रभारी गौरव सिंह पहुँच गए तथा पानी में लापता सबा की तलाश में जुट गए थे। लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार को सारा दिन खोजने के बाद भी सबा का कोई पता नहीं चला रविवार को सुबह आठ बजे सबा का शव उसी स्थान पर खोज निकाला गया। भिनगा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडेय के निधन पर विधायक अदिति सिंह ने व्यक्त कीं संवेदनाएं

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के रहने वाले दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस क्लब महराजगंज के संरक्षक सुभाष पांडेय के निधन की सूचना पर आज रविवार को सदर विधायिका अदिति सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी अनुपमा पांडेय छोटे बेटे सुयश पांडेय से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की और शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। और परिवार के साथ हर परिस्थिति में तत्पर रहने की बात कही। विधायिका ने कहा कि उनके पिता पूर्व सदर विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह से पांडेय जी के मित्रवत बेहद अच्छे संबंध थे और उन्हें भी लंबे समय तक उनका मार्गदर्शन मिला है। श्री पांडेय का व्यक्तित्व व्यवहार स्वभाव अनुकरणीय था जिनके निधन से समाज को एक छति पहुंची है, इस मौके पर पूर्व विधायक राजा राम त्यागी वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता भूपेश मिश्रा उज्जवल पांडेय मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय प्रधान संतलाल आदि रहे।

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान गणित आधारित क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता। अमेठी



**राष्ट्रीय** आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विकास क्षेत्र जामों की ब्लाक स्तरीय विज्ञान गणित आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय रेसी में खंड शिक्षा अधिकारी जामों शोभनाथ यादव के निर्देशन में आयोजित हुई। जिसका उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने हेतु आयोजित हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय रेसी अखिलेश श्रीवास्तव व निर्देशन ए0आर0 पी0 सत्येन्द्र बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार मौर्य ने किया। क्विज प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई । जिसमें प्रथम चरण में विज्ञान गणित के बहुविकल्पीय प्रश्न द्वितीय चरण में बहुविकल्पीय व लघुउत्तरीय तथा तृतीय चरण में आधारित बिंदु पर साक्षात्कार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन अनिल तिवारी , डाश शिवकुमार मौर्य , सुशील यादव, हेमंत पांडेय, प्रवीण द्विवेदी द्वारा किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में टॉप 10 में सफल हुए छात्र प्रथम स्थान अरविंद उश्प्रा श कटारी,द्वितीय स्थान दिनेश कम्पोजिट विश दखिनवारा, तृतीय स्थान संध्या कम्पोजिट् विश दखिनवारा , शिवम उश्प्रा शवि रामबक्सगढ़ दीपमाला उश्प्रा शवि हरदासपुर विशाल उच्च प्राथमिक विद्यालय रामशाह नाऊपुर व चतुर्थ स्थान मोहन साहू उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदमहर, सतीश उच्च प्राथमिक विद्यालय रामबक्शगढ़ पवन कुमार उश्प्रा शवि कटारी समीक्षा मिश्रा कम्पोजिट विद्यालय दखिनवारा रहे। सभी छात्रों सफल छात्रों को मोमेंटो सर्टिफिकेट, व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी छात्र, छात्राओं को सर्टिफिकेट व स्टेशनरी दिया गया। सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र व विज्ञान/गणित शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में तेजभान सिंह, अर्पित मिश्र, अनुभव त्रिपाठी , मुकेश राणा , सत्येन्द्र मिश्र,धर्मेंद्र, उमेश, राम कृष्ण, आलोक रंजन सिंह, मदन चंद्र, नीरज आदि शिक्षकों ने अपना योगदान दिया।

# व्यापारियों ने लालगंज में बाईपास बनने की घोषणा पर जताया हर्ष



**लालगंज, रायबरेली।** व्यापार मंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन कर भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की लालगंज में बाईपास बनाये जाने की घोषणा का व्यापार मंडल स्वागत करता है। इसके बनने से जहां व्यापारियों को सहूलियत होगी वही नगर के लोगो को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। डलमऊ बाईपास में बने क्षतिगस्त ओवरब्रिज के बाबत भी मंत्री की घोषणा अप्रैल में इसे पूरा करने की है जिसके प्रति भी लालगंज व्यापार मंडल उन्हे धन्यवाद ज्ञापित करता है। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि व्यापार मंडल को मजबूत करने के लिये जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जायेगा जिससे अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जा सके। उन्होने कहा कि संगठन की ताकत ही व्यापारियों को शोषण से बचा सकती है। युवा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया कि संगठन के पदाधिकारी कस्बे समेंत आसपास के क्षेत्रो में पहुंचकर व्यापारियो को सदस्य बनायेगें। जिससे लालगंज में व्यापार मंडल और अधिक मजबूत हो सके। इस मौके पर कासिफ खान, रमेश कौशल, रिजवान शेख, आयुष कौशल, अभिषेक सोनी, रिषी हांडा, अजय सिंह, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ रेल कोच फैक्ट्री में शुरू हुआ पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली



**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में गायत्री परिवार शक्तिपीठ रायबरेली व शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कल से शुरू होने वाले 24 कुण्डी पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा सम्पन्न हुई।


कलश यात्रा का शुभारम्भ आओ-आओ सुहागिन नारि कलश सिर पर धारण करो, आओ सीता, लक्ष्मी, नारी कलश सिर धारण करो.......गीत से हुआ। जिसमें यजमान के तौर पर सचिव महाप्रबंधक आरेडिका आर एन तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी शामिल हुईं। पूजन के बाद कार्यक्रम स्थल फुटबॉल ग्राउंड से कलश यात्रा प्रारम्भ हुई जो यात्रा गोल चक्कर होते हुए टाइप -4 डब्ल स्टोरी पहुंची, फिर वहां से टाइप-4 सिंगल स्टोरी से होते हुए सरस्वती आडिटोरियम के प्रांगण में पहुंची।

जहां पर आरसीएफ मेंस कांग्रेस संगठन ने जलपान का व्यवस्था की। इसके बाद टाइप-3 क्वाटर उसके बाद कलश यात्रा टाइप टू शिव मंदिर पर पहुंची। वहा महादेव शिव सेवा कमेटी ने जलपान की व्यवस्था की । उसके बाद कलश यात्रा 6.5 किलोमीटर का सफर तय करते हुए कार्यक्रम स्थल फुटबॉल ग्राउंड वापस पहुंची।

वही कार्यक्रम स्थल पर कलश की आरती की गई और प्रसाद का वितरण करके कलश यात्रा पूर्ण की गई। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक वी वी सिंह सहित सभी वरिष्ठ गायत्री परिवार परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन श्रीमती प्रेमा सिंह ने किया। कलश यात्रा के संचालन में समूहिक पूजा कमेटी के नैब सिंह, आर डी तिवारी, ओम प्रकाश मौर्य, कुणाल रौशन, जितेंद्र कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मुनेश कुमार पटेल, ज्ञान प्रकाश, महेश शर्मा आदि ने अगुवाई की।

# बरसात के साथ ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने फसलों पर बरपाया कहर

## आलू, तंबाकू, सरसों, गेहूं, आदि फसलों को भारी नुकसान



**संवाददाता।** कायमगंज, फर्रुखाबाद

**लगातार** 2 महीने तक पड़ी भीषण सर्दी के बाद सूर्य की तपन बढ़ी तो लोगों ने कुछ राहत की सांस ली थी। पाला व तुषार से खेतों में खड़ी फैसलें पहले से ही कम उपज होने का संकेत दे रही थी। जब कुछ गर्मी पड़ी तो फसलों ने रंग बदला उनमें ग्रोथ हुई। उम्मीद बढ़ी की अब कुछ नुकसान की भरपाई हो जाएगी। ऐसी स्थिति में किसानों को उम्मीद हुई थी। उस पर पिछले दो दिन से आकाश में घुमड़ते बादलों से रह- रह कर हो रही वर्षा ,तेज हवाओं के झोंकों के साथ ही लगभग हर जगह कहीं कम तो कहीं ज्यादा हुई ओलावृष्ट ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। जिन खेतों में पहले से सिंचाई की जा चुकी थी। वर्षा की बूंदे तथा तेज हवा ने ऐसे तथा अन्य खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जमीन पर गिरा दिया । देखने से ऐसा लगता है मानो इन खेतों में कुदरत ने ही पटेला फेर दिया हो। गेहूं की फसल जमीन पर लेट गई। जिससे पौधों के सड़ने गलने की संभावना बढ़ गई है। साथ ही पैदावार भी बहुत कम होगी। इसी तरह खेतों में खड़ी सरसों आलू तंबाकू कुछ दलहनी फैसलें तथा सब्जी की उपज पर भी एक तरह से प्राकृतिक आपदा के कारण वज्रपात हुआ है। इन सभी फसलों में बहुत बड़े पैमाने पर नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

ओलावृष्टि के कारण भी बहुत सी जगह सरसों आलू तंबाकू तथा गेहूं की फसल बर्बाद हो चुकी है। ऐसे में किसानों का परेशान होना स्वाभाविक ही है। क्योंकि बढ़ती महंगाई में भी अन्नदाता ने सरकारी बैंकों, सहकारी समितियों या निजी तौर पर गण लेकर अपने भविष्य के सपने संजोए थे।

# हमलावरों की निर्मम पिटाई से वृद्ध की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में अपने परिवार से अलग रह रहे वृद्ध को दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों ने मारपीट मरणासन्न कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक मौदहा कस्वा निवासी जमालुद्दीन (65) पुत्र अजीज रहमानिया मार्ग स्थित जावेद की मार्केट में रह रहा था। रविवार की सुबह दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों ने जावेद की मार्केट में घुसकर जमालुद्दीन के साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसके पैर टूट गये। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस में मौके पर पहुंच घायल जमालुद्दीन को लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया जिस पर उसके रिश्तेदार उसे इलाज हेतु बांदा लेकर गए जहां इलाज के दौरान जमालुद्दीन की मौत हो गयी।फिलहाल यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी रामाश्रय सरोज का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें शीघ्र सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 10 रुपये के स्थान पर 30 रुपये किराया वसूली से यात्रियों में आक्रोश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**देश** में एक स्टेशन से दूसरी स्टेशन का पैसेंजर ट्रेन रेल किराया एक होने के बावजूद भी पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल के फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन तथा उत्तर मध्य रेलवे के पखना एव भोगांव स्टेशनों के मध्य पैसेंजर ट्रेन से प्रतिदिन यात्रा करने वाले रेल यात्रियों से ?10 प्रति टिकट किराये के स्थान पर पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन की बुकिंग विंडो से 30 रुपए प्रति टिकट किराया की वसूली किये जाने के मामले को लेकर वुकिंग विंडो पर आए दिन रोष के साथ ही तीखी झड़पें रेल यात्रियों से होनी शुरू हो गई।

रेल सूत्रों के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे मंडल प्रयागराज के शिकोहाबाद -फर्रुखाबाद रेलखंड के पखना रेलवे स्टेशन से टिकट नंबर यू सी बी 6399 7671 रेल किराया ?10 अदा करके मुकेश चौहान नामक रेल यात्री 1 माच 2024 को टूंडला से फर्रुखाबाद आने वाली 01918 पैसेंजर ट्रेन से फर्रुखाबाद स्टेशन पर आया।

इसके बाद 2 मार्च 2024 को वहीं मुकेश चौहान नामक रेलयात्री पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर उत्तर मध्य रेलवे के पखना रेलवे स्टेशन से आगे वाली भोगांव रेलवे स्टेशन का पैसेंजर 01917का टिकट लेने गया तो बुकिंग विंडो ने 10 की टिकट के स्थान पर के 30 की वसूली की गई ,जिस पर रेलयात्री ने वुकिंग विंडो लिपिक को भोगांव- पखना स्टेशनों से फर्रुखाबाद जंक्शन की 10 किराए की टिकट को दिखाते हुए 10 रु0के स्थान पर 30 की किराया वसूली को अवैध करार देते हुए एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन का किराया एक होने की बात कहते हुए संबंधित वुकिंग विंडो पर तीखी झड़प हुई। इसी क्रम में पैसेंजर ट्रेन केअन्य रेल यात्रियों से भी 10 के स्थान पर 50 किलोमीटर दूरी के अंदर वाली स्टेशनों का30 प्रति यात्री किराया वसूली पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर की जा रही है। पैसेंजर ट्रेन का रेल किराया एक स्टेशन से दूसरी स्टेशन तक का एक होने के बावजूद पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा प्रति रेल यात्री से 10 के स्थान पर 30 प्रति टिकट किराया वसूली के मामले को लेकर रेल विभाग द्वारा अलग-अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त की गई। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के पी आर ओ अमित कुमार सिंह से यह पूछे जाने पर कि कोरोना कार्यकाल से पहले पैसेंजर ट्रेनों के किराए पर ही उत्तर मध्य रेलवे के पखना स्टेशन ने 10 किराया वसूल करते हुए फर्रुखाबाद स्टेशन का टिकट वितरण शुरू किया है और यह व्यवस्था पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर अभी तक लागू न होने से पखना और भोगांव आने वाले रेल यात्रियों से10 के स्थान पर 30 टिकट किराया वसूली की जा रही है।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 267 मरीजों के नेत्रों की हुई जांच, 172 हुए रेफ़र



**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्थानीय सुआबाबा मंदिर परिसर में रविवार को श्री ओमर वैश्य सेवा समिति पुखरायॉ की ओर से 106 वां नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इसमें 267 मरीजों की आखों की जांच की गई। जिनमें से 172 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर की टीम के चिकित्सकों ने नेत्र शिविर सम्पादित किया। डॉ. मालविया राय, डा. सुमन, डा. कृतिका, प्रिंसी पांडेय, कमलाकर, राममोहन, जीतेंद्र एवं उनकी टीम के सदस्यों ने 288 मरीजों के शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की। जांच के बाद चिन्हित किये गए 179 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चौबेपुर कानपुर एक निजी बस द्वारा ले जाया गया। समाजसेवी शारदा ओमर ने चाय, नाश्ता, भोजन में मरीजों की तहरी ब्यवस्था कराई। आयोजकों में बालकृष्ण, गौरीशंकर ,हरीकृष्ण ओमर मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि अगला नेत्र शिविर 7 अप्रैल 2024 रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुआ बाबा मन्दिर परिसर पुखरायॉ कानपुर देहात में आयोजित होगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच करके मोतियाबिंद आपरेशन के लिए रेफर किया जाएगा

# सांसद अशोक रावत पर भाजपा ने जताया भरोसा, पुनः बनाया प्रत्याशी

**संवाददाता।** संडीला, हरदोई

**क्षेत्र** के सांसद अशोक रावत को उनकी बेहतरीन कार्यप्रणाली के कारण पार्टी ने उनपर भरोसा जताते हुए उन्हें दोबारा प्रत्याशी बना दिया है। उनकी प्रत्याशिता से क्षेत्र के मतदाताओं में अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के सांसद अशोक कुमार रावत को उनके परिश्रम, सतत जनसंपर्क और अविवादित कार्यप्रणाली ने पार्टी हाईकमान को पूर्ण संतुष्ट करते हुए उन्हें दोबारा भाजपा का प्रत्याशी बना दिया और इस संसदीय क्षेत्र से टिकट मांग रहे एक दर्जन से अधिक दावेदारों की सारी भाग दौड़ धरी की धरी रह गयी।



भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार रावत ने हालांकि अपनी संसदीय पारी का प्रारंभ बसपा से किया था लेकिन इसके बाद वे भाजपा में आ गए और जीते। उन्होंनें अपने पूर्व कार्यकालों में अपनी छवि अविवादित रखी और कभी उन्होंनें ऐसा कार्य नहीं किया जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचती हो। यही कारण है कि अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों में भी उनकी इमेज बहुत अच्छी है। उन्होंनें सदैव 'अपने काम से काम' के सिद्धांत का पालन करते हुए विनम्रता को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंनें संसदीय क्षेत्र में लगातार व्यापक जनसंपर्क बनाए रखा और लोगों के बीच में रहे। पार्टी संगठन भी कमोबेश श्री रावत के ही पक्ष में रहा।

## निर्दोष गंगवार होंगी भारतीय कृषि दल की लोकसभा प्रत्याशी



**फर्रुखाबाद।** भारतीय कृषि दल 2012 से निरंतर जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही है फर्रुखाबाद लोकसभा से राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के निर्दोष गंगवार फर्रुखाबाद लोकसभा के प्रत्याशी होंगे यह घोषणा मशेनी रोड स्थित एक होटल में एक प्रेस वार्ता के दौरान घोषणा की। उन्होंने कहा यह चुनाव जनता के ठोस मुद्दों को लेकर जनहित में धर्म बल धनबल बाहुबल जाति बल को मात देकर जनता के हितों के लिए चुनाव लड़ा जाएगा। मुख्य मुद्दे सभी को नौकरी देना जो संविदा कर्मी आउटसोर्सिंग कुर्मी विभिन्न विभागों में है उन्हें परमानेंट करना आंगनबाड़ियों को रा%य कर्मचारी का दर्जा देकर उनका मानदेय बढ़ाकर अध्यापक बनाने एवं किसानों के फसलों का उत्पादन का सही मूल्य मिलना आदि प्रमुख मांगे हैं।

## अब पलिया-खुटार मार्ग के बहुरेंगे दिन, काम होगा शुरू

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 731 (पलिया-भीरा-मैलानी-खुटार) सड़क मार्ग के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) की परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बरेली के परियोजना निदेशक बीपी पाठक ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के उक्त खण्ड के तहत परियोजना के किमी 0.000 से किमी 40.00 तक का भाग आता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के उक्त खण्ड के अंतर्गत ओवर लेय एवं सड़क सुरक्षा के कार्य संपादित कराने के लिए निविदा आमन्त्रित करते हुए कन्ट्रेक्टर मै0 कैसर्स कंस्ट्रक्शन इंजीनर्स को 12 फरवरी को अवार्ड कर दिया गया है तथा अनुबन्ध की कार्यवाही प्रक्रियारत है। इसके अलावा यह भी संज्ञान में लाना है कि उक्त कार्य के लिए कन्ट्रेक्टर द्वारा प्लांट एवं मशीनरी को निर्माण स्थल पर स्थापित किया जा रहा है। कन्ट्रेक्टर द्वारा 7 मार्च से स्थल पर कार्य को शुरू कर दिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### साध्वी को टिकट मिलने पर जश्न में डूबे भाजपाई

**फतेहपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में तीसरी बार केंद्रीय राज्यमंत्री एवं जिले की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति पर भरोसा जताते हुए फतेहपुर लोकसभा सीट से टिकट घोषित कर दिया। जैसे ही यह जानकारी भाजपाईयों व समर्थकों को लगी तो उनके बीच खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने ढोल-ताशा के बीच जश्न मनाते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और मोदी योगी के नारे लगाए। जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए एक बार फिर मोदी सरकार 400 पार करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवाशी, अर्चना त्रिपाठी, जिला मंत्री कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, संतोष द्विवेदी, जय प्रकाश फौजी, संजय गुप्ता, धनंजय द्विवेदी, सुशील तिवारी बच्चा, सुमित तिवारी, वंदना द्विवेदी, सुशील मौर्य, डॉ. शिव प्रसाद त्रिपाठी, राम प्रकाश गुप्त, योगेंद्र सिंह, सुरजीत टंडन, अमित शुक्ला, उमेश अग्रहरि, वंदना द्विवेदी, रूबीना परवीन, अली खान, सुमित द्विवेदी मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान

**पुखरायां, कानपुर देहात।** स्थानीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कोतवाली भोगनीपुर के पुलिसकर्मियों ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किया। कोतवाली भोगनीपुर के प्रयास से रविवार को पुखरायां स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इसमें तीन दर्जन पुलिसकर्मी एवं अन्य लोग रक्तदान करने पहुंचे। भोगनीपुर के सीओ भूपेंद्र सिंह ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और ब्लड भी डोनेट किया। थाना प्रभारी अंजन सिंह समेत कई पुलिस कर्मियों ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की रक्षा का संकल्प लिया। सभी पुलिसकर्मियों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में कानपुर नगर से आई कानपुर थेलसीमिक्स सोसाइटी की कुशल टीम ने सहयोग किया। थाना प्रभारी अंजन सिंह ने बताया कि थैलेसीमिक सोसाइटी के साथ यह शिविर भोगनीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगाया गया है। जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। वहीं कई पुलिस कर्मियों व क्षेत्रीय लोगों ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की रक्षा का संकल्प लिया है।

## निरर्थक साबित हुई मिलावट पर कार्रवाई

**मोहम्मदी खीरी।** अभी पिछले दिनों बड़े जोर शोर से मोहम्मदी नगर मे कडुआ तेल के कारखानों और दुकानों पर नकली और मिलावटी तेल की दुकानों को क्राइम ब्रांच खीरी के माध्यम से सीज किया गया था। उसके उपरांत खाद्य विभाग की टीम में उन दुकानों के नमूने लिए गये,नमूनों की जाचं आने से पहले 2 दिन बीतने के बाद एक दुकान छोड़कर सारी दुकानों को खोलने के आदेश दे दिए गए और दुकान खुल गई। अब प्रश्न यह उठता है किस-किस के आदेश पर यह छापा मार करवाई हुई और कागजी लिखा पढी होने के बाद किसके आदेश पर सील की गई दुकान और कारखाने खोले गए ,जनता में यह सवाल बड़ी तेजी के साथ तैर रहा है, वहीं मिलावट खोरों के हौसले बुलंद है, जो टीम इस कार्रवाई मे शामिल थी वो अपना पल्ला झाडती नजर आ रही है,केवल दो दिन अपनी वाहवाही लूटने के वाद ढाक के तीन पात बाली कहावत पूरी तरह फिट बैठ रही है, वहीं सील की गयी एजेंसियों पर भी प्रश्न चिन्ह सा भी लगता दिखाई दे रहा है।

## महानिदेशक ने की पंद्रह साल तक के मान्यता प्राप्त विद्यालयों की रिपोर्ट तलब

**हमीरपुर।** मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा यू डायस कोड न लेने से नाराज महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने नाराजगी जाहिर करते हुये पंद्रह वर्षो के अंतराल में दी गयी विद्यालयों की मान्यता का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। ताकि ऐसे विद्यालयों का चिंहाकन किया जा सके जो यू डायस कोड आवंटन कराने में अभी भी हीलाहवाली बरत रहे है।शासन परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के यू डायक कोड को लेकर बहुत ही गंभीर है,कोड में स्कूल,टीचर व विद्यार्थी के समस्त विवरण स्पष्ट हो जाता है। यू डायस कोड न लेने पर समय समय पर बीएसए भी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को चेतावनी देते रहते है मगर जिले में अभी कई विद्यालय ऐसे है जो कोड का आवंटन नही कराया है जिसमे मदरसों की संख्या भी काफी है। जिले में मान्यता प्राप्त व परिषदीय विद्यालयों की संख्या 1744 है। जिसमे अभी भी करीब बीस फीसदी विद्यालयों में कोड का आवंटन नही कराया है। महानिदेशक कंचन वर्मा ने प्रदेश के समस्त बीएसए को कड़ा पत्र लिखते हुये कहा कि प्रदेश में बहुत संख्या में विद्यालयों की मान्यता अर्से पहले मिल गयी थी मगर अभी भी कोड आवंटन के लिये आवेदन प्राप्त हो रहे है जो विभागीय नियमों के प्रतिकूल है। शासन का मानना है कि यू डायक कोड के बिना प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल मदरसा व इंटर कालेजों की वास्तविक स्थिति का जानकारी नही हो पाती है।

इस मामले को भारत सरकार ने गंभीरता से लिया है। महानिदेशक ने पंद्रह वर्षो के अंतराल में कितने विद्यालयों की मान्यता दी है उनका समस्त विवरण दो सप्ताह के अन्दर भेजने को बीएसए को आदेश दिये है। बीएसए आलोक सिंह का कहना है कि रिपोर्ट भेजी जा रही है। महानिदेशक ने इस मामले की जानकारी एडी वेसिक व सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को भी दी है ताकि इस मामले को गंभीरता से लेते हुये शीघ्र रिपोर्ट भेजी जाये।

# मिशन अलंकार योजना का विधायकों ने किया शिलान्यास

**संवाददाता।** फतेहपुर

**प्रेक्षागृह** में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार का वर्चुअली उद्घाटन का सजीव प्रसारण देखने के बाद मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी द्वारा बटन दबाकर योजना का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अकांशी योजना प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के लिये जनपद के 43 राजकीय एव अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों को 7 करोड़ 31 लाख 51 हजार पांच सौ रुपये की धनराशि आवंटित की गई। निर्गत की गई धनराशि से कार्यदाई संस्था यूपी सिडको मूलभूत सुविधाओं से वंचित विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, बालक एवं बालिकाओं के लिये पृथक शौचालयों का ब्लाक, मल्टीपर्पज हाल, प्रयोगशाला लाइब्रेरी आदि का निर्माण करायेगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी, अपर्णा सिंह गौतम समेत विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## नमो युवा चौपाल योजना अभियान प्रगति पर: क्षेत्रीय विधायक



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार एवं प्रदेश की सरकार द्वारा चलायी जा रही अत्यंत महत्वकांक्षी योजना नमो युवा चौपाल योजना के अंतर्गत 139 विधान सभा गोला के ब्लॉक कुम्भी गोला के गांव राजगढ़, परासन, बढ़ैयाखेड़ा, देविहाना में नमो युवा चौपाल कार्यक्रम में केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित जनता जनार्दन के साथ में साझा की और भाजपा की डबल इंजन की सरकार में प्रदेश एवं देश विकास के पथ पर नित नए आयाम स्थापित कर रहा हैद्य इस अवसर पर विधान सभा संयोजक अवधेश मिश्र, के0के0 शुक्ला, आत्मानंद शुक्ला संजय सिंह, पप्पू प्रधान,अमीरनगर, अमरसिंह प्रधान,कुलदीप शर्मा, सुचित प्रताप सिंह, इंद्रजीत सिंह लाडी, जुबेर खान, कमाल अहमद प्रमुख साथियों सहित कार्यकर्ता एवं गांवों की सम्मानित जनता मौजूद रही।

## डेढ़ दर्जन निरीक्षक-उपनिरीक्षक इधर से उधर, एक का तबादला रद्द

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के आदेश के अनुपालन में पुलिस लाइन में तैनात रहे निरीक्षक राजेश कुमार को रिट सेल प्रभारी, निरीक्षक लाभ सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, बटेश्वर नाथ दुबे को प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इकाई से निरीक्षक अपराध थाना कल्यानपुर, सुनील कुमार शुकल को अपराध शाखा विवेचना इकाई से प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इकाई भेजा गया है।

इसी तरह उपनिरीक्षक जीवेंद्र त्रिपाठी को पुलिस लाइन से थाना हथगाम, ब्रम्हदेव यादव को पुलिस लाइन से थाना हुसैनगंज, संजीव कटारिया को पुलिस लाइन से थाना असोथर, संजय सिंह को पुलिस लाइन से थाना मलवां, योगेश कुमार चतुर्वेदी को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना धाता, यशकरन सिंह को पुलिस लाइन से थाना बिंदकी, चिंतामणि यादव को पुलिस लाइन से थाना किशनपुर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी को धाता थाने से प्रभारी चौकी मुसाफा थाना बकेवर, उपनिरीक्षक सौरभ शर्मा को प्रभारी चौकी मुसाफा से थाना कल्यानपुर, अखिलेश कुमार को कल्यानपुर थाने से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कल्यानपुर, गुलाब मौर्य को थाना कोतवाली नगर से प्रभारी अस्थाई चौकी सदर अस्पताल, बृजेश कुमार को थाना चांदपुर से थाना हुसैनगंज, महीप सिंह को थाना कोतवाली से थाना हथगाम, विजय कुमार त्रिवेदी को प्रभारी चौकी बहुआ थाना ललौली से प्रभारी चौकी देवरी बुजुर्ग थाना जाफरगंज व सुमित नारायण तिवारी को प्रभारी चौकी देवरी बुजुर्ग से प्रभारी चौकी बहुआ थाना ललौली भेजा गया है। उधर एसपी ने पूर्व में हथगाम थाने स्थानांतरित किए गए जहानाबाद थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह का स्थानांतरण निरस्त कर दिया है।

# समाजसेवी ने फीता काटकर किया ई-रिक्शा प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**वरिष्ठ** व्यापारी राजेश मिश्रा ने फीता काटकर ई रिक्शा प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम एवं मृदुभाषिता से व्यापार में सफलता मिलती है। रविवार को बाईपास स्थित ई रिक्शा एजेंसी का हवन पूजन एवं फीता काटकर उदघाटन करने के उपरांत वरिष्ठ व्यापारी राजेश मिश्रा ने कहा की व्यापार के क्षेत्र में हमारा गुरसहायगंज धीरे धीरे केंद्र बन चुका है। इसलिए व्यापार के क्षेत्र में बहुत जल्द हमारा क्षेत्र भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि व्यापारियों को पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करते हुए ग्राहकों को विश्वास में लेना होता है। जब व्यापार के क्षेत्र में कोई दुकानदार या व्यापारी अपनी स्वच्छ छवि बना लेता है तो उसका व्यापार उन्नति के शिखर पर पहुंचने लगता है।



इससे पूर्व आयोजकों के साथ पंडित राकेश चंद द्विवेदी ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान संचालक आदेश मिश्रा, राकेश चंद्र वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य पी डी विश्वकर्मा, संदीप त्रिवेदी, एडवोकेट पीयूष चतुर्वेदी, विनय मिश्रा, दिलीप शुक्ला, महेश चंद्र त्रिपाठी, अवधेश गुप्ता, लव मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## अश्लील हरकतें करने वालों को पुलिस ने दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने वाली छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें व छींटाकशी कर रहे दो युवकों को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। रविवार को हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे उपनिरीक्षक देवी चरण साहू ने दो युवकों को उस समय हिरासत में ले लिया जब वह टीवी अस्पताल तिराहा से पीछे समधन की ओर जाने वाले मार्ग पर कोचिंग आने जाने वाली छात्राओं को देखकर अश्लील हरकतें व छींटाकशी कर रहे थे। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम आकाश कुशवाहा पुत्र किशन निवासी तिराहा, जबकि दूसरे युवक ने अपना नाम रिंकू बाथम पुत्र भैया लाल निवासी ग्राम लाडपुर बताया है।

## जिला अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस का आयोजन

**फतेहपुर।** जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व श्रवण दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन नोडल अधिकारी एनसीडी डा. आरके वर्मा ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अन्तर्गत कान के विभिन्न प्रकार की बीमारियां श्रवण दोष व विकलांगता की रोकथाम एवं जॉच के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। नोडल अधिकारी एनसीडी श्री वर्मा ने उपस्थित आम जनमानस को कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। बताया कि कान संबंधित किसी भी प्रकार के रोगों से बचाव हेतु कान की सफाई और पानी न जाने दें और किसी भी प्रकार का तरल पदार्थ न डालें। मवाद को साफएवं नरम कपड़े से साफ करें। मवाद में बदबू या खून आने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। इस अवसर पर श्याम कृष्ण चौधरी आडियोलाजिस्ट, हिभांशु शेखर वर्मा ऑडियोमेट्रिक असिस्टेंट राकेश कुमार एवं शिव सिंह फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आदि रहे।

# फतेहपुर में किसी की नहीं लगी हैट्रिक, क्या साध्वी तोड़ पायेंगी मिथक

## संतबख्श सिंह, हरीकृष्ण शास्त्री, वीपी सिंह, अशोक पटेल एवं साध्वी निरंजन ज्योति के नाम दर्ज है लगातार दो बार सांसदी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**लगभग** साढ़े सात दशक के संसदीय इतिहास में फतेहपुर लोकसभा सीट पर किसी भी सियासी उम्मीदवार की जीत की हैट्रिक नहीं लग पाई। संतबख्श सिंह, हरीकृष्ण शास्त्री, विश्वनाथ प्रताप सिंह, डा. अशोक पटेल एवं साध्वी निरंजन ज्योति लगातार दो बार सांसद बनीं हैं। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह अकेले ऐसे सांसद रहे जिन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल को बीच में ही छोड (इस्तीफा) दिया था। क्योंकि साध्वी को पार्टी ने तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है, इसलिए उनके प्रदर्शन पर नजर होगी। वहीं अन्य को संबंधित पार्टियों ने तीसरी बार प्रत्याशी तो बनाया किन्तु वह जीत नहीं पाये या यूँ



कहें कि मतदाताओं ने नकार दिया! वैसे इतिहास तो यहीं कहता है कि ज्यादातर मौकों पर यहां के जनमानस का निर्णय परिवर्तनशील रहा हैं!

उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से अब तक हुए संसदीय चुनावों में फतेहपुर लोकसभा सीट पर सर्वाधिक 5 बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को सफलता मिली है। 04 बार भाजपा ने विजय हासिल की जबकि 02-02 बार जनता दल और बहुजन समाज पार्टी सफल रही हैं। समाजवादी पार्टी, जनता पार्टी, लोकदल और निर्दलीय को 01-01 बार लोकसभा पहुँचने का अवसर मिला। 1989 में इस सीट से जनता दल प्रत्याशी विश्वनाथ प्रताप सिंह जीतकर देश के प्रधानमन्त्री बनें थे। इसके अलावा 1984 में यहां से दूसरी बार सांसद बनें हरीकृष्ण शास्त्री एवं 2014 व 2019 में सांसद बनीं साध्वी निरंजन ज्योति केन्द्र सरकार में बतौर राज्यमन्त्री शामिल हुईं।

फतेहपुर सीट पर विधायक रहते सै. लियाकत हुसैन, विश्वंभर प्रसाद निषाद, महेन्द्र प्रताप नारायण सिंह, राधेश्याम गुप्ता एवं निरंजन ज्योति ने लोकसभा चुनाव लडा किन्तु जीत सिर्फविश्वंभर और निरंजन ज्योति को ही नसीब हुईं। 1962 के संसदीय चुनाव में चला जिलावाद का नारा इस कदर प्रभावी हुआ कि निर्दलीय गौरी शंकर कक्कड जीतकर लोकसभा पहुँच गये। वहीं 1977 के संसदीय चुनाव में सांसद बनें बशीर अहमद के आकस्मिक निधन से 1978 में एक मात्र बार इस सीट पर उपचुनाव हुआ और इंदिरा गांधी के एक हफ्ते तक यहाँ रहने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी पं. प्रेमदत्त तिवारी चुनाव हार गये और लोकदल के सै. लियाकत हुसैन सांसद बनें।

इस सीट पर प्राय: बाहरी उम्मीदवारों को जीत हासिल होती रही हैं। गौरी शंकर कक्कड, सै. लियाकत हुसैन और डा. अशोक पटेल का अलावा यहाँ से सांसद बनें अंसार हरवानी, संतबख्श सिंह, बशीर अहमद, हरीकृष्ण शास्त्री, विश्वनाथ प्रताप सिंह, विश्वंभर प्रसाद निषाद, महेन्द्र निषाद, राकेश सचान से लेकर साध्वी निरंजन ज्योति आदि बाहरी प्रत्याशी थे, जो यहाँ की संसदीय राजनीति में काफी सफल रहें।

इस सीट पर सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार 1991 में डा. विजय सचान को प्रत्याशी बनाया जो दूसरे स्थान पर रहें। उसके बाद तत्कालीन विधायक महेंद्र प्रताप नारायण सिंह, अशोक पटेल (तीन बार), राधेश्याम गुप्ता और साध्वी निरंजन ज्योति तीसरी बार यहाँ से चुनाव लडेंगी। इसी तरह कांग्रेस ने अंसार हरवानी, सन्तबख्श सिंह, हरीकृष्ण शास्त्री, राम प्यारे पांडेय, विभाकर शास्त्री, खान गुफरान जाहिदी, ऊषा मौर्या, राकेश सचान को प्रत्याशी बनाया। बसपा यहां से विश्वंभर प्रसाद निषाद, महेन्द्र निषाद, अफजल सिद्दीकी, सुखदेव वर्मा को चुनाव लडा चुकी है।

# प्रेम संबंध टूटने पर सदमे के चलते आत्महत्या के उकसावे का मामला नहीं बनता: अदालत

भाषा। मुंबई



**मुंबई** की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना नैतिक रूप से गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ए टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था।

केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, नैतिक रूप से...प्रेमीप्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसकोजिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए। अदालत ने कहा, कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसकाउसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताडिति किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

उन्होंने कहा कि चुडासमा के साथ केनी का प्रेम संबंध था, लेकिन उसने (चुडासमा ने) उन्हें छोड़ दिया और पंवार से सगाई कर ली। बचाव पक्ष ने दलील दी कि केनी, चुडासमा का पीछा कर रहा था और उसने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से दी गई गवाही से ऐसा प्रतीत होता है कि केनी मानसिक रूप से परेशान था, और जैसे ही उसे चुडासमा के पंवार के साथ संबंधों के बारे में पता चला, वह अवसाद में चला गया।

# कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय मंगलवार को इस्तीफा देंगे



भाषा। कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा है कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी।

न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा, मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे, जिसकी प्रतियां भारत के प्रधान न्यायाधीश और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजी जाएंगी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय इसी वर्ष के आखिर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने का निर्देश देते हुए कई दिशानिर्देश जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय अपने त्वरित निर्देशों के लिए जाने जाते हैं जिनमें कभी-कभी कुछ घंटे के भीतर अनुपालन अनिवार्य होता है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से विद्यालय की नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से सराहना प्राप्त की है। हालांकि, विशिष्ट मामलों में उनकी टिप्पणियों से राज्य में सत्तारूढ़ दल के कुछ नेताओं में असंतोष भी उत्पन्न हुआ। पश्चिम बंगाल में आरक्षित श्रेणी की एमबीबीएस सीट के इच्छुक अभ्यर्थियों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने में कथित घोटाले की सीबीआई जांच कराने को लेकर उनकी एकल पीठ और उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के बीच विवाद के बाद, जनवरी में उच्चतम न्यायालय ने हस्तक्षेप किया था और मामले से संबंधित सभी याचिकाएं स्वयं को स्थानांतरित कर ली थीं।

उन्होंने कहा, न्यायाधीश के रूप में कल मेरा आखिरी दिन होगा। मैं किसी भी मामले की सुनवाई या फैसला नहीं करूंगा और कुछ मामलों को छोड़ दूंगा जिनकी मेरी अदालत में आंशिक सुनवाई हुई है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय व्यक्तिगत कारणों से पिछले एक सप्ताह से छुट्टी पर थे। उन्होंने कहा कि उनका इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजने के क्षण से ही प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा देने के बाद मंगलवार को अपराह्न 1.30 बजे उच्च न्यायालय भवन के सामने महान स्वतंत्रता सेनानी एम. सूर्य सेन की प्रतिमा के सामने पत्रकारों के सभी सवालों का जवाब देंगे। उच्च न्यायालय की वेबसाइट के आंकड़े के अनुसार, उच्च न्यायालय में वकालत कर चुके न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय दो मई, 2018 को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कलकत्ता उच्च न्यायालय में शामिल हुए थे। उन्हें 30 जुलाई, 2020 को स्थाई न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। इन अटकलों के बीच कि क्या वह इस्तीफा देने के बाद राजनीति में शामिल होंगे, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा वह राजनीति में उतरेंगे या किसी सामाजिक संगठन में शामिल होंगे या एक पुस्तक लिखेंगे या बंगाल को बचाने के लिए एक गैर राजनीतिक मोर्चा शुरू करेंगे, यह फैसला वह करेंगे"।

नंदीग्राम से भाजपा विधायक ने कहा कि वह न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय का इस्तीफा स्वीकार होने के बाद पार्टी की ओर से प्रतिक्रिया देंगे। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, ऐसे लोग राजनीति में आएं तो अच्छा है। घोष ने एक्स पर पोस्ट किया, लेकिन आप चाहे किसी भी पार्टी में शामिल हों, आपके पिछले आदेशों और टिप्पणियों पर सवाल होंगे।

यह आरोप लगाते हुए कि उनकी कुछ टिप्पणियाँ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ थीं, उन्होंने लिखा, "आप जिस भी पार्टी में शामिल होंगे, वहां भ्रष्टाचार और अन्य चीजों के आरोप होंगे। क्या आप उन्हें स्वीकार कर पाएंगे? वरिष्ठ अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य ने न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के इस्तीफा देने के फैसले को निजी बताते हुए कहा कि अगर वह राजनीति में आते हैं तो अच्छा होगा।

## लोकसभा चुनाव में अस्वीकार दिए जाएंगे राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराने वाले

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया, उन्हें लोकसभा चुनाव में जनता नकार देगी। रीवा और सतना में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कई विपक्षी दलों ने 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में हुए समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। मौर्य ने कहा, जिन नेताओं और पार्टियों ने राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का हिस्सा बनने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में जनता नकार देगी। उन्होंने कहा कि जनता और भाजपा के प्रयासों से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।

# न्यायालय पूर्व सांसद आनंद मोहन को सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को करेगा सुनवाई

### कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे आनंद मोहन

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है। आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी।

आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था। इससे पहले, बिहार जेल नियमावली में राज्य सरकार ने संशोधन कर, ड्यूटी पर मौजूद लोक सेवक की हत्या में संलिप्तता रखने वालों की समय पूर्व रिहाई पर लगी पाबंदी हटा दी गई थी। आलोचकों का दावा है कि सरकार ने राजपूत समुदाय से आने वाले आनंद मोहन की रिहाई का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बिहार जेल नियमावली में संशोधन किया।

पूर्व सांसद को निचली अदालत ने 5 अक्टूबर, 2007 को मौत की सजा सुनाई थी, जिसे पटना उच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर, 2008 को सश्रम आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था और उच्चतम न्यायालय ने 10 जुलाई, 2012 को इसकी पुष्टि की थी।

तेलंगाना के रहने वाले कृष्णैया की 1994 में भीड़ ने पीटकर हत्या कर दी थी। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब उनके वाहन ने मुजफ्फरपुर जिले में गैंगस्टर छोटन शुक्ला की शव यात्रा से आगे निकलने की कोशिश की थी।

आनंद मोहन, जो उस समय विधायक थे, शव यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे और उनपर भीड़ को कृष्णैया की हत्या के लिए उकसाने का आरोप था।

शीर्ष अदालत ने 6 फरवरी को आनंद मोहन की सजा माफी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद को अपना पासपोर्ट जमा करने और हर पखवाड़े स्थानीय पुलिस थाने में हाजिरी देने को कहा था। पिछले साल 11 अगस्त को शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार से पूछा था कि पूर्व सांसद के साथ ऐसे कितने दोषियों को सजा में छूट दी गई है, जिन्हें ड्यूटी पर मौजूद लोक सेवकों की हत्या के मामलों में दोषी ठहराया गया था।

बिहार सरकार ने अदालत को बताया था कि आनंद मोहन समेत कुल 97 दोषियों को एक साथ समय से पहले रिहा किया गया। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि आनंद मोहन को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा का मतलब मृत्यु होने तक कारावास है और इसकी व्याख्या केवल 14 वर्षों की जेल के रूप में नहीं की जा सकती है।

कृष्णैया की पत्नी ने अपनी याचिका में कहा है, मौत की सजा के विकल्प के रूप में जब आजीवन कारावास की सजा दी जाती है, तो उसे अदालत के निर्देशानुसार सख्ती से लागू किया जाना होता है और यह सजा माफी दिए जाने से परे होगी।

# भाजपा से आज़मगढ़ सीट छीनने की जुगत में सपा,पूर्व बसपा विधायक के शामिल होने से कार्यकर्ता उत्साहित

**लखनऊ।** वर्ष 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ लोकसभा सीट गंवाने वाली समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस बार इस सीट को जीतने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है।

समाजवादी पार्टी के मुस्लिम-यादव समीकरण में फिट बैठने वाली आज़मगढ़ सीट से 2014 में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और 2019 में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जीत दर्ज की थी थी, मगर 2022 में करहल विधानसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद अखिलेश ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था।

इसके बाद हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को शिकस्त दी थी। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव और 2022 के उपचुनाव में सपा और भाजपा को कड़ी टक्कर देने वाले शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली के बहुजन समाज पार्टी (बसपा) छोड़कर सपा का दामन थामने से स्थानीय सपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं।

आज़मगढ़ की मुबारकपुर सीट से दो बार (2012 और 2017 में) बसपा विधायक रहे गुड्डू जमाली की जिले में अच्छी पकड़ मानी जाती है।

उन्होंने आजमगढ़ लोकसभा सीट से 2014 का चुनाव और 2022 का उपचुनाव बसपा के टिकट पर क्रमशः सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ लड़ा था।

साल 2022 के उपचुनाव में जमाली ने बसपा उम्मीदवार के रूप में 2,66,210 वोट हासिल किए थे। माना जा रहा है कि खासकर मुस्लिम मतदाताओं ने उन्हें बड़े पैमाने पर समर्थन दिया था। उस चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ ने 3.12 लाख वोट हासिल कर विजय प्राप्त की थी, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा के धर्मेंद्र यादव को 3.04 लाख वोट मिले थे।

साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी जमाली आज़मगढ़ से 2.66 लाख से अधिक वोट हासिल करके तीसरे स्थान पर रहे थे, जबकि मुलायम सिंह यादव ने 3.40 लाख वोट हासिल करके सीट जीती थी।

सपा की आजमगढ़ इकाई के जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, इस बार इस सीट से हमारी पार्टी की जीत होगी। हमने यहां काफी जमीनी काम किया है।

जमाली के पार्टी में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "जाहिर तौर पर उनके साथ होने के बाद हम प्रतिद्वंद्वियों को हरा देंगे। उनकी जमीनी उपस्थिति है और उनके समर्थकों की अच्छी-खासी तादाद है"।

गत 28 फरवरी को सपा में शामिल हुए जमाली पेशे से व्यवसाई हैं और जिले में राजनीतिक रूप से भी काफी सक्रिय हैं।

जमाली ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं सपा में शामिल हो गया हूं और यह सुनिश्चित करूंगा कि जो भी इस सीट से चुनाव लड़े, वह जीते।

उन्होंने कहा, "मैं उसूलों पर चलने वाला व्यक्ति हूं। मौजूदा सियासी हालात को देखते हुए मैं यहां (सपा में) हूं। मैं बाकी सारी जिंदगी यहीं पर रहूंगा और पार्टी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करूंगा"।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आजमगढ़ सीट से मौजूदा सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ को एक बार फिर उम्मीदवार घोषित किया है।

हालांकि सपा ने अब तक इस सीट से किसी को टिकट नहीं दिया है। इस सीट से पार्टी नेता धर्मेंद्र यादव को फिर से मैदान में उतारे जाने की संभावना है।

संपर्क करने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने कहा कि इस सीट से उम्मीदवार चाहे जो भी हो लेकिन लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है। उन्होंने भरोसा जताया कि निरहुआ इस सीट से दोबारा जीतेंगे। इतिहास पर निगाह डालें तो 1996 से आज़मगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम और यादव उम्मीदवार ही जीतते आ रहे हैं। रमाकांत यादव ने 1996 और 1999 में सपा उम्मीदवार के रूप में यह सीट जीती थी। उन्होंने 2004 में बसपा उम्मीदवार के रूप में और 2009 में भाजपा के टिकट पर इसे फिर से जीता था। इस सीट से 1998 और 2008 (उपचुनाव) में बसपा के अकबर अहमद डंपी जीते थे। साल 2014 के आम चुनावों में, "मोदी लहर" के बावजूद मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ लोकसभा सीट जीतने में सफल रहे थे और 35.43 प्रतिशत वोट हासिल करके भाजपा उम्मीदवार रमाकांत यादव को 63,000 वोटों से हराया था। रमाकांत को 28.85 फीसदी वोट मिले थे, वहीं, बसपा प्रत्याशी जमाली को 27.75 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2019 में भाजपा के निरहुआ को हराकर यह सीट जीती थी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। आज़मगढ़ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आज़मगढ़ और मेहनगर आते हैं और वर्तमान में इन सभी पर सपा का कब्जा है।

**दिल्ली उच्च न्यायालय डब्ल्यूएफआई चुनावों के खिलाफ पहलवानों की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा**

नई दिल्ली, तीन मार्च (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा कराए गए चुनावों को रद्द किए जाने और अवैध घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

सात महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यहां जंतर-मंतर पर पिछले साल विरोध प्रदर्शन में अग्रिम मोर्चे पर रहीं पहलवानों की याचिका न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

याचिका में दलील दी गई है कि 21 दिसंबर को हुए डब्ल्यूएफआई के चुनाव में खेल संहिता का घोर उल्लंघन किया गया, और महासंघ को कुश्ती के खेल से संबंधित किसी भी गतिविधि को करने से रोकने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि इसमें, 26 फरवरी को जारी परिपत्र के जरिए अधिसूचित किए गए सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 और एशियाई ओलंपिक खेल क्वालीफायर कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन परीक्षण आयोजित करने वाले निलंबित डब्ल्यूएफआई की अवैध कार्वाई के खिलाफ निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि डब्ल्यूएफआई एक आदतन अपराधी रहा है, क्योंकि उसने जानबूझकर कई मौकों पर खेल मंत्रालय और तदर्थ समिति द्वारा पारित निर्देशों का उल्लंघन किया है, जिससे भारतीय पहलवानों के करियर की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## पेज 1 का शेष

### पीएम मोदी...

रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्य बिंदुओं के साथ एक व्यापक खाका है। इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, एसडीजी, जीवनयापन में आसानी, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए, जो लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले इस तरह की आखिरी बैठक होने की संभावना है।प्रधानमंत्री प्रमुख नीति और शासन के मुद्दों पर चर्चा के लिए समय-समय पर संपूर्ण मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस बैठक का राजनीतिक महत्व बढ़ गया है।जबकि चुनाव आयोग चुनावों के लिए गहन तैयारी कर रहा है, जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की शुरुआत में होने की संभावना है, मोदी का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि पीएम तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू और कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान का दौरा करेंगे और दिल्ली में भी परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

### भाजपा बोली...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी निंदा की। पाँच साल बाद, वह अपनी सीट खो चुकी है। वह मुंबई एटीएस के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे पर अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में थीं, जिनकी 2008 के आतंकवादी हमलों के दौरान मृत्यु हो गई थी। उनके अनुसार करकरे की मृत्यु उनके 'श्राप' के कारण हुई थी। एक अन्य कारक जो फायरब्रांड नेता के खिलाफ गया वह यह है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में सक्रिय नहीं थीं।

भाजपा की सूची में एक प्रमुख चूक जिसने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया, वह थी पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, जो दो बार के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। 2020 के दिल्ली चुनाव से पहले, वर्मा ने शाहीन बाग विरोध के दौरान भड़काऊ टिप्पणी की थी और कहा था कि अगर भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आई तो प्रदर्शनकारियों को एक घंटे में हटा दिया जाएगा। पिछले साल ऐसी खबरें आई थीं कि भाजपा नेतृत्व ने परवेश वर्मा की उस टिप्पणी की कड़ी निंदा की है, जिसमें एक विशेष समुदाय के 'आर्थिक बहिष्कार' का आह्वान किया गया था। वर्मा ने पिछले साल 9 अक्टूबर को पूर्वी दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों की स्थानीय इकाई द्वारा आयोजित 'विराट हिंदू सभा' नामक एक सभा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। एक भाषण में, वर्मा ने स्पष्ट रूप से किसी विशेष समुदाय का नाम लिए बिना, 'इन लोगों' के 'पूर्ण बहिष्कार' की वकालत की।

### इंडिया गुट----

आरोप लगाया था।उन्होंने इंडिया ब्लॉक के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हालांकि एनडीए में लौटने के बाद, वह दावा करते रहे हैं कि जिस तरह से विपक्षी गठबंधन में चीजें आगे बढ़ीं, उससे वह कभी खुश नहीं थे और यहां तक कि संक्षिप्त नाम को भी उनकी मंजूरी नहीं मिली।

नीतीश के कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद, जिन्होंने अपने भाषण के अंत में भीड़ को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि वह लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए वहां मौजूद रहेंगे क्योंकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर करने के लिए मतदान कर रहे हैं। साल 2017 में कुमार के पाला बदलने की चर्चा करते हुए राजद अध्यक्ष ने कहा, वह तब नीतीश कुमार को कोई गाली नहीं दी थी, केवल उन्हें पलटूराम कहा था। यह लेबल उनके अपने कार्यों के आधार पर उनके व्यक्तित्व से चिपक गया है। वह सोशल मीडिया पर उनके बारे में मजेदार वीडियो देखता हूं और सोच रहा हूं कि क्या ए उन्हें शर्मिंदा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ असहजता बढ़ने के बाद अगर कुमार फिर से उनके पास आएंगे तो उन्हें स्वीकार कर दिया जाएगा।

### मौसम--

बर्फबारी जारी रहने की संभावना है और रविवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और सिक्किम में मध्यम तूफान, ओलावृष्टि की गतिविधि जारी रहने की संभावना है और उसके बाद इसमें उल्लेखनीय कमी आएगी। आईएमडी ने रविवार को अपने विशेष बुलेटिन में कहा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई।

इस बीच, दिल्ली एनसीआर में शनिवार को शुरू हुई हल्की वर्षा का दौर रविवार सुबह भी जारी रहा। कई इलाकों में अल सुबह वर्षा देखने को मिली। यही वजह रही कि न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 13.7 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 100 से 48 प्रतिशत रहा। वर्षा शाम साढ़े पांच बजे तक 4.0 मिमी रिकार्ड की गई। सर्वाधिक वर्षा राजघाट क्षेत्र में 28.5 मिमी हुई। मालूम हो बीते वर्ष मार्च के शुरुआती दिनों में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान दोनों ही इससे कहीं ज्यादा थे।

### हाथियों की...

डॉ. नंदिता कृष्णा की राय है कि धर्मग्रंथों में मंदिर उत्सवों के दौरान हाथियों को तैनात करने का उल्लेख नहीं है। सनातन धर्म में सबसे बड़ा उत्सव रावण को हराने के बाद भगवान राम और सीता की अयोध्या वापसी थी। डॉ कृष्णा ने कहा, यह उल्लेख किया गया था कि अयोध्या में लोगों ने दीया जलाकर 14 साल के वनवास के बाद भगवान की वापसी का जश्न मनाया और यह दिवाली बन गई। लेकिन उत्सव के दौरान हाथियों की परेड के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। यह सब कुछ असामान्य राजाओं का किया धरा है।

रमेश के अनुसार, हाथियों और पूरम के बारे में मौजूदा बहस कुछ निहित स्वार्थों की करतूत हो सकती है। कृपया याद रखें कि हालांकि त्रिशूर पूरम, जो सभी त्योहारों की जननी है, एक दिन के लिए मनाया जाता है, राज्य अगले पूरम की तैयारियों में साल भर व्यस्त रहता है। यह एक ऐसा उद्योग बन गया है जो पूरम से जुड़े विभिन्न कार्यों में लगे हजारों लोगों की आजीविका चलाता है। हालाँकि पूरम को एक हिंदू त्योहार के रूप में जाना जाता है, लेकिन विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों द्वारा इसे मानवता का उत्सव बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा, पूरम बना रहेगा और फलेगा-फूलेगा और वहां हाथी भी होंगे जो आंखों के लिए एक सुखद अनुभव है।

## एनआईए ने बिहार में भाकपा (माओवादी) के दो कैडर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नई दिल्ली, तीन मार्च (भाषा) राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) द्वारा बिहार के मगध क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने के प्रयासों से संबंधित एक मामले में इसके एक पोलित ब्यूरो सदस्य सहित दो कैडर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि औरंगाबाद जिले के प्रमुख पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ सोहन दा और गया के उसके सहयोगी अनिल यादव के खिलाफ पटना में एनआईए की विशेष अदालत में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया गया है। एनआईए ने दो फरवरी को मामले में दो अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। अधिकारी ने कहा कि मिश्रा को वनबिहारीजी, डॉक्टर साब, जनार्दन, दादा और बाबा जी के नाम से भी जाना जाता है और यादव पर भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए के मुताबिक, दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और यूएपीए की धाराओं के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रवक्ता ने कहा, मिश्रा के खिलाफ औरंगाबाद और गया के विभिन्न थानों में 39 मामले दर्ज हैं, इसके अलावा झारखंड में छह और कैमूर क्षेत्र में दो मामले दर्ज हैं। यादव के खिलाफ औरंगाबाद और गया जिलों के विभिन्न थानों में छह मामले दर्ज हैं।

## चंद्रपुर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या की, पुलिस ने हिरासत में लिया

चंद्रपुर, तीन मार्च (भाषा) महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में रविवार को 45 वर्ष के एक व्यक्ति ने अपने घर में अपनी पत्नी और दो बेटियों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और फिर आत्महत्या का प्रयास किया। यह जानकारी पुलिस ने दी।एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना नागभीड तहसील के एक गांव में हुई और तीनों के शव दिन के शुरुआती घंटों में एक रिश्तेदार को मिले।

# प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिनों में करेंगे ताबड़तोड़ दौरे

● 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के कार्यक्रमों में शामिल होंगे

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। छह मार्च को वह कोलकाता में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और बारासात में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद मोदी बिहार जाएंगे और बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सात मार्च को जम्मू-कश्मीर में रहेंगे और शाम को दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। आठ मार्च को वह दिल्ली में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएचर्स अवार्ड) में भाग लेंगे और फिर शाम को असम के लिए रवाना होंगे। मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे और फिर ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वह असम के जोरहाट में अहोम सम्राज्य के महान सेनापति लाचित बोड़फुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को मोदी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी 11 मार्च को दिल्ली में नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके बाद द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन शाम को वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को गुजरात के साबरमती और राजस्थान के पोखरण का दौरा करेंगे और फिर 13 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गुजरात और असम में तीन महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

## मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्वाई के प्रभावी परिणाम मिल रहेः शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर मोदी सरकार की ठोस कार्वाई के प्रभावी परिणाम सामने आए है, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होने एक्स पर एक पोस्ट मे यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन मे सरकारो और एजेंसियो के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर मे मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग ड्रग्स फ्री भारत के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलो की संख्या मे वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्वाई के प्रभावी परिणाम सामने आए है। उन्होने कहा, इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा मे तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। उन्होंने कहा, "हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगो का पुनर्वास करते हुए दोषियो को हिरासत मे लेने के माध्यम से इस लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है।

## रिश्वतखोरी मामले में एनएचएआई महाप्रबंधक गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर मे 20 लाख रुपए के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने भोपाल की निजी कंपनी बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से कथित रूप से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि यह कंपनी बुनियादी ढांचा निर्माण क्षेत्र में कार्य करती है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान मे 20 लाख रुपए की रिश्वत समेत 45 लाख रुपए जब्त किए हैं।

## ज्ञानेंद्र शुक्ला रैलिस इंडिया के एमडी और सीईओ

**मुंबई।** अग्रणी कृषि इनपुट कंपनी, रैलिस इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 1 अप्रैल 2024 से पांच साल की अवधि के लिए डॉ.ज्ञानेंद्र शुक्ला को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। वह 31 मार्च 2024 को अपना कार्यकाल पूरा होने पर श्री संजीव लाल से पदभार ग्रहण करेंगे। फसल संरक्षण और बीज क्षेत्र में एक अनुभवी कृषि पेशेवर डॉ.ज्ञानेंद्र शुक्ला के पास भारत,एशिया प्रशांत और अफ्रीका में नेतृत्व का 34 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अपने करियर के दौरान उन्होंने वाणिज्यिक, बिक्री, कॉर्पोरेट मामलोंए प्रौद्योगिकी विकास और नियामक मामलों में कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है। विशेष रूप से, उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक मोनसेंटो में विभिन्न वैश्विक नेतृत्व भूमिकाओं में कार्य किया। रैलिस विज्ञान के माध्यम से किसानों की सेवा करने की अपनी परिवर्तनकारी यात्रा जारी रखेगा। रैलिस टिकाऊ कृषि के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए अपनी मौजूदा ग्राहक साझेदारी को मजबूत करके और वैश्विक कृषि रसायन कंपनियों के साथ नई साझेदारियां बनाकर अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार और विस्तार करेगा।

## सोनभद्र में ट्रक के कार पर पलटने से चार व्यक्तियों की मौत

सोनभद्र (उप्र)। सोनभद्र जिले के पिपरी थाना क्षेत्र मे रविवार को एक ट्रक के कार पर पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिपरी थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) श्रीराम यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के निवासी दीपक शर्मा, रामायण शर्मा, रीता शर्मा और सुक्वारी शर्मा रविवार को कार से सिंगरौली से वाराणसी जा रहे थे, तभी राख से भरा एक ट्रक उनके वाहन पर पलट गया और चारों की मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि पुलिस को स्थानीय लोगों की मदद से घंटो की मशक्कत के बाद शवो को बरामद करने मे सफलता मिली।

## लातूर में ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई कारः चार लोगों की मौत, एक अन्य घायल

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले मे रविवार तड़के एक कार ट्रैक्टर-टॉली से टकरा गई और इस हादसे मे चार लोगो की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना लातूर-नांदेड़ राजमार्ग पर तड़के करीब तीन बजे हुई, जब कार मे सवार लोग तुलजापुर स्थित एक मंदिर जा रहे थे। उन्होने बताया कि कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और यह ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराया। ट्रॉली पर गन्ना लदा हुआ था। अधिकारी ने बताया कि कार मे सवार नांदेड़ निवासी मोनू बालाजी कोतवाल (27), शिवराज हरिश्चंद्र लंकाधई (26), कृष्णा मांडके (24) और नरमन राजाराम कटरे (33) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होने बताया कि एक अन्य व्यक्ति शुभम लंकाधाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

# पटना रैली में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनावी बिगुल फूंका

भाषा। पटना

**विपक्षी दलों के** गठबंधन इंडिया ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में रोककर इस रैली में भाग लेने मध्य प्रदेश से आए। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रैली को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की। इससे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लालू प्रसाद के छोटे पुत्र एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सराहना करते हुए कहा, आपके चाचा (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार) ने एक बार फिर पाला बदल लिया है। वह दोबारा ऐसा कर सकते हैं। लेकिन आगे से उन्हें स्वीकार मत करना। रैली के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री पर सबसे तीखा हमला उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद ने किया। उन्होंने भीड़ से आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने को। प्रसाद ने कहा, मैं आपका मनोबल बढ़ाने के लिए वहां मौजूद रहूंगा। आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केंद्र की सत्ता से बाहर करने के लिए वोट करें।





### राजद का मतलब अधिकार, रोजगार और विकास, भाजपा झूठ की फैक्ट्री- तेजस्वी

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठ की फैक्ट्री होने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का मतलब अधिकार, रोजगार और विकास है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान मे आयोजित जनविश्वास महारैली को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता हमेशा जुमलेबाजी करते है, लेकिन हम इस देश और बिहार के लोगो के अधिकारो और नौकरियो के लिए लड़ते है। उन्होने कहा कि कुछ लोग कहते है कि राजद मुस्लिम और यादव (एमवाई) की पार्टी है, लेकिन असल मे यह एम-वाई और बाप (बीएपी) की पार्टी है जिसमे बी से बहुजन, ए से अगडा, ए से आधी आबादी (महिलाएं) और पी से गरीब है। राजद के युवा नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा , महागठबंधन सरकार ने बिहार मे पिछले 17 महीनो मे जो किया भाजपा से हाथ मिलाने वाले नीतीश जी पिछले 17 वर्षो मे नही कर सके। कुमार ने हाल मे राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन को छोड़कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मे शामिल हो गए थे।

## विस्फोट मामले को जरूरत पड़ने पर एनआईए को सौंपने पर विचार करेंगे : सिद्धरमैया

**चिकमगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं। घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धरमैया ने कहा, हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे।

## राहुल गांधी खुद का अध्ययन करें तो समाज के लिए बेहतर होगा : नरेन्द्र सिंह तोमर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर राहुल गांधी के दावे को खारिज करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि कांग्रेस नेता अपने बारे में अध्ययन करें, जिससे उन्हें समाज की बेहतर तरीके से सेवा करने में मदद मिलेगी। तोमर ने राहुल के उस दावे पर यह प्रतिक्रिया दी, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि भारत में युवाओं की बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है। तोमर ने बेरोजगारी के मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को खारिज करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि अगर वह खुद के और मानव के बारे में ज्यादा अध्ययन करेंगे, तो वह समाज की बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं। राहुल ने ग्वालियर जिले के मोहना में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारत में युवाओं की बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण छोटे कारोबारी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

# पीआर से रेलवे के कुप्रबंधन को छिपाया नही जा सकता : राहुल

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस ने** रविवार को कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के दौरान भारतीय रेलवे को जिस तरह से कुप्रबंधित किया गया है, उसे चालाकीपूर्ण प्रचार के जरिए छिपाया नहीं जा सकता। साथ ही, पार्टी के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही, और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हर साल किराए में 10 प्रतिशत वृद्धि, डायनेमिक फेयर (मांग के अनुरूप किराया बढ़ाने) के नाम पर लूट, टिकट रद्द कराने के बढ़ते शुल्क और महंगे प्लेटफार्म टिकट के बीच, लोगों को एक ऐसी एलीट ट्रेन की तस्वीर दिखाकर बहलाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर तक नहीं रख सकता। उन्होंने दावा किया, सरकार ने पिछले तीन वर्ष में वरिष्ठ नागरिकों से 3,700 करोड़ रुपए वसूले हैं और ए काम उसने वरिष्ठ नागरिकों को दी गई छूट को छीन कर किया है। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रचार के लिए चुनी गई ट्रेन को प्राथमिकता देने के लिए आम लोगों की ट्रेन की गति धीमी कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि रेलवे की प्राथमिकताओं में गरीब और मध्यम वर्ग के यात्री कहीं नहीं हैं। उन्होंने कहा, एसी (वातानुकूलित) डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिए सामान्य डिब्बों की संख्याओं को घटाया जा रहा है।

### अन्याय के चलते देश में बढ़ रही है नफरत

**ग्वालियर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को अपनी यात्रा के दौरान न्याय शब्द के महत्व पर जोर दिया और देश मे नफरत बढ़ने के लिए मौजूदा अन्याय को जिम्मेदार ठहराया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले मे स्थित मोहना मे एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने आर्थिक व सामाजिक असमानता और किसानो तथा युवाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार को प्रमुख चिंताओ के रूप मे चिह्नित किया। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान गांधी ने यहां वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और नोटबंदी जैसी नीतियो के प्रतिकूल प्रभावों की आलोचना की और इन्हे बेरोजगारी दर मे वृद्धि की वजह बताया। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी दर 40 साल मे सबसे ज्यादा है। कांग्रेस सांसद ने दावा किया, जीएसटी और नोटबंदी के कारण बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ी है। अब बेरोजगारी दर पिछले 40 वर्षों मे सबसे अधिक है।

# अनंत-राधिकाःविवाह पूर्व समारोह में थिरके तीनों खान, शाहरुख ने कहा- जय श्रीराम

भाषा। जामनगर



**अरबपति** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले आयोजित भव्य समारोह में दूसरे दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके और अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम का नारा भी लगाया। तीनों खान इस मौके पर फिल्म आरआरआर के ऑस्कर विजेता तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। मंच पर तीनों के बीच आपसी लगाव भी दिखा। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर शहर के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पेट्रोलियम रिफाइनरी के पास स्थित एक आवासीय टाउनशिप में मंच पर उतरी। शाहरुख, सलमान और आमिर के एक फिल्म में साथ काम करने का इंतजार कर रहे प्रशंसकों को उनकी संयुक्त स्टार पावर की एक छोटी सी झलक देखने को मिली जब तीनों ने अभिनेता राम चरण की मदद से नाटु नाटु के मशहूर हुक स्टेप पर थिरकने की कोशिश की, लेकिन जब सबकुछ योजना के अनुसार होता नहीं दिखा तो सलमान ने अपनी फिल्म मुझसे शादी करोगी के मशहूर गीत जीने के हैं चार दिन और मुझसे शादी करोगी पर टॉवेल डांस किया तथा आमिर और शाहरुख ने भी उनकी नकल करने की कोशिश की। इसके बाद आमिर ने अपने मशहूर गीत मस्ती की पाठशाला (रंग दे बसंती) और शाहरुख खान ने छैंया छैंया (दिल से) पर डांस किया और तीनों अभिनेता इनमें शामिल रहे। इसके बाद तीनों ने नाटु नाटु के हिंदी संस्करण नाचो नाचो पर भी प्रस्तुति दी। मंच पर शाहरुख ने जय श्रीराम का नारा भी लगाया। इस दौरान उन्होंने अंबानी परिवार की तीन देवियों के तौर पर मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी, पूर्णिमा दलाल (नीता अंबानी की मां) और देवयानी खिमजी (राधिका मर्चेंट की दादी) का परिचय कराया। समारोह में शाहरुख और सलमान ने अपनी-अपनी एकल प्रस्तुतियां भी दीं। शाहरुख ने अपनी 2023 की ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म पठान के झूमे जो पठान पर ठुमके लगाए। जबकि सलमान ने अपने गानों जैसे सलाम-ए-इश्क , दीदी तेरा दीवाना , तेनु लेके मैं जावांगा , और साजनजी घर आए पर नृत्य किया। पार्टी के दूसरे दिन दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह, दिलजीत दोसांझ, करीना कपूर खान-सैफ अली खान, सारा अली खान, जाह्नवी कपूर, खुशी कपूर और अनन्या पांडे ने भी मंच पर आकर लोगों का मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने भी प्रस्तुति दी। दोनों ने आकाश और श्लोका अंबानी के साथ अपने हिट गाने "केसरियो पर जमकर डांस किया। सुपरस्टार अक्षय कुमार ने लोकप्रिय पंजाबी गीत "गुड़ नाल इश्क मीठा पर प्रस्तुति दी। शाहरुख और उनकी बेटी सुहाना को दिलजीत के गाने लवर पर नृत्य करते हुए देखा गया।

# विपक्षी दलों को खत्म करने की राजनीति चल नहीं पाएगीः उद्धव

भाषा। मुंबई



**शिवसेना (यूबीटी)** ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए कहा कि अन्य राजनीतिक दलों को कमजोर करने की उसकी नीति चल नहीं पाएगी। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है, जिसमें धन शोधन के आरोपों का सामना कर चुके कृपाशंकर सिंह का नाम भी शामिल है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सूची में नितिन गडकरी जैसे वरिष्ठ नेताओं का नाम नहीं होने पर आश्चर्य जताया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ किए गए काम को याद किया, जिन्होंने शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे द्वारा शुरू की गई परियोजना मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे को तेजी से पूरा करने में सहयोग दिया था। भाजपा ने महाराष्ट्र की 48 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा अभी नहीं की है। भाजपा ने सिंह को उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है। सिंह कांग्रेस की मुंबई इकाई के प्रमुख और गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार द्वारा निरस्त किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस के रुख से असहमति जताने के बाद 2019 में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी।

## भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष की कार दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार रविवार को उस समय बाल-बाल बच गए, जब उनकी कार नदिया जिले के शांतिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर एक पुलिस बैरिकेड से टकरा गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मजूमदार ने कहा कि यह दुर्घटना तब हुई, जब उनकी कार एक बस से आगे निकलने की कोशिश कर रही थी। उन्होंने बताया कि कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, चूंकि बस राजमार्ग के एक किनारे को अवरुद्ध कर रही थी, तो मेरी कार के चालक ने वाहन को उससे आगे निकालने की कोशिश की और पुलिस द्वारा उसी तरफ लगाए गए अवरोधक से टकरा गई। उन्होंने कहा, मैं सुरक्षित बच गया, लेकिन मेरी कार में सवार तीन लोगों को चोटें आईं। मजूमदार को पार्टी ने दूसरी बार बालुरघाट लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। वह एक फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। उन्होंने यह पता लगाने के लिए जांच की मांग की कि क्या यह दुर्घटना राज्य में विपक्षी दल भाजपा के नेताओं को निशाना बनाने की कोई साजिश तो नहीं थी।

# क्विक न्यूज

## आम आदमी पार्टी के आरोपों पर भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज का पलटवार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए रविवार को दावा किया कि स्वराज ने एक वकील के रूप मे अदालत में राष्ट्र-विरोधी ताकतो का प्रतिनिधित्व किया है। बांसुरी स्वराज ने इन आरोपों को लेकर दिल्ली की सत्तारूढ़ आप पर पलटवार करते हुए उसके उम्मीदवार पर सवाल खड़े किए। दिल्ली सरकार मे शिक्षा मंत्री आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन मे कहा कि भाजपा की दिवंगत नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अदालत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों का पक्ष लेने के लिए देश के लोगो से माफी मांगनी चाहिए। आतिशी ने यह भी मांग की कि भाजपा बांसुरी की जगह किसी और को नई दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाए। आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा, बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मीनाक्षी लेखी की जगह ली है।

## अन्नाद्रमुक ने भाजपा पर एमजीआर, जयललिता की विरासत को हड़पने का प्रयास का आरोप लगाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)पर अपने दिवंगत नेताओ, एम जी रामचंद्रन और जे जयललिता की विरासत को हड़पने की घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा की पुडुचेरी इकाई द्वारा सोशल मीडिया पर अपने अभियान मे एमजीआर और जयललिता की तस्वीरों के कथित इस्तेमाल के बारे मे पूछे जाने पर अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में उनकी पार्टी के नेता पहले ही इसकी निंदा कर चुके है। उन्होने संवाददाताओ से कहा कि अन्नाद्रमुक के दिग्गज नेताओ की विरासत को हड़पने का कृत्य घटिया राजनीति है और यह निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया, "भाजपा को शर्म आनी चाहिए। क्या भाजपा को थोड़ी भी शर्म नही है? यह एक ऐसी पार्टी है जिसमे कोई शर्म नही है।

## भारत को एमक्यू9बी ड्रोन की बिक्री संबंधी प्रक्रिया अगले चरण में पहुंची

**वाशिंगटन।** भारत को 31 एमक्यू9-बी स्काईगार्डियन ड्रोन की बिक्री का काम अब तेज होने की उम्मीद है, क्योंकि कांग्रेस की अधिसूचना के 30 दिन की अनिवार्य अवधि पूरी हो गई है और बिक्री प्रक्रिया अगले चरण मे प्रवेश कर गई है। यह अधिसूचना रविवार को सांसदो की किसी आपत्ति के बिना पारित होने की संभावना है। अमेरिका ने फरवरी मे 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दे दी थी। इससे समुद्री मार्गों मे मानवरहित निगरानी और टोही गश्त के जरिए वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भारत की क्षमता बढ़ेगी।रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने फरवरी मे अमेरिकी कांग्रेस को 31 एमक्यू-9बी ड्रोन और संबंधित उपकरणो की भारत को बिक्री के बारे मे सूचित किया था। अधिसूचना में कहा गया है, अमेरिकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए यह बिक्री आवश्यक है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में महिला समेत छह नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले मे पुलिस ने दो स्थानो पर छापेमारी कर रविवार को एक महिला नक्सली सहित छह नक्सलियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, महिला नक्सली के सिर पर एक लाख रुपए का इनाम था। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि महिला नक्सली राम बाई को स्थानीय पुलिस, कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन (कोबरा) की 204 बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 151 वीं बटालियन द्वारा पामेड़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जारपल्ली गांव के पास जंगल से पकड़ा गया। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक ने कहा, यह संयुक्त टीम जारपल्ली और आमपुर इलाके मे नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

## अवसरों का उपयोग से क्षमता का होगा विस्तार

**नोएडा।** फ्रैंचाइज़ इंडिया लखनऊ फ्रैंचाइज़ एक्स्पो का समापन शानदार सफलता के साथ हुआ, जिसने भारत के फ्रैंचाइज़ स्पेस में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह देश के प्रमुख फ्रैंचाइज़ शोज़ में से एक था, जहां फूड, रीटेल,फैशन, हेल्थ, ब्यूट, वैलनैस, एजुकेशन,रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में बस से अधिक ग्लोबल ब्राण्ड्स का अनावरण हुआ। फ्रैंचाइज़ शो ने जाने-माने ब्राण्ड्स के लिए महत्वपूर्ण मंच की भूमिका निभाई। इस मंच पर ब्राण्ड्स को अपने आधुनिक बिज़नेस मॉडल्स को दर्शाने तथा लखनऊ एवं आसपास के क्षेत्रों विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने का मौका मिला। मिस विनीता के सेठ प्रेज़ीडेन्ट बीएनआई एमरल्ड्स चैप्टर और मैस मास्टर्ज मेकअप स्टुडियो की मालिक ने उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में फ्रैंचाइज़िंग की भूमिका पर रोशनी डाली। फ्रैंचाइज़िंग से कारोबारों के विस्तार को बढ़ावा मिलता है। गौरव मेहरा चेयरमैनफ्रैंचाइज़ इंडिया ने उत्तर प्रदेश के बाज़ार में फ्रैंचाइज़िंग के लिए मौजूद व्यापक अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा कि प्रदेश आर्थिक गतिविधियों का उभरता हब है जहां कारोबार की अनुकूल नीतियों, बढ़ते उपभोक्ताओं के साथ उद्यमिता का विकास हो रहा है।

## स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपियों को अदालत ने भेजा जेल, चार अन्य की तलाश जारी

**दुमका।** स्पेन की पर्यटक से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार तीनो आरोपियो को झारखंड के दुमका जिले की एक अदालत के समक्ष रविवार को पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि स्पेन की महिला से कथित दुष्कर्म राज्य की राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट मे शुक्रवार को तब हुआ, जब वह रात अपने पति के साथ एक तंबू मे बिता रही थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का बयान भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-164 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिला की चिकित्सकीय जांच कराई गई, जिसमे बलात्कार की पुष्टि हुई। उन्होने कहा कि अपराध मे कथित तौर पर शामिल सात लोगो मे से तीन को अदालत ने न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है और अन्य चार को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## ओडिशा : पांच बार के विधायक धाली भाजपा में शामिल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा के पांच बार के सदस्य अरविंद धाली रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मे शामिल हो गए। एक दिन पहले ही उन्होने राज्य मे सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दिया था। धाली अपने समर्थको के साथ जुलूस के रूप मे भुवनेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और सांसद अपराजिता सारंगी एवं अन्य की उपस्थिति मे भाजपा मे शामिल हुए। पूर्व विधायक मुकुंद सोदी ने भी बीजद से इस्तीफा दे दिया था और धाली के साथ भाजपा मे शामिल हो गए। धाली ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीजद के भीतर कोई लोकतंत्र नही बचा है और वरिष्ठ नेताओ को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होने कहा, घुटन महसूस करने के बाद मैने बीजद छोड़ दिया और भाजपा मे शामिल हो गया जहां पर आंतरिक लोकतंत्र है।

## आईआईटी अनुसंधानकर्ताओं ने पानी के अंदर निगरानी के लिए मरीन रोबोट विकसित किया

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी और पलक्कड़ के अनुसंधानकर्ताओं ने एक मरीन रोबोट विकसित किया है, जो पानी के अंदर चलाए जाने वाले अभियान के लिए रखरखाव लागत और मृत्यु की आशंका को घटा सकता है।रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के नौसेना अनुसंधान बोर्ड (एनआरबी) द्वारा आंशिक रूप से वित्त पोषित अनुसंधान को दो पत्रिकाओं- जर्नल ऑफ इंटेलिजेंट एंड रोबोटिक सिस्टम्स और ओशन इंजीनियरिंग मे प्रकाशित किया गया है।शोधकर्ताओ ने कहा कि अत्याधुनिक रोबोट को पानी के अंदर सावधानीपूर्वक निगरानी और निरीक्षण के लिए विकसित किया गया है, जिससे दक्षता बढ़ने के साथ ही जोखिम न्यूनतम होने तथा लागत मे बचत होने की उम्मीद है।पृथ्वी की सतह लगभग 71 प्रतिशत पानी से ढकी हुई है, महासागरो मे पृथ्वी का लगभग 96.5 प्रतिशत पानी है।

## बजाज ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**वाराणसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के माध्यम से अपने बिजनेस पेरामीटर्स को बढ़ाना जारी रख है। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के परिणाम भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अन्य निजी खिलाड़ियों की तुलना में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के लिए कंपनी का व्यक्तिगत रेटेड नया व्यवसाय पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत बढ़ा। यह उद्योग के औसत द्वारा प्रदर्शित वृद्धि का लगभग तीन गुना था। व्यक्तिगत रेटेड नए व्यवसाय आईआरएनबी में बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस की तीन साल वित्त वर्ष 2020 से वित्तीय वर्ष 2023 39 की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर कंपनी के मजबूत विकास पथ की पुष्टि करती है।

## एआई से होगी निगरानी


**वाराणसी।** कॉन्टैक्ट्स को सत्यापित करने और अनचाहे कम्युनिकेशन्स को ब्लॉक करने में अग्रणी ग्लोबल प्लेटफॉर्म ट्रू कॉलर ने भारत में आईओएस और एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म्स के लिए एआई.पावर्ड कॉल रिकॉर्डिंग्स का लॉन्च किया है। इस नए फीचर के साथ यूज़र सीधे ट्रू कॉलर ऐप में इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकेंगे और ज़रूरी बातचीत को आसानी से रिकॉर्ड और प्रबन्धित कर सकेंगे। आधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ट्रूकॉलर यूज़र को लाईव बातचीत को रिकॉर्ड करने में मदद करेगाए इस तरह उन्हें फोन पर बात करते समय नोट्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और उनकी उत्पादकता बढ़ेगी। नए लॉन्च किए गए कॉल रिकॉर्डिंग फीचर में एआई को शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम हैए जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स की मदद से पूरे फोन कॉल को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा।

# शाहबाज पीएम के रूप में आज शपथ लेंगे

भाषा। इस्लामाबाद

**सूत्रों ने** बताया कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी सोमवार अपराह्न तीन बजे राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान शहबाज को पद की शपथ दिलाएंगे। सूत्रों ने बताया कि समारोह में सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़, सभी प्रांतों के मुख्यमंत्री और राज्यपाल शामिल होंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ विपक्ष की नारेबाजी के बीच नवनिर्वाचित संसद में आसानी से बहुमत हासिल करने के बाद रविवार को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चुने गए। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज (72) को 336 सदस्ईय सदन में 201 वोट मिले, जो सदन का नेता बनने के लिए आवश्यक मतों से 32 अधिक हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार एयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

● दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने



### इमरान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थक गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के चुनाव में कथित धांधली के विरोध में रैली कर रहे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 100 से ज्यादा समर्थकों को पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ शनिवार को समूचे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किए थे।ज्यादातर लोगों को लाहौर से गिरफ्तार किया गया है जहां नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरयम नवाज़ ने पीटीआई समर्थकों पर कार्वाई का आदेश दिया था। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, लाहौर में पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं और नेताओं को पीटा और गिरफ्तार कर लिया। गुजरात शहर में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के 38 शहरों और संघीय राजधानी इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। मरयम नवाज़ और उनके चाचा शहबाज़ शरीफ के खिलाफ पिछले महीने चुनाव लड़ने वाले पीटीआई नेता मियां शहज़ाद फारूक और अफज़ाल अज़ीम फहट को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने दावा किया कि फारूक ने मरयम को हरा दिया था ।

## प्रधानमंत्री शहबाज ने कश्मीर का मुद्दा उठाया

### पड़ोसियों से बेहतर संबंध का संकल्प जताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाया। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे। उन्होंने कश्मीर का मुद्दा उठाया और इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, आइए हम सब एक-साथ आएं... और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए। शहबाज (72) ने उन पर भरोसा जताने और उन्हें सदन का नेता बनाने के लिए गठबंधन सरकार के अपने सहयोगियों का आभार भी जताया। उन्होंने अपने विजई भाषण में कहा, जब मेरे नेता (नवाज) तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए तो देश में जो विकास हुआ, वह अपने आप में उदाहरण है। और यह कहना गलत नहीं है कि नवाज शरीफ वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का निर्माण किया है। पीएमएल-एन अध्यक्ष ने उन पर विश्वास जताने तथा उन्हें सदन का नेता बनाने के लिए अपने बड़े भाई नवाज और सभी सहयोगियों का आभार जताया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पीएमएल-एन के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्ईय सदन में 201 वोट मिले। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। शहबाज ने कहा कि देश खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपना कार्यकाल तब शुरू कर रहे हैं जब देश एक हजार अरब रुपए से अधिक के बजटीय घाटे का सामना कर रहा है। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा, हम सशस्त्र बलों और अन्य सरकारी अधिकारियों को वेतन कैसे देंगे। शहबाज ने कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं कोई समयसीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो विभिन्न कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की सरकार की योजना पर उन्होंने कहा कि सरकार कठोर और अप्रचलित कानूनों व विनियमों को समाप्त कर देगी और निर्यात क्षेत्रों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित करने के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ मिलकर काम करेगी। शहबाज ने घोषणा की, हमारा लक्ष्य 2030 तक जी20 सदस्यता हासिल करना है। इस संसद में ऐसे प्रतिभाशाली लोग बैठे हैं, जो पाकिस्तान की नैया पार लगा सकते हैं। इनमें पत्रकार, बुद्धिजीवी, नेता, धार्मिक नेता शामिल हैं। पाकिस्तान के सामने एक बड़ी चुनौती और अवसर था। अगर हम एक-साथ आते हैं और पाकिस्तान के भाग्य को बदलने का फैसला करते हैं, तो इंशाअल्लाह, हम इन चुनौतियों को परास्त करेंगे और पाकिस्तान को उसके सही मुकाम तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह काम मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं है। पीएमएल-एन ने दोनों नेताओं की तस्वीरों के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विकास के पुराने अच्छे दिनों की वापसी। नवाज का विजन, शहबाज का मिशन। पीटीआइ समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया था। शहबाज ने अपने भाषण में यह भी कहा कि यह मुल्क पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और बिलावल भुट्टो जरदारी के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो के बलिदानों को हमेशा याद रखेगा। जब शहबाज शरीफ ने बोलना शुरू किया, तो पीटीआई समर्थित सदस्यों ने चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए।

## पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज ने अपने भाई, सहयोगियों का आभार जताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन पर भरोसा जताने और उन्हे सदन का नेता बनाने के लिए गठबंधन सरकार के अपने सहयोगियो का रविवार को आभार जताया। शहबाज (72) ने अपने विजई भाषण में कहा, जब मेरे नेता (नवाज) तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए तो देश में जो विकास हुआ, वह अपने आप मे उदाहरण है। और यह कहना गलत नही है कि नवाज शरीफ वह शख्स है, जिन्होने पाकिस्तान का निर्माण किया है। पीएमएल-एन अध्यक्ष ने उन पर विश्वास जताने तथा उन्हें सदन का नेता बनाने के लिए अपने बड़े भाई नवाज और सभी सहयोगियो का आभार जताया। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्ईय सदन मे 201 वोट मिले। जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। शहबाज ने कहा, इस संसद में ऐसे प्रतिभाशाली लोग बैठे है, जो पाकिस्तान की नैया पार लगा सकते है, इनमें पत्रकार, बुद्धिजीवी, नेता, धार्मिक नेता शामिल है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सामने एक बड़ी चुनौती और अवसर था। उन्होंने कहा, अगर हम एक साथ आते हैं और पाकिस्तान के भाग्य को बदलने का फैसला करते है, तो इंशाअल्लाह, हम इन चुनौतियों को परास्त करेंगे और पाकिस्तान को उसके सही मुकाम तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह काम मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नही है। पीएमएल-एन ने दोनो नेताओ की तस्वीरो के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विकास के पुराने अच्छे दिनों की वापसी। नवाज का विजन, शहबाज का मिशन। उसने एक अन्य पोस्ट में कहा, सरपरस्ती का दूसरा नाम मुहम्मद शहबाज शरीफ है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदो के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया था।शहबाज ने अपने भाषण में यह भी कहा कि यह मुल्क पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और बिलावल भुट्टो जरदारी के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो के बलिदानो को हमेशा याद रखेगा। जब शहबाज शरीफ ने बोलना शुरू किया, तो पीटीआई समर्थित सदस्यो ने चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति निवास ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी। आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग किए जाने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था।

## पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए संसद का संयुक्त सत्र नौ मार्च को बुलाया गया

इस्लामाबाद। नवनिर्वाचित नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक ने रविवार को पाकिस्तान के अगले राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए नौ मार्च को संसद का संयुक्त सत्र बुलाया है। लगभग 11 वर्षो के बाद पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का फिर से राष्ट्रपति चुना जाना लगभग तय है। रविवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक अध्यक्ष ने सुबह 10 बजे सत्र बुलाया है। जरदारी (68) का अपने प्रतिद्वंद्वी जातीय पश्तून राजनीतिज्ञ महमूद खान अचकजई से मुकाबला होना है। जरदारी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संयुक्त उम्मीदवार है। अचकजई (75) को जरदारी के खिलाफ इस पद के लिए उम्मीवार बनाया गया है। पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख अचकजई ने बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला-सह-चमन मे एनए-266 निर्वाचन क्षेत्र से नेशनल असेंबली की सीट जीती है। राष्ट्रपति चुनाव के लिए उनका नामांकन पत्र शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय मे दाखिल किया गया और नामांकन पत्रो की जांच सोमवार को होगी।

## चीन के राष्ट्रपति चिनफिंग ने शहबाज को दी बधाई

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रविवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप मे चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनो देश उनके नेतृत्व में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना जारी रखेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ को रविवार को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुना गया। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्ईय सदन में 201 वोट मिले, जो सदन का नेता बनने के लिए आवश्यक मतों से 32 अधिक है। जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। चिनफिंग ने अपने बधाई संदेश में कहा कि उनका मानना है कि शहबाज शरीफ और नई पाकिस्तानी सरकार के नेतृत्व में पाकिस्तान सभी क्षेत्रों में प्रगति करेगा और बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान को सभी क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करना चाहिए। शहबाज शरीफ ने जीत के बाद अपने संबोधन में चीन के साथ चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को और बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार चिनफिंग के अलावा, चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने शहबाज को बधाई संदेश भेजा।

## क्विक न्यूज

### यूक्रेन के ओडेसा शहर में रूस के ड्रोन हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हुई

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा में एक दिन पहले अपार्टमेंट परिसर में हुए हमले में मृतकों की संख्या रविवार को बढ़कर 10 हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि मलबे से एक और बच्चे का शव निकाला गया है। इससे पहले, दो बच्चों के मारे जाने की पुष्टि की गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने घातक हमले के मद्देनजर पश्चिमी सहयोगी देशों से यूक्रेन की वायु रक्षा मजबूत करने की अपील की है।ओडेसा क्षेत्र के गवर्नर ओलेह किपर ने टेलीग्राम पर कहा कि बचावकर्मियों ने रविवार सुबह एक महिला और उसके बच्चे का शव निकाला। किपर ने कहा कि आपात कर्मी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। इस बीच,यूक्रेन मामलों पर चीन के विशेष दूत ने यूरोप की अपनी यात्रा के पहले चरण में मास्को में शनिवार शाम वरिष्ठ रूसी राजनयिकों के साथ बातचीत की। रूस की सरकारी मीडिया द्वारा रविवार सुबह जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विशेष प्रतिनिधि ली हुई और रूसी उप विदेश मंत्री मिखाइल गालुजिन इस बात पर सहमत हुए कि यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत ही एकमात्र तरीका है।

### पेसमेकर लगाने के लिए हुई सर्जरी के बाद नॉर्वे के राजा हेराल्ड को लेकर मलेशिया से रवाना हुआ विमान

**लैंगकावी ( मलेशिया )।** पेसमेकर सर्जरी कराने के एक दिन बाद नॉर्वे के राजा हेराल्ड को लेकर जा रहे एक विमान के रविवार को मलेशिया से उड़ान भरने की सूचना मिली है। शाही महल ने मंगलवार को बताया कि यूरोप के सबसे उम्रदराज शासक हेराल्ड को उत्तरी रिजॉर्ट द्वीप लैंगकावी में छुट्टियों के दौरान संक्रमण के बाद मलेशिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाही महल के अनुसार, उनकी कम हृदय गति के कारण अस्थाई पेसमेकर लगाने के लिए शनिवार को सुल्तान मलीहा हॉस्पिटल में सर्जरी की गई। नॉर्वे के मीडिया संगठनों ने बताया कि हेराल्ड अपना 87वां जन्मदिन मनाने के लिए अपनी पत्नी महारानी सोनजा के साथ मलेशिया गए थे। ऑस्लो से बृहस्पतिवार को उड़ान भरने वाला स्कैन्डेवियन एयरलाइंस का चिकित्सा विमान शुक्रवार को लैंगकावी पहुंचा। फ्लाइटरडार24 के अनुसार, इसी विमान ने संयुक्त अरब अमीरात में शारजाह रवाना होने के लिए रविवार को लैंगकावी से उड़ान भरी। शारजाह से उसके नॉर्वे जाने की संभावना है।

### ट्रंप ने मिसौरी एवं इडाहो कॉक्स और मिशिगन जीओपी सम्मेलन में जीत हासिल की



**कोलंबिया ( अमेरिका )।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को इडाहो और मिसौरी में कॉकस जीतकर और मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन हासिल कर देश के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की अपनी दावेदारी शनिवार को और पुख्ता कर ली। इसी के साथ ट्रंप को अब तक 244 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी एवं संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली मात्र 24 डेलिगेट के समर्थन के साथ उनसे काफी पीछे हैं। राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए किसी भी दावेदार को कम से कम।,215 डेलिगेट के समर्थन की आवश्यकता होगी। मिसौरी कॉकस में ट्रंप ने 100 प्रतिशत मत हासिल कर सभी डेलिगेट का समर्थन जीत लिया। मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के कुल 55 डेलिगेट में से 39 डेलिगेट का आवंटन किया गया। इस दौरान ट्रंप से सभी 39 डेलिगेट का समर्थन हासिल कर लिया। इससे पहले ट्रंप ने पिछले मंगलवार को मिशिगन का प्राइमरी चुनाव 68 प्रतिशत मतों के साथ आसानी से जीत लिया था जबकि हेली को मात्र 27 प्रतिशत मत मिले थे।इडाहो कॉकस में ट्रंप ने करीब 85 प्रतिशत मत हासिल किए। हेली (52) और ट्रंप के बीच पांच मार्च को सुपर ट्यूजडे (महामंगलवार) के दिन होने वाला मुकाबला अहम होगा। देशभर के 21 राज्यों में पांच मार्च को रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव होंगे। सुपर ट्यूजडे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं।

### यमन के हुती विद्रोहियों के हमले के बाद पोत लाल सागर में डूबा

दुबई। यमन के हुती विद्रोहियों ने जिस पोत को निशाना बनाते हुए हमला किया था वह लाल सागर में डूब गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोत रूबीमर में उर्वरक की खेप और पूर्व में लीक हुआ ईंधन था तथा इसके डूबने से लाल सागर में पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंच सकती है। हुती विद्रोही एशिया और पश्चिम एशिया से यूरोप जाने वाले पोतों को लगातार निशाना बनाते हुए हमले कर रहे हैं जिससे कारोबार की दृष्टि से अहम इस मार्ग पर पहले ही परिवहन बाधित है। बहुत से पोत अब इस मार्ग से जाने से बच रहे हैं। लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण जलमार्ग बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में 18 फरवरी को हुती विद्रोहियों ने पोत पर हमला किया था।यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार और एक सैन्य अधिकारी ने पोत के डूबने की पुष्टि की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने शनिवार दोपहर पोत रूबीमर के डूबने की पुष्टि की।

### टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी आग को बुझाने में दमकलकर्मियों की राह में मौसमी परिस्थितियां बनी बाधा

**स्टिन्नेट ( अमेरिका )।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में अग्निशामकों को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग को पैनहैंडल शहर के बड़े हिस्से में फैलने से रोकने के लिए शनिवार को बढ़ते तापमान और तेज हवाओं जैसी कठिन मौसमी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। स्मोकहाउस क्रीक आग को टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग माना जा रहा है। जंगल में आग सोमवार को लगी लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे लगी। इसके बाद यह टेक्सास के कैनेडियन शहर के आसपास फैल गई। बुधवार तक आग पैनहैंडल में बड़े पैमाने पर खेतों तक फैल गई थी और बृहस्पतिवार तक यह राज्य की सबसे भीषण आग में तब्दील हो गई। आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे अग्निशामकों की टीम के प्रवक्ता जेसन नेडलो ने बताया कि दमकलकर्मियों का लक्ष्य उत्तरी और पूर्वी सीमा पर आग पर काबू पाना है क्योंकि दक्षिण-पश्चिम से चल रही तेज हवाओं से आग की लपटों के कई एकड़ जमीन में फैलने का खतरा है। आग लगने की इस घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। भीषण आग से टेक्सास के पैनहैंडल में मैदान तबाह हो गए है, मवेशी मारे गए हैं, घर जल गए हैं और इस प्रकार से कुल 500 निर्माणस्थल नष्ट हुए हैं। टेक्सास ए एंड एम वन सेवा ने शनिवार को कहा कि आग लगने की एक और घटना हुई और देखते ही देखते आग की लपटें ओक्लाहोमा सीमा को पार कर गई है। इस आग से 4,400 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र जल गया है। नेडलो ने कहा कि मौसम की जारी स्थिति से यह अनुमान लगाना अभी संभव नहीं है कि आग की लपटों पर पूरी तरह से कब नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### बांग्लादेश : नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को भ्रष्टाचार मामले में जमानत मिली

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने 23 लाख अमेरिकी डॉलर के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को रविवार को जमानत दे दी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के एक अलग आरोप में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। उस मामले में भी उन्हें जमानत मिल गई थी। मुहम्मद यूनुस को गरीब लोगों की मदद के लिए माइक्रोक्रेडिट के उपयोग में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पिछले साल दुनिया के 170 से अधिक वैश्विक नेताओं और नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से यूनुस के खिलाफ कानूनी कार्यवाही निलंबित करने का आग्रह किया था। उनके समर्थकों का कहना है कि हसीना के साथ उनके खराब संबंधों के कारण उन्हें निशाना बनाया गया है, जबकि बांग्लादेश की सरकार ने इन आरोपों से इनकार किया है।

### जोया , अस्मा ने जीता इंडिया-यूके अचीवर्स सम्मान

**लंदन।** फिल्मकार जोया अख्तर और ब्रिटिश भारतीय रसोइया (शेफ) अस्मा खान लंदन मे वार्षिक इंडिया-यूके अचीवर्स सम्मान के विजेताओ मे शामिल है। इस पुरस्कार के तहत भारतीय छात्रो की उपलब्धियो को मान्यता दी जाती है। भारत में ब्रिटिश काउंसिल और ब्रिटेन सरकार के व्यापार विभाग के साथ साझेदारी मे नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) यूके द्वारा पिछले साल इस पहल की शुरूआत की गई थी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कार्यक्रम के लिए एक संदेश मे कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि दूसरे वर्ष, आप ब्रिटेन में विकसित असाधारण भारतीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। लक बाय चांस , जिंदगी ना मिलेगी दोबारा औरहाल मे रिलीज द आर्चीज जैसी हिट फिल्म देने वाली फिल्मकार अख्तर को लिविंग लीजेंड पुरस्कार प्रदान किया गया। गीतकार जावेद अख्तर की बेटी जोया अख्तर (51) ने कहा, मै मानती हू कि साहित्य और समाजशास्त्र ने मुझे फिल्म बनाने, लिखने और कहानियां सुनाने मे काफी मदद की है। लंदन मे महिलाओं द्वारा संचालित दार्जिलिंग एक्सप्रेस रेस्तरां को लेकर शेफ अस्मा खान को भी सम्मानित किया गया।

### पाकिस्तान में भारी बारिश के चलते कम से कम 37 की मौत, कई मकान ढहे

**पेशावर।** पाकिस्तान मे पिछले 48 घंटे मे बारिश संबंधी घटनाओ मे कम से कम 37 लोगो की मौत हो गई जबकि कई मकान ढह गए। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि पूरे पाकिस्तान मे हुई बारिश के कारण कई घर ढह गए और खासकर खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के उत्तर-पश्चिमी हिस्से मे भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि बृहस्पतिवार रात से अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित घटनाओ मे कम से कम 27 लोगो की मौत हो गई, जिनमे ज्यादातर बच्चे है। प्राधिकरण ने कहा कि पिछले 48 घंटे में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर, स्वात, लोअर दीर, मलकंद, खैबर, पेशावर, दक्षिण वजीरिस्तान और लक्की मरवत समेत दस जिलो मे हुई मूसलाधार बारिश मे 37 लोग घायल हो गए है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि बारिश से प्रभावित लोगो को इस नाजुक वक्त मे अकेला नही छोड़ा जाएगा और उनके नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू किया



भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा )** के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करने पर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने और स्वयंसेवा करने का संकल्प लेते हुए अपना 2024 का प्रचार अभियान शुरू किया है। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है जिनमें से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी समेत 51 सीट उत्तर प्रदेश से हैं। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए। भारत में लोकसभा के 543 सदस्यों को चुनने के लिए अप्रैल और मई 2024 के बीच आम चुनाव प्रस्तावित हैं। भारतीय-अमेरिकियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत विभिन्न भारतीय राज्यों में मामलों के उनके विश्लेषण पर प्रस्तुतियां दीं। अभी तक 3,000 से अधिक स्वयंसेवियों ने ओएफबीजेपी द्वारा समन्वित विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए हस्ताक्षर किए हैं।

## इजराइल के युद्धकालीन मंत्रिमंडल में खींचतान



● प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मंत्री को लगाई फटकार

भाषा। तेल अवीव

**इजराइल** के एक शीर्ष कैबिनेट मंत्री के अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए रविवार को वाशिंगटन रवाना होने पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें फटकार लगाई। एक इजराइली अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हमास के साथ युद्ध के लगभग पांच महीने बाद इजराइल की युद्धकालीन सरकार में यह बढ़ती खींचतान के संकेत है।नेतन्याहू के मध्यमार्गी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गेंट्ज पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के बाद युद्ध के शुरुआती दिनों में नेतन्याहू की कट्टरपंथी सरकार में शामिल हुए थे। उनकी अमेरिकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच गाजा के लोगों की पीड़ा को कम करने के तरीके पर गहरी असहमति है। पिछले सप्ताह ट्रकों से खाना लेने की कोशिश कर रहे दर्जनों फलस्तीनियों के मारे जाने के बाद शनिवार को अमेरिका ने गाजा में हवाई मार्ग से राहत सामग्री गिराई। नेतन्याहू की कट्टरपंथियों के बाहुल्य वाली मंत्रिमंडल के कारण क्षेत्र में अमेरिकी प्राथमिकताएं तेजी से बाधित हो रही हैं। नेतन्याहू सरकार में कट्टर राष्ट्रवादियों का प्रभुत्व है। गेंट्ज की अधिक उदार पार्टी कभी-कभी नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों के खिलाफ कार्य करती है।नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के एक अधिकारी ने कहा कि गेंट्ज की यात्रा इजराइली प्रधानमंत्री की अनुमति के बिना हो रही है। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू ने यात्रा के बारे में गेंट्ज के साथ कठोर शब्दों में बातचीत की और उन्हें बताया कि देश में सिर्फ एक प्रधानमंत्री है। गेंट्ज की नेशनल यूनिटी पार्टी के अनुसार वह अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात करेंगे।

## कोविड-19 रैपिड जांच नए स्वरूपों का भी पता लगाती है

भाषा। वारसेस्टर (अमेरिका)



**समूचे अमेरिका** में कोविड-19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन के छह महीने बाद यह साफ हो गया था कि सार्स-कोव-2 अपने मूल स्वरूप से परिवर्तित हो गया था। सार्स-कोव-2 से ही कोविड-19 होता है। इसके बाद ज़हन में यह सवाल उठने लगा कि क्या मौजूदा रैपिड एंटिजन परीक्षण वायरस के नए स्वरूपों को पकड़ सकता है या नहीं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान ने अपने वैरिएंट टास्क फॉर्स के जरिए 2020 से 2023 के बीच अमेरिका की विभिन्न प्रयोगशालाओं से क्लिनिकल नमूने लिए और 300 से ज्यादा स्वरूपों पर 100 से अधिक रैपिड एंटीजन जांच किट की प्रभावकारिता का विश्लेषण किया। ज्यादातर किट वायरस के नए और पहले से ज्ञात स्वरूप का पता लगाने में सक्षम थीं। अनुसंधानकर्ताओं की हमारी टीम ने पिछले कुछ वर्षों में कोविड-19 परीक्षणों की सटीकता और प्रदर्शन पर शोध किया है। हम समझते हैं कि जनता के मन में अब भी यह सवाल क्यों हो सकते हैं कि क्या ए परीक्षण विश्वसनीय हैं, खासकर जब नए स्वरूप सामने आते रहते हैं। क्या ए परीक्षण काम करते हैं? सार्स-कोव- 2 का पता लगाने के लिए दो प्रमुख प्रकार के परीक्षण हैं। इसमें से एक आरटी-पीसीआर जांच है जो वायरस का पता लगाने में 95 फीसदी से ज्यादा कारगर है। मगर इसकी लागत एंटीजन परीक्षण से पांच से 10 गुना ज्यादा होती है। वहीं, रैपिड जांच की सटीकता का स्तर 80 फीसदी से ज्यादा है। इस जांच की किट ज्यादातर सुपरमार्केट एवं दवा की दुकानों पर उपलब्ध है।रैपिड एंटीजन परीक्षण अपेक्षाकृत सस्ते होते हैं और इसका इस्तेमाल किसी भी प्रशिक्षण के बिना किया जा सकता है और ए त्वरित परिणाम देते हैं। आमतौर पर इनसे 10-15 मिनट के भीतर नतीजा पता चल जाता है। मगर इनमें एक कमी यह है कि ए पीसीआर परीक्षणों की तुलना में कम सटीक होते हैं, खासकर संक्रमण के शुरुआती दौर में जब शरीर में वायरस का स्तर कम होता है। हमारी टीम ने प्रदर्शित किया है कि ए परीक्षण 2024 में भी उतना ही अच्छा प्रदर्शन करते हैं जितना उन्होंने पहले महामारी में किया था, जब वायरस के विभिन्न स्वरूप फैल रहे थे। वहीं, हमारा प्रारंभिक अध्ययन जनवरी 2022 में पूरा हुआ था। ऐसा इसलिए है क्योंकि एंटीजन परीक्षणों द्वारा पता लगाया गया वायरस प्रोटीन पिछले दो वर्षों में बहुत अधिक नहीं बदला है, जबकि वायरस के अन्य हिस्सों में कई परिवर्तन हुए हैं। एक अन्य अध्ययन में भी समान परिणाम मिले थे जिसमें 2020 से 2022 तक रैपिड एंटीजन परीक्षणों की सटीकता की जांच की गई थी। शोध के दौरान शोधकर्ता नमूने इकट्ठा करने के लिए मास्क और अन्य सुरक्षात्मक उपकरण पहनकर तंबुओं में बैठे थे। मुझमें लक्षण हैं। मुझे कब परीक्षण कराना चाहिए? अगर आपमें लक्षण हैं, तो जितनी जल्दी हो सके रैपिड जांच कराएं।

### बादाम, हरी सब्जियां और दही पहुंचाते है लाभ

लैंसेट डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार साल 2030 तक भारत में 9.8 करोड़ लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित होंगे। यहां तीन ऐसे ही खाद्य पदार्थों के बारे में बताया गया है जोकि डायबिटीज का बेहतर नियंत्रण कर सकते हैं। वो है बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियां और दही । 1.बादाम मुट्ठीभर बादाम का सेवन करने से टाइप.2 डायबिटीज पीड़ितों में तत्काल और आगे भी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। बादाम को अपने आहार में शामिल करने से अचानक ब्लड शुगर के स्तर के बढ़ने से बचाव करने में मदद मिलती है। यह रक्तधारा में ग्लूकोज को रिलीज करने की गति को काम करते हुए ऐसा करता है। बादाम में मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड तत्व के होने की वजह से यह होता है। टाइप.2 डायबिटीज का नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे लोगों को भी बादाम सहायता पहुंचा सकता हैए जिसके परिणामस्वरूप तेजी से कैलोरी बर्न होने लगती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा कराए गए शोध में बताया गया है कि भोजन में बादाम को शामिल करने से टाइप.2 डायबिटीज पीड़ितों में कार्डियोवैस्कुलर रोगों का खतरा कम हो सकता है। .हरी पत्तेदार सब्जियां अपनी डाइट में इन हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करने के कई सारे तरीके हैंए जैसे सूपए सलाद या फिर ग्रीन जूस के रूप में सेवन। यदि आप इसे करी के रूप में बना रहे हैं तो इनके पोषक तत्वों का लाभ बनाए रखने के लिए ज्यादा तेल डालने से बचें। .दही घर पर तैयार होने वाले योगर्ट को ष्दहीष् के नाम से जाना जाता हैए जोकि भारतीय आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। काफी सारे फायदों की वजह से हाल के वर्षों में दही को काफी लोकप्रियता मिली है। योगर्ट एंड डायबिटीज अध्ययन के अनुसारए दही टाइप.2 डायबिटीज के खतरे को कम कर सकता हैए खासकर कार्डियोवैस्कुलर के उच्च खतरे वाले सेहतमंद व बुजुर्ग वयस्कों में। इस अध्ययन में पाया गया है कि जो लोग हर दिन 80.125 ग्राम दही खाते हैं उनमें टाइप.2 डायबिटीज का खतरा उन लोगों की तुलना में 14ः कम हो जाता हैए जो इसका सेवन बिलकुल नहीं करते।

# लैनिंग-राधा-जोनासन के खेल से दिल्ली जीती

## गुजरात को 25 रनों से हराया, दिल्ली तालिका में शीर्ष पर

भाषा। बेंगलुरु

**कप्तान मेग लैनिंग** (55) के अर्धशतकीय पारी के बाद जोस जोनासन (22 रन पर चार विकेट) और राधा यादव (20 रन पर चार विकेट) की शानदार स्पिन गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स को 25 रन से शिकस्त दी। दिल्ली ने आठ विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात की पारी को आठ विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। गुजरात की टीम को इतने ही मैच के बाद अब भी पहली जीत का इंतजार है। लैनिंग ने 41 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 55 रन की पारी खेली।



उन्हें एलिस कैपसी (17 गेंद में 37 रन) का अच्छा साथ मिला। प्लेयर ऑफ द मैच जोनासन ने गेंद से कमाल करने से पहले बल्ले से भी सात गेंद में 11 रन का योगदान दिया। गुजरात के लिए मेघना सिंह ने 37 रन देकर चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के लिए एश्लीघ गार्डनर के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर करने में विफल रहा। गार्डनर ने 31 गेंद में 40 रन का योगदान दिया। दोनों टीमें इस मैच में दो-दो बदलाव के साथ उतरी। गुजरात ने चोटिल हरलीन देयोल और स्नेहा राणा की जगह तरन्नुम पठान और वेदा कृष्णमूर्ति को शामिल किया, जबकि दिल्ली ने तेज गेंदबाज मारिजाने काप और मीनू मणि को आराम दिया और एनाबेल सदरलैंड और तेज गेंदबाज टिटास साधु को टीम में शामिल किया। लक्ष्य का बचाव करते हुए टिटास ने पहला ओवर मेडन दिया तो वहीं दूसरे ओवर में शिखा पांडे (28 रन पर एक विकेट) ने लॉरा वुलफार्ट को खाता खोले बगैर पवेलियन की राह दिखाई। फोबे लिचफील्ड (10 गेंद में 15 रन) ने टिटास के खिलाफ छक्का और चौका जबकि कप्तान बेथ मूनी (14 गेंद में 12 रन) ने शिखा के खिलाफ तीन चौके जड़े। पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आई जोनासन ने दोनों बल्लेबाजों को चलता कर मैच पर फिर से दिल्ली का दबदबा बना दिया। उन्होंने मूनी को पगबाधा किया जबकि लिचफील्ड सदरलैंड को कैच थमा बैठी।अरुंधति रेड्डी की गेंद पर राधा यादव ने वेदा कृष्णमूर्ति का आसान कैच टपका दिया। राधा ने हालांकि शिखा के हाथों उनकी 12 गेंद में 12 रन की पारी को खत्म किया। एश्लीघ गार्डनर ने अरुंधति के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर गुजरात की उम्मीदों को बनाए रखा। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 72 रन था। राधा ने अगले ओवर में ही कैथरीन ब्राइस (तीन रन) को पगबाधा कर दिया।

## डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा भारत

दुबई। दो बार के फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया। रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक है जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी। डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है। ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा।

# ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले मैच में हारे दीपक -नरेंद्र

## जैस्मीन पंच लगाने को तैयार

भाषा। इटली

**विश्व चैंपियनशिप** के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया-51 किग्रा रविवार को इटली के बस्टो अर्सिज़ियो में पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दिन अजरबैजान के हुसेनोव निजात से हार गए। पहले दो राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला क्योंकि दोनों मुक्केबाज शुरू से ही आक्रामक मोड में आ गए। अजरबैजान के युवा मुक्केबाज ने रिंग में दीपक के लिए जीवन कठिन बनाने के लिए अपनी गति और तेज चाल का पूरा फायदा उठाया। दीपक पहले और दूसरे दोनों राउंड में समान 2-3 स्कोर से हार गए। भारतीय मुक्केबाज ने अंतिम दौर में पूरी ताकत से प्रदर्शन किया और कुछ बेहतरीन प्रहार किए। उन्होंने



राउंड 4-1 से जीता लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि निजात ने विभाजित निर्णय के तहत मुकाबला 3-1 से जीत लिया।एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र-92 किग्रा और राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन 60 किग्रा आज रात क्रमश: जर्मनी के नेल्वी टियाफैक और जापान की अयाका तागुची के खिलाफ एक्शन में होंगे। सोमवार देर रात राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर-80 किग्राद्व ईरान के घेशलाघी मेसम के खिलाफ64वें राउंड में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। मंगलवार को दो भारतीय मुक्केबाज अपनेअपने राउंड 64 के मुकाबले के लिए मैदान में उतरेंगे। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा 63.5 किग्राद्व उज्बेकिस्तान के रुस्लान अब्दुल्लाव के खिलाफ और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव 71 किग्रा ग्रेट ब्रिटेन के रिचर्डसन लुईस के खिलाफ आमन-सामने होंगे।

## लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में चार अंक की बढ़त बनाई

लंदन। लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के इंजरी टाइम के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से नॉटिंघम फॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर चार अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

## कोस्त्युक और बौल्टर सैन डिएगो ओपन के फाइनल में

सैन डिएगो। यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्त्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना ब्रिटेन की केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्त्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली।

## मिनौर ने लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन का खिताब जीता

अकापुल्को। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने यहां अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है।

## टाइगर वुड्स को बॉब जोन्स पुरस्कार

पाम हिल्स (अमेरिका)। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल है। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन है। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था।

## प्रवीण चित्रावेल का निराशाजनक प्रदर्शन

ग्लास्गो। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रावेल अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाए और यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.45 मीटर की छलांग लगाकर 11वें स्थान पर रहे। इस 22 वर्षीय एथलीट के नाम पर 17.37 मीटर के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है लेकिन वह उसे दोहराने में नाकाम रहे।

## अदिति 21वें स्थान पर रहीं

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को यहां अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बावजूद महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने वापसी की और 13वें होल में लगातार बर्डी लगाकर वापसी की। लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में प्रदर्शन कर रहीं अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया।

## सिर्फ तीन दिन के अंतराल से 10 रणजी मैच खेलने से चोटें लग सकती हैं : शार्दुल

मुंबई। भारत और मुंबई के आल राउंडर शार्दुल ठाकुर ने रविवार को कहा कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को अगले साल के रणजी ट्रॉफी कार्यक्रम पर दोबारा विचार करना होगा क्योंकि महज तीन दिन अंतराल से 10 मैच खेलने से खिलाड़ियों को चोटें लग सकती हैं। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए नॉकआउट मैच के बीच तीन दिन के अंतराल में सामंजस्य बिठना मुश्किल होगा क्योंकि पहले ऐसा नहीं होता था। तमिलनाडु के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक जड़ने के बाद ठाकुर ने यहां मीडिया से कहा, यह बहुत मुश्किल है क्योंकि हम प्रथम श्रेणी मैच तीन तीन दिन के अंतराल पर खेल रहे हैं जो पहले कभी भी रणजी ट्रॉफी सत्र में नहीं हुआ है। कार्यक्रम मुश्किल से मुश्किल होता जा रहा है। अगर खिलाड़ी इसी तरह दो और सत्र खेलते रहेंगे तो देश में काफी खिलाड़ी चोटिल हो जाएंगे। अगले साल बीसीसीआई को इस पर दोबारा विचार करना होगा और अधिक ब्रेक देना होगा। कुछ साल पहले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मैच के बीच काफी दिन मिलते थे।

# शार्दुल का शतक, मुंबई की बढ़त

## रणजी फाइनल : तमिलनाडु से 207 रन से आगे

भाषा। मुंबई



**शार्दुल ठाकुर की** 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आर साई किशोर के छह विकेट के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई जिससे मुंबई ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली। मुंबई ने एक समय 106 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद ठाकुर ने महज 104 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने नौ विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे जिसमें साई किशोर ने उसके छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह दो विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। इसके बाद श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर छह विकेट) ने मुंबई के पांच विकेट झटके दिए। अय्यर (03) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी। लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के प्रत्येक गेंदबाज पर दबाव बनाया और महत्वपूर्ण साझेदारी की बदौलत मुंबई को बढ़त दिलाई। ठाकुर ने हार्दिक तमोर (35 रन) के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी के बाद कोटियान के साथ नौवें विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की। ठाकुर ने इच्छानुसार रन जुटाए और गेंद को सीमारेखा पार कराने का एक भी मौका नहीं छोड़ा जिससे इस दौरान उन्होंने छक्के से सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक भी जड़ दिया। हालांकि वह इस दौरान टखने संबंधित समस्या से परेशान रहे और अंत में तीसरे सत्र में कुलदीप सेन (65 रन देकर दो विकेट) का शिकार हुए। इससे पिछले मैच में शानदार उपलब्धि अपने नाम कर चुकी कोटियान और तुषार देशपांडे की जोड़ी फिर से एक साथ क्रीज पर मौजूद थी। पिछले मैच में 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी निभाने वाले कोटियान और देशपांडे ने फिर 10वें विकेट के लिए नाबाद 63 रन जोड़ लिए हैं। देशपांडे 17 रन बनाकर और कोटियान 109 गेंद में 10 चौके से 74 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

## हिमांशु मंत्री की शतकीय पारी से मध्यप्रदेश मजबूत स्थिति में

नागपुर। हिमांशु मंत्री ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ धैर्य और तकनीक का शानदार सामंजस्य दिखाते हुए शतक जड़ा जिससे मध्यप्रदेश ने अपनी पहली पारी में 252 रन बनाए। हिमांशु ने 265 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 126 रन बनाए। मौजूदा सत्र में उनके तीसरे शतक से मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 82 रन की अहम बढ़त हासिल की। पहली पारी में 170 रन बनाने वाले विदर्भ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में अथर्व तायडे का विकेट गंवाकर 13 रन बना लिए है। विदर्भ की टीम अब भी 69 रन से पीछे है। हिमांशु की पारी के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम में उनके बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर 30 रन सारांश जैन के नाम था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 47 रन से आगे से की। कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु और हर्ष गवली ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को एक विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर (51 रन पर तीन विकेट) ने गवली की 25 रन की पारी को खत्म कर इस साझेदारी को तोड़ा। मध्यप्रदेश ने इसके बाद 12 रन के अंदर दो और विकेट गंवा दिए।

## गुजरात जायंट्स के क्रिकेटर रॉबिन मिंज बाइक दुर्घटना में मामूली रूप से चोटिल

रांची। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज एक सड़क दुर्घटना में मामूली रूप से चोटिल हो गए और यहां के एक स्थानीय अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। यह जानकारी उनके पिता ने दी। झारखंड के खिलाड़ी मिंज को पिछले साल दिसंबर में आईपीएल नीलामी में गुजरात टाइटंस ने 3.6 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। मिंज को शनिवार को दुर्घटना का सामना करना पड़ा जब उनकी बाइक सामने से आने वाली एक अन्य बाइक से टकरा गई।रांची हवाई अड्डे पर सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करने वाले फ्रांसिस ने पीटीआई-भाषा को बताया, वह अब ठीक है। यह मामूली चोट है और कोई गंभीर बात नहीं है। वह ठीक हो रहे हैं। मिंज कर्नाटक के खिलाफ झारखंड के लिए कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने के बाद अपने गृहनगर लौट आए थे।इस 21 साल के खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में 137 रन बनाए लेकिन कर्नाटक ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया, हमें बताया गया है कि उनकी बाइक थोड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है लेकिन मिंज को कोई खतरा नहीं है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जानी चाहिए।

## वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

वेलिंगटन। तेज गेंदबाज विल ओ रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को यहां दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद कप्तान टिम साउदी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए है। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी।श्रृंखला का दूसरा टेस्ट आठ मार्च से खेला जाएगा। साउदी ने कहा, हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अभी तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके स्कैन के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटे में स्थिति साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, अगर विल चोटिल रहता है तो हमें स्पष्ट रूप से आगे बढ़ना होगा और निर्णय लेना होगा कि टीम में कौन आएगा।

## प्रज्ञानानंदा ने गुजराती को हराया, गुकेश भी हारे

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स के पांचवें दौर में हमवतन विदित गुजराती को शिकस्त दी लेकिन डी गुकेश को मजबूत स्थिति में पहुंचने के बावजूद चेक गणराज्य के डेविड नवारा से उलटफेर का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए पोलैंड के मटेउस्ज़ बार्टेल पर जीत दर्ज कर एक अंक की बढ़त बनाई। वह इस तरह ईरान के परहम माघसूदलू से आगे चल रहे हैं जिन्होंने रिचर्ड रैपोर्ट से अंक बांटे। दिन की अन्य बाजियों में स्थानीय खिलाड़ी एनगुएन थाई डाई वान ने जर्मनी के विन्सेंट केमर से ड्रा खेला। टूर्नामेंट में अब चार और दौर खेले जाने बाकी है जिसमें अब्दुसत्तारोव पांच में से चार अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं। बल्कि वह अब विश्व रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंच गए है। माघसूदलू 3.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि रैपोर्ट तीन अंक से तीसरे स्थान पर है। प्रज्ञानानंद ने 52 चाल में गुजराती को हराया। दोनों के 2.5 अंक है।

## पैदल चाल एथलीट प्रियंका चीन में सातवें स्थान पर रहीं

नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी प्रियंका गोस्वामी ने रविवार को चीन के ताइकांग में चाइनीज़ रेस वाकिंग ग्रां प्री की 20 किमी स्पर्धा में विदेश में अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर सातवां स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में गोल्ड स्तर की इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्तर की एथलीट हिस्सा ले रही थी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी गोस्वामी ने एक घंटे 29 मिनट और 48 सेकेंड का समय निकाला। यह देश के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ समय है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2021 में 1:28:45 सेकेंड (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) और 2023 में 1:28:50 सेकेंड का रहा था। ताइकांग में पैदल चाल स्पर्धा की कुछ शीर्ष एथलीट हिस्सा ले रही थी। शीर्ष छह में चीन की पांच एथलीट शामिल रहीं। हांगझोउ एशियाड की रजत पदकविजेता झेनग्लिया एमए ने 1:26:07 सेकेंड के समय से खिताब जीता। झेनग्लिया की हमवतन और हांगझोउ एशियाड की स्वर्ण पदक विजेता जियायू यांग1:26:07 सेकेंड के समय से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि 36 वर्षीय चार बार की विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिकचैंपियन तथा 2020 तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता होंग लियू 1:26:47 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहीं।

## इंग्लैंड क्रिकेट टीम मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला की रणनीति अपनाएः वॉन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के मैनेजर पेप गार्डियोला का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसके अंतर्गत किसी भी खिलाड़ी को अपने स्थान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। गार्डियोला पिछले 15 साल में खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर बने हुए हैं। कोच ब्रैंडन मैकुलम और स्टोक्स की आक्रामक बैजबॉल रणनीति भारत के मौजूदा दौरे पर इंग्लैंड के लिए उलटी पड़ गई जिसके बाद वॉन ने यह बयान दिया। इंग्लैंड की टीम पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में 1-3 से पीछे है जबकि उसने पहला टेस्ट हैदराबाद में जीता था। वॉन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों से खेल के प्रति अपने रवैये पर सवाल उठाए और उनसे जवाबदेही की मांग की। उन्होंने डेली टेलीग्राफ में अपने एक कॉलम में लिखा, मैं अक्सर पेप गार्डियोला के दृष्टिकोण का जिक्र करता हूं। मेरी नजरों में वह इस पीढ़ी और आप कह सकते हैं कि पिछले 15 साल से खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर है। वह अपने खिलाड़ियों को कभी भी सहज नहीं होने देते। वह हमेशा उन्हें सोचने पर मजबूर करते हैं क्योंकि खिलाड़ी जानते हैं कि उन्हें अपने स्थान की गारंटी नहीं है। अगर पेप जैसा मैनेजर सभी खिलाड़ियों को सतर्क बनाए रख सकता है तो इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भी इस तरह सहज नहीं होना चाहिए जैसे वह हमेशा है। उन्होंने लिखा, पूरा बल्लेबाजी लाइन अप पहले ही जानता है कि इस दौरे पर वे अगले मैच में भी खेलेंगे। लेकिन यह बदलाव की बात है। इस दौरे के बाद टैरी ब्रूक वापसी कर लेगा। वह पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा वॉन ने साथ ही इंग्लैंड की चयन नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, चयन में खिलाड़ियों की निरंतरता से उन्हें सहज बनाना सही है।

## एआईएफएफ ने मुख्य कानूनी सलाहकार को बर्खास्त किया

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अपने मुख्य कानूनी सलाहकार निलांजन भट्टाचार्जी की सेवाएं खत्म कर दी जिन्होंने अध्यक्ष कल्याण चौबे के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। चौबे ने इन आरोपों को आधारहीन करार किया था। भट्टाचार्जी ने शनिवार को एआईएफएफ से जुड़ी निविदा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र लिखा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चौबे ने महासंघ के कोष का इस्तेमाल व्यक्तिगत खर्चों के लिए किया। चौबे ने कहा था कि वह कानूनी तौर पर इसका जवाब देंगे। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव एम सत्यनारायण ने रविवार को भट्टाचार्जी को बर्खास्तगी पत्र में लिखा, आपको एआईएफएफ के फैसले के बारे में सूचित करते हैं कि मुख्य कानूनी सलाहकार के रूप में आपकी नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

# लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड

## पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत

भाषा। वेलिंगटन



**ऑफ स्पिनर** नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई।लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके अपनी उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और इसतरह से उसकी कुल बढ़त 368 रन की हो गई थी। न्यूजीलैंड की उम्मीदें रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का अपना पहला विकेट लिया। रविंद्र ने अतिरिक्त उछाल लेती गेंद पर कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे। लियोन ने इसके बाद अपने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (01) को पगबाधा आउट किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके अपने करियर में एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (07) भी लंच से पहले पवेलियन लौट गए।

## पुकोवस्की के सिर में फिर चोट लगी

होबार्ट। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज विल पुकोवस्की को रविवार को यहां तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में विक्टोरिया की तरफ से खेलते हुए सिर में चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पुकोवस्की ने तब खाता भी नहीं खोला था जब रिले मेरेडिथ का बाउंसर उनके हेलमेट पर लगा। यह केवल दूसरी गेंद थी जिसका वह सामना कर रहे थे। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले भी कई बार सिर में चोट लगने के कारण कनकसन (हल्की बेहोशी की स्थिति) का शिकार बन चुका है। मेरेडिथ की उठती हुई गेंद उनके हेलमेट के बायें हिस्से में लगी। पुकोवस्की चोट लगने के बाद घुटनों के बल बैठ गए। उन्हें तुरंत ही चिकित्सा मदद मुहैया कराई गई।

# पंकज आडवाणी ने सीसीआई स्नूकर क्लासिक खिताब बरकरार रखा

भाषा। मुंबई




कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी ने रविवार को यहां बेस्ट ऑफ 15 फ्रेम के फाइनल में दबदबा बनाते हुए कमल चावला को 8-3 से हराकर सीसीआई स्नूकर क्लासिक खिताब बरकरार रखा। आडवाणी ने चावला के खिलाफ अपने कौशल, निरंतरता और सटीकता से 75-12, 1-58, 64-39, 63-29, 7-75, 66-64, 94-5, 0-81 64-47, 122-8, 72-9 के फ्रेम से जीत हासिल की। ट्रॉफी जीतने के बाद आडवाणी ने कहा, खिताब का बचाव करना कभी भी आसान नहीं होता क्योंकि हर कोई आपसे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश में जुटा रहता है। मैं सीसीआई में खेलने में सहज महसूस करता हूं जिससे शायद मैं अपना सर्वश्रेष्ठ कर पाता हूं। मैं यहां अपने खेल का अधिक लुत्फ उठाता हूं। आडवाणी ने कहा, मैं अपने प्रतिद्वंद्वी कमल को भी श्रेय दूंगा जिन्होंने शानदार स्नूकर खेला। मुझे लगता है कि उन्हें थोड़ा मुश्किल ड्रा भी मिला इसलिए मैं फाइनल से पहले थोड़ा तरोताजा और रिलैक्स था। लेकिन वह फाइनल तक कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेले। इसलिए कमल को बधाई।

# पक्षालिका सिंह को यूपी रोइंग संघ की कमान

## सुधीर फिर बने सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की रविवार को हुई आमसभा की बैठक में हुए चुनावों में भाजपा विधायक रानी पक्षालिका सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया है। रविवार हुए चुनावों में राज्यसभा सांसद डा दिनेश शर्मा पुन मुख्य संरक्षक के पद पर चुने गए जबकि सचिव के पद पर सुधीर शर्मा पुनरू निर्वाचित हुए है। कोषाध्यक्ष के पद पर श्रीमती कविता अग्रवाल को चुना गया।

चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा -आईपीएस बने। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एसके तिवारी ओएसडी, उत्तर प्रदेश खेल विभाग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सेठी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ व रोइंग फेडरेशन ऑफइंडिया के पर्यवेक्षक केके सिंह की निगरानी में हुए इन चुनावों में सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। चुनाव के बाद रिटर्निंग आफिसर रविन कपूर व सहायक रिटर्निंग आफिसर अखिलेश तिवारी एडवोकेट हाईकोर्ट ने परिणामों की घोषणा की। इसके साथ श्रीमती रेणुका मिश्रा आईपीएस चेयरमैन के पद पर बनीं।





### यूपी में करेंगे रोइंग खेल का विस्तार : पक्षालिका सिंह

उत्तर प्रदेश में रोइंग खेल के विस्तार के लिए नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ेंगे। उत्तर प्रदेश रोइंग की बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकता है, इसका प्रमाण खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत पिछले साल गोरखपुर के रामगढ़ताल में हुई रोइंग की स्पर्धाओं के आयोजन से मिलता है। वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ में भी रोइंग की संभावनाओं पर काम होगा। गोरखपुर के साथ ही प्रयागराज में भी जल्द रोइंग ट्रेनिंग सेंटर चालू हो जाएगा जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नाव आ चुकी है। उम्मीद है कि आने वाले समय में प्रदेश में रोइंग के नए आयाम मिलेंगे।

### राज्य सरकार को आभार : सुधीर शर्मा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साधुवाद कि रामगढ़ताल में वाटर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में रोइंग ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में रोइंग प्रशिक्षण के लिए सीटों के आवंटन का प्रस्ताव शासन में लंबित है। उम्मीद है कि शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं।